सूर्योदय : 6:53
सूर्यास्त : 5:21
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-189 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 31 दिसम्बर 2024
28 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



सीएम योगी ने तीन विश्वविद्यालयों के निर्माण कार्य की समीक्षा की, गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

# समय पर हो विश्वविद्यालयों का निर्माण

- कमेटी बनाकर निर्माण कार्य की समय-समय पर की जाए समीक्षा
- उच्च शिक्षा विभाग हर 15 दिन में करें मॉनीटरिंग

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को तीन नए विश्वविद्यालयों (मां पाटेश्वरी विवि बलरामपुर, मां विंध्यवासिनी विवि मीरजापुर व गुरु जंभेश्वर विवि मुरादाबाद) के भवन निर्माण की प्रगति, कर्मचारियों की व्यवस्था व संचालन के संबंध में समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कुलपतियों से वहां कराए जा रहे निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कुलपतियों से कहा कि निर्माण कार्य समय से हो। इसमें गुणवत्ता का हर हाल में ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से कराए जाएं। पहले चरण में एकेडमिक व प्रशासनिक भवन का निर्माण कराया जाए। द्वितीय चरण में कुलपति, फैकल्टी व गेस्ट हाउस तथा तीसरे चरण में छात्रावास के निर्माण की कार्रवाई की जाए। विश्वविद्यालय प्रशासन, कार्यदायी संस्था व स्थानीय प्रशासन की कमेटी बनाकर निर्माण कार्य की समय-समय पर समीक्षा की जाए। कुलपति प्रतिदिन या दो दिन में निर्माण कार्यों का अवलोकन करते रहें। यह सुनिश्चित हो कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो और समय से हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर 15 दिन पर उच्च शिक्षा विभाग से इसकी मॉनीटरिंग की जाए। कार्य में किसी भी बाधा की स्थिति में कुलपति जिलाधिकारी-प्रमुख सचिव से संवाद स्थापित करें। निर्माण कार्य में किसी भी परिवर्तन के लिए शासन से संपर्क करें। शासन स्तर से कार्यदायी संस्थाओं को इसके लिए दिशा-निर्देश दिए जाएं। उच्च शिक्षा विभाग के मंत्रीगण भी समय-समय पर इन विश्वविद्यालयों में हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय का लोगो, सूत्रवाक्य व कुलगीत तैयार कराए जाएं। इसके लिए विश्वविद्यालय-महाविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिताएं भी आयोजित हों। कुलगीत के निर्माण में विद्वानों की भी मदद ली जाए। इसे वहां की पौराणिकता व उक्त जनपद के विरासत को ध्यान में रखकर बनाया जाए।

### विश्वविद्यालयों को उपलब्ध कराए जाएं मैनपॉवर

मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माणाधीन विश्वविद्यालयों में नियमित कर्मचारियों की जल्द से जल्द नियुक्ति की जाए, जिससे अन्य कार्य भी सुगमता से संचालित हो पाएं। इनके लिए अस्थायी व्यवस्था भी तत्काल मुहैया कराई जाए। उन्होंने कुलपतियों को आवासीय समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### कुलपतियों के बीच स्थापित हो संवाद

निर्माणाधीन विश्वविद्यालयों के कमांड एरिया में आने वाले महाविद्यालयों की संबद्धता की औपचारिकताओं से जुड़ी कार्रवाई जल्द पूर्ण कर ली जाएं। निर्माणाधीन विश्वविद्यालयों के कुलपति अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक करें और उनका भी सहयोग लें।



# इसरो ने न्यू ईयर से पहले स्पेस में रचा इतिहास

- स्पैडेक्स मिशन की सफल लॉन्चिंग



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार रात 10 बजे अपने स्पैडेक्स मिशन को लॉन्च किया। मिशन को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से लॉन्च किया गया। इसके लिए इसरो के पीएसएलवी-सी60 रॉकेट का इस्तेमाल किया गया है। इस मिशन की सफलता के बाद भारत दुनिया के चुनिंदा देशों अमेरिका, रूस और चीन के विशेष क्लब में शामिल हो जाएगा। इन देशों के पास ही अभी बाहरी अंतरिक्ष में दो अंतरिक्ष यान या उपग्रहों को डॉक (जोड़ने) और अनडॉक (अलग) की क्षमता है। यह इसरो का इस साल का आखिरी मिशन है। इसकी कामयाबी भारतीय अंतरिक्ष केंद्र और मानव अंतरिक्ष उड़ानों के लिए अहम साबित होगी। इसरो के अनुसार, स्पैडेक्स मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यान को डॉक (एक यान से दूसरे यान के जुड़ने) करने और अनडॉक (अंतरिक्ष में जुड़े दो यानों के अलग होने) करने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी का विकास और प्रदर्शन करना है। स्पैडेक्स मिशन पीएसएलवी की ओर से प्रक्षेपित दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग कर अंतरिक्ष में डॉकिंग के प्रदर्शन के लिए लागत प्रभावी प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है। अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रौद्योगिकी की तब जरूरत होती है जब साझा मिशन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है। वृत्ताकार कक्षा में प्रक्षेपित होने के बाद दोनों अंतरिक्ष यान 24 घंटे में करीब 20 किमी दूर हो जाएंगे।

# बांग्लादेश अब 95 भारतीय मछुआरों को करेगा रिहा



**कोलकाता।** बांग्लादेश की जेल से 95 भारतीय मछुआरों की रिहाई होने वाली है। लगभग ढाई महीने पहले बांग्लादेश तट रक्षक ने बांग्लादेश के क्षेत्रीय जल में प्रवेश करने पर बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप से गए छह ट्रालरों को हिरासत में ले लिया था। उन ट्रालरों में 95 मछुआरे थे। सभी को गिरफ्तार कर लिया गया था। पिछले गुरुवार को बांग्लादेश के गृह मंत्रालय के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के उप सचिव लुत्फुन नाहर ने एक अधिसूचना में घोषणा की है कि अंतरिम सरकार ने समुद्री मत्स्य पालन अधिनियम, 2020 के तहत 95 लोगों के खिलाफ दायर मामले को वापस लेने का फैसला किया है। ढाका ने हिरासत में लिए गए छह ट्रालर भी लौटाने का फैसला किया है। बांग्लादेश में काकद्वीप के मछुआरों की गिरफ्तारी की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें भारत वापस लाने की कार्रवाई करने की बात कही थी।

# पाकिस्तान को बड़ा झटका, तहरीक-ए-तालिबान के लड़ाकों ने पाक मिलिट्री बेस पर किया कब्जा

- सोशल मीडिया पर सैन्य अड्डे पर हथियार लहराते नजर आए टीटीपी के लड़ाके



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान से सटे इलाकों में पाकिस्तानी सेना और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लड़ाकों के बीच जारी संघर्ष के बीच टीटीपी को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अफगानिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार टीटीपी) के लड़ाकों ने खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर जिले में स्थित सालारजई में एक सैन्य अड्डे पर कब्ज़ा कर लिया है। गौरतलब है कि अफगानिस्तान के पूर्वी पक्तिका प्रांत में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कथित शिविरों को पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों द्वारा निशाना बनाए जाने के बाद से टीटीपी के लड़ाकों ने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है। दोनों पक्षों के बीच बीते दिनों में भीषण गोलीबारी हुई है। पाकिस्तानी मीडिया ने सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि शुक्रवार रात को आतंकवादियों ने सीमा पार करने का प्रयास किया, लेकिन पाकिस्तानी बलों ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया। घुसपैठ के असफल प्रयास के बाद आतंकवादी अफगान बलों में शामिल हो गए और शनिवार की सुबह हल्के और भारी हथियारों से पाकिस्तानी चौकियों पर हमला किया। अफ़गान सेना ने आतंकवादियों के साथ मिलकर घोजगढ़ी, माथा संगर, कोट राघा और तारी मेंगल सहित कई पाकिस्तानी सीमा चौकियों को निशाना बनाया। अब सालारजई में एक सैन्य अड्डे पर कब्ज़ा टीटीपी की बड़ी सफलता मानी जा रही है।


# संभल पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल

- दंगा पीड़ित परिवारों को दिए पांच लाख रुपये

**संभल।** समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने संभल का दौरा किया और 24 नवंबर को संभल में हुई घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये का चेक सौंपा। संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान बर्क ने कहा कि संभल ही नहीं पूरा प्रदेश और देश शर्मसार है। हिंदुओं और मुसलमानों के बीच कुछ विवाद थे लेकिन अब यह मामला खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि यहां लोग शांति से रह रहे थे लेकिन इसे अशांत कर दिया गया। हमारे पांच लोग मारे गए। हमने संभल के लोगों की आवाज उठाई। सपा सांसद ने सवाल करते हुए कहा कि यह कैसा न्याय है कि हमारे लोगों को मार दिया गया और हम पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया? हम संविधान में विश्वास करते हैं और हमें उम्मीद है कि न्याय होगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) माता प्रसाद पांडे संभल में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थे, जहां पिछले महीने नवंबर में व्यापक हिंसा देखी गई थी।

# नायडू सबसे अमीर मुख्यमंत्री

### एडीआर रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा सोमवार को एक रिपोर्ट जारी कर देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री और सबसे कम संपत्ति रखने वाले मुख्यमंत्री का डेटा जारी किया है। एडीआर के मुताबिक, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं, जबकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि, प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय 2023-2024 में लगभग 1,85,854 रुपये थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत आमदनी 13,64,310 रुपये है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। एडीआर के डेटा के मुताबिक, देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है। एडीआर की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू 332 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं।

# पंजाब बंद का व्यापक असर : हाईवे व रेलवे ट्रैक जाम, दिनभर यात्री रहे परेशान



**चंडीगढ़।** हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में सोमवार को किसानों ने अपने पंजाब बंद के आह्वान के तहत जगह-जगह प्रदर्शन किया, जिसका प्रदेश में व्यापक असर देखने को मिला। सुबह 7 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक किसान ने 140 जगहों पर हाईवे और रेलवे ट्रैक को जाम किया।

इस दौरान अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, फगवाड़ा व मोहाली में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चंडीगढ़-दिल्ली हाईवे को भी धरने लगाकर किसानों ने जाम कर दिया। पठानकोट और जम्मू कश्मीर को जाने वाले रास्ते में पड़ते बॉर्डर क्षेत्र में कथलोर पुल को भी किसानों ने बंद कर दिया, जिस कारण पंजाब का जम्मू-कश्मीर से संपर्क कट गया। किसानों व व्यापारियों में बाजार बंद करने को लेकर लुधियाना में बहस भी हुई। यहां चौड़ा बुजार खुला रहा। इसी तरह परेशानी झेल रहे यात्रियों ने भी किसानों का विरोध किया और आरोप लगाया कि इमरजेंसी सेवाओं के लिए भी लोगों को भी जाने नहीं दिया गया। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि किसी की जबरदस्ती दुकानें नहीं बंद करवानी पड़ी। व्यापार मंडल, आढ़ती एसोसिएशन, जत्थेबंदियों और यूनियनों का समर्थन मिला। 140 जगहों रेलवे व हाईवे को जाम किया









# पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा किया गया थाना फूलबेहड़ का वार्षिक निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना फूलबेहड़ का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान द्वारा सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई। आईजीआरएस पर नियुक्त आरती शर्मा को संतोषजनक उत्तर देने पर सराहना करते हुये पुरस्कृत किया गया। थाने पर लंबित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी के साथ महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए द्वारा पुलिसकर्मियों को प्रभावी रात्रि गश्त करने के सम्बन्ध में निर्देशित करते हुए बताया गया कि ठंड व कोहरा बढ़ने के साथ ही घुमंतू गिरोह के अपराधियों के सक्रिय होने का खतरा भी बढ़ गया है, इसे लेकर प्रभारी निरीक्षक व सभी पुलिसकर्मी रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाने के साथ ही संदिग्धों पर नजर रखे द्वारा बताया गया कि घुमक्कड़ अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रमुख शहर-बाजार तथा सुनसान वाले स्थानों पर नियमित गश्त सुनिश्चित की जाए जिससे विजिविलिटी बनी रहे। सर्किल अधिकारी गश्त की चेकिंग कर कार्रवाई की संस्तुति करें। कस्बा के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूरी सक्रियता बरती जाए।

## हत्या के मामले में वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सहारनपुर।** थाना नागल पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना नागल के प्रभारी निरीक्षक अतिरिक्त सतपाल सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 9 नवम्बर को वादी गंज फरीद पुत्र फरीद अख्तर उर्फ बाबू निवासी सिकन्दरपुर भैंसवाल थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार की तहरीर पर आरोपी हसीन, अफजाल, सादाब उर्फ सोनू पुत्रगण इकबाल निवासीगण सिकन्दरपुर भैंसवाल थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार के खिलाफ वादी के भाई हुसनैन व शोएब की गोली मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना नागल पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना बड्डूली तिराहे से एक हत्यारोपी अफजाल अहमद को गिरफ्तार कर लिया।

## दो साल के बच्चे की बांके से प्रहार करके उसके चाचा ने की हत्या




**लखीमपुर खीरी।** निघासन थाना क्षेत्र में दो साल के बच्चे की बांके से प्रहार करके उसके चाचा ने हत्या कर दी। हत्यारोपी चाचा घटना को अंजाम देने के बाद थाने पहुंचा। आरोपी के हाथ में खून से सना बांका देखकर थाने के पुलिसकर्मी दंग रह गए। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और घटनास्थल पर पहुंची। आरोपी अपनी भाभी के साथ संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। विरोध पर मासूम भतीजे की हत्या कर दी। घटना के वक्त आरोपी नशे में धुत था गांव इंद्रपुरी निवासी आरोपी अनिल ने सोमवार सुबह शराब पी और नशे में धुत होकर घर पहुंचा। नशे की हालत में उसने अपनी भाभी से अभद्रता की। भाभी ने उसकी हरकत का विरोध किया। इसी दौरान अनिल अपने दो वर्षीय भतीजे हिमांशु पुत्र कौशल को बिस्किट दिलाने के बहाने घर से लेकर चला गया। बताया जाता है कि घर से करीब एक किलोमीटर दूर नहरिया के समीप उसने मासूम भतीजे पर बांके से ताबड़तोड़ कई प्रहार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या करने के बाद आरोपी खून से सना बांका लेकर थाने पहुंच गया। पुलिस उसे हिरासत में लेकर घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मासूम बेटे की हत्या की खबर मिलने के बाद उसके मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कौशल के सात साल की एक बेटी शिवानी और बेटा दिव्यांशु के अलावा छोटा बेटा हिमांशु था।

# नववर्ष 2025: बुधवार से शुरू, बुधवार पर खत्म



**लखीमपुर-खीरी।** नववर्ष 2025 का शुभारम्भ %बुधवार% से प्रारंभ होकर बुधवार के दिन ही खत्म हो रहा है। दिन और दिनांको के संयोग से बना ऐसा कैलेंडर 21वीं सदी तीसरी बार आया है। इससे पूर्व यही कैलेंडर इसी सदी में पहले भी दो बार 2003 एवं 2014 में आ चुका है। इस सदी में 2025 के कलेण्डर की पुनरावृत्ति का ऐसा संयोग कुल 11 बार आयेगा। सदी में इस कलेण्डर की पुनरावृत्ति का संयोग आगामी वर्षों 2031, 2042, 2053, 2059, 2070, 2081, 2087 तथा 2098 में भी आयेगा। विगत सदी में भी इस वर्ष के कलेण्डर की पुनरावृत्ति का ऐसा संयोग कुल 11 बार 1902, 1913, 1919, 1930, 1941, 1947, 1958, 1969, 1975,1986 एवं 1997 में भी आया था। कलेण्डरो की पुनरावृत्ति होना एक सामान्य गणितीय प्रकिया के अनुसार ही होती है। किसी कैलेंडर के दोहराने की प्रक्रिया एक सामान्य वर्ष के लिए एक ही शताब्दी में 11 या 6 वर्षों के बाद आती है। सामान्य वर्ष के कैलेंडर कुल सात प्रकार के होते हैं। लीप वर्ष के कैलेंडर भी कुल सात प्रकार के ही होते हैं। एक सामान्य वर्ष में 365 दिन होते हैं, जिसमें 52 सप्ताह एवं एक दिन अतिरिक्त होता है। इसलिए 1 जनवरी का दिन वही होता है, जो 31 दिसंबर का दिन होता है। कलेण्डर से जुड़े ऐसे ही रोचक तथ्यों को लखनऊ पब्लिक स्कूल के गणित शिक्षक अतुल सक्सेना ने अपने सैकड़ों वर्षों के लिए स्वनिर्मित अंक-कोड तालिका के आधार पर प्रस्तुत किया हैं। किसी भी वर्ष के लिए अंक-कोड कलेण्डर मुँह-जुबानी भी बनाया जा सकता है। वर्ष 2025 के कलेण्डर के लिए जनवरी से फरवरी तक के महीनो के लिए माह-अंक कोड क्रमशः 2,5,5,1,3,6,1,4,0,2,5,0 है। किसी दिनांक में उसका माह अंक-कोड जोड़ने पर आये योग को सात से भाग करने पर प्राप्त शेषफल से ही दिन के अंक का बोध होता है। रविवार से शनिवार तक के लिए दिन अंक-कोड क्रमशः शून्य से लेकर छह तक निर्धारित है। सात से कम योग की स्थिति में योगफल ही दिन अंक-कोड के ही बराबर होता है। 26 जनवरी 2025 का दिन जानने के लिए 26 में जनवरी माह का अंक-कोड 2 जोड़ने पर प्राप्त योगफल 28 को 7 से भाग करने पर प्राप्त शेषफल शुन्य ही दिन रविवार का होना बताता है। जबकि 2 अप्रैल 2025 के लिए 2 में माह अंक-कोड 1 जोड़ने पर योगफल 3 आता है, जो 7 से कम है। ऐसी स्थिति में योगफल 3 ही दिन-अंक बुधवार का होना बताता है।

# नेपाल से अजमेर शरीफ सवारी लेकर जा रही तेज रफ्तार बस ने ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से मारी टक्कर

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** नेशनल हाइवे 730 पर सुबह नेपाल से अजमेर शरीफ सवारी लेकर जा रही तेज रफ्तार बस ने ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर में मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर पलट गया और ट्राली ट्रैक्टर के ऊपर आ गई, जिसमें ट्रैक्टर चालक किसान बुरी तरह फंस गया। हादसे की सूचना पर पहुंची हैदराबाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से किसी तरह ट्रैक्टर में फंसे चालक को बाहर निकलवाया और गोला सीएचसी भेजा, जहां से जिला अस्पताल और उसके बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर के किए रेफर कर दिया गया। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। नेशनल हाइवे 730 थाना हैदराबाद के अंतर्गत रविवार की सुबह छत्तीपुर मुरादपुर के बीच सौखिया मोड़ पर उढरापुर नेपाल से अजमेर शरीफ जा रही तेज रफ्तार बस संख्या ने गन्ना बेंचकर वापस जा रहे ट्रैक्टर ट्राली के पीछे टक्कर मार दी। जिसमे ट्रैक्टर चालक गोकरन प्रसाद पुत्र खुशीराम निवासी ग्राम कुकुहापुर थाना मैलानी बुरी तरह घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर पलट गया और ट्राली ट्रैक्टर के ऊपर आ गई जिसमें गोकरन प्रसाद बुरी तरह फंस गए। घटना की सूचना पर पहुंची हैदराबाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर में फंसे चालक गोकरन प्रसाद को किसी तरह बाहर निकलवाया। जिसके बाद उसे गोला सीएचसी भिजवाया, जहां से उसे जिला अस्पताल और उसके बाद उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद बस चालक ने बस को भगाने की बहुत कोशिश की लेकिन बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने की वजह से बस चालक बस को घटनास्थल से करीब डेढ़ किमी दूर भदौरिया ढाबा पर खड़ी कर फरार हो गया।

## लंबित वादों की प्रभावी पैरवी कर मामलों का किया जाए निस्तारण: अर्चना द्विवेदी

# खाद्य पदार्थों में मिलावट की 1076 पर करें शिकायत दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी ने सभी खाद्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिलावटखोरों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। खाद्य पदार्थों के तहत विविध पदार्थों के सैम्पल संग्रह किए जाएं।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तत्संबंधी नियमवाली 2011 के प्रावधानों के अंतर्गत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की रसोई चेक कर साफसफाई सुनिश्चित कराएं। आमजनमानस के साथ ही छोटे दुकानदारों को भी मिलावटी खाद्य पदार्थों से स्वास्थ्य पर पडने वाले प्रतिकूल प्रभाव से जागरूक किया जाए।

डॉ.अर्चना द्विवेदी ने कहा कि मिलावटी खाद्य सामग्री एवं पेय पदार्थो पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा न्यायालय में लंबित वादों की प्रभावी पैरवी कर मामलों का निस्तारण किया जाए। सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को लाईसेंस एवं पंजीकरण से आच्छादित किया जाए। खाद्य कारोबारकर्ता को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के बारे में कैम्पों एवं नियमित निरीक्षणों के माध्यम से जागरूक किया जाए। सभी पंजीकृत दुकानों पर 1076 हैल्पलाईन नम्बर चस्पा किया जाए जिससे खाद्य पदार्थों में शिकायत होने पर कोई भी आमजन शिकायत दर्ज करा सके। एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित प्रोग्राम के माध्यम से री-यूज्ड कुकिंग ऑयल की मौके पर जांच की जाए। री-यूज्ड कुकिंग ऑयल कार्यक्रम के अंतर्गत खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा तीन बार प्रयोग किये गये तेल के बचे अंश को बायोडीजल कम्पनी को देने के प्रावधान का क्रियान्वयन किया जाए। अगर कोई री-यूज्ड कुकिंग ऑयल तीन बार से अधिक बार इस्तेमाल करता पाया जाए तो उसके विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने सहायक आयुक्त खाद्य को निर्देशित किया कि अजीनोमोटो से होने वाले नुकसान के बारे में आमजन को जागरूक करें। इस अवसर पर सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय पवन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कोहरे और गलन के साथ सर्द हवा से ठिठुरते दिखे लोग



लखीमपुर खीरी ।सोमवार को मौसम एकाएक बदल गया। कोहरे और गलन के साथ सर्द हवा से लोग ठिठुरते दिखे। सुबह घना कोहरा छाया रहा। इसके कारण हाईवे पर लोगों ने वाहन लाइट जलाकर चलाए। शहर में जगह-जगह लोग अलाव तापते नजर आए। 11 बजे तक सूर्य के दर्शन नहीं हो सके। जिले में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस बताया गया है।

## एप्पल का डुप्लीकेट माल बेच रहे दो लोग दबोचे गए, डेढ़ करोड़ का माल बरामद

**आगरा।** आगरा पुलिस ने एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए एप्पल कंपनी की नकली एसेसरीज का जखीरा बरामद किया है। इन नकली सामानों की कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके खिलाफ कॉपीराइट कानून के तहत केस दर्ज किया गया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। शुरुआती जांच में यह पता चला है कि इस रैकेट से जुड़े तीन अन्य आरोपी फरार हो गए हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान कई नकली एसेसरीज बरामद कीं, जिनमें निम्न शामिल हैं चार्जर, इयरबड्स, मोबाइल कवर, टेंपर ग्लास, कैमरा लेंस कवर, बैग।

आगरा के डीसीपी सिटी सूरज राय के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर और आसपास के इलाकों में एप्पल कंपनी के नकली सामानों की सप्लाई की जा रही है। सूचना के आधार पर सदर पुलिस ने छापेमारी की और यह बड़ा रैकेट पकड़ में आया। जांच में खुलासा हुआ है कि यह नकली सामान शहर के एक गोदाम से सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस ने गोदाम से भारी मात्रा में नकली सामान जब्त किया।

## मुठभेड़ में 15 हजार रूपये का ईनामी बदमाश मुठभेड़ में घायल

# जनसेवा केन्द्र में हुयी लूट की घटना में था शामिल बदमाश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना नकुड कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ में 15 हजार रूपये के ईनामी व जनसेवा केन्द्र में लूट की घटना में शामिल एक बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये बदमाश के कब्जे से नाजायज असलाह, बिना नम्बर की बाईक व नगदी बरामद कर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि नकुड़ कोतवाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक अविनाश गौतम, उपनिरीक्षक आजाद सिंह, शिवम चौधरी व प्रमोद कुमार के नेतृत्व मे विश्वकर्मा चौक पर चैकिंग कर रही थी कि तभी अम्बेहटा की तरफ से बिना नम्बर की बाईक पर आ रहे एक व्यक्ति को रूकने का ईशारा किया गया तो पुलिस टीम को देखकर बाईक को वापस मोड़कर अंबहेटा की तरफ




भागने लगा। पुलिस टीम ने बदमाश का पीछा किया, तो वह ग्राम आसराखेड़ी में एक बंद पड़े भट्टे की तरफ जाने लगा तथा पुलिस की घेराबंदी होते देख उसने जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में वह बदमाश घायल हो गया। जिसकी पहचान अभिषेक पुत्र विनोद निवासी सुआवाला थाना अफजलगढ़ जनपद बिजनौर के रूप में हुई। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि दबोचा गया बदमाश 15,000 रुपये का ईनामी व थाना नकुड़ पर दर्ज लूट के मुकदमें में वांछित चल रहा था।

पुलिस ने दबोचे गये बदमाश के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा व 02 जिंदा कारतूस, 01 बाईक बिना नंबर प्लेट, 1560 रुपये की नकदी बरामद कर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया।

श्री जैन ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये बदमाश अभिषेक ने खुलासा किया कि उसने 21 दिसम्बर को अपने साथियो के साथ मिलकर कस्बा अम्बेहटापीर स्थित साइबर कैफे की दुकान से करीब सवा लाख रूपये व 03 मोबाईल फोन लूटे थे और घटना करने के बाद सभी लोग फरार हो गये थे। उसने बताया कि आज वह अपने हिस्से के पैसे लेने साथी के पास जा रहा था कि तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने किया चोरी की घटना का खुलासा, दो आरोपी दबोचे



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने चोर व चोरी सामान खरीदने वाले दो आरोपियों को दबोचकर चोरी की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली तथा दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से एक सिचाई का पंखा व 25 किलो कटीला तार बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज।

थाना सरसावा प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् दिवस वादी इकराम पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम सरगथलवाला थाना सरसावा की तहरीर पर आरोपी रजनीश पुत्र अनिल मौ.नाजिर पुरा हिम्मतनगर पेपर मिल रोड थाना कोतवाली देहात के खिलु वादी के खेत से सिंचाई वाली पंखा व 35 किलो कटीले तार चोरी करने व आरोपी सुलेमान पुत्र इलियास निवासी मानकमऊ थाना कुतुबशेर को बेचने के सम्बन्ध में थाना सरसावा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक चन्द्रपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मौ.नाजिरपुरा से रजनीश व मानकमऊ स्थित कबाड़ी की दुकान से सुलेमान को गिरफ्तार कर लिया।

# समस्याओं की अनदेखी करने पर कपड़ा व्यापारी भूख हड़ताल पर बैठे



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** रायवाला क्लाथ मार्केट एसोसिएशन के चेयरमैन संजय अरोड़ा व अध्यक्ष अजय कालड़ा ने रायवाला कपड़ा मार्केट में नगर निगम द्वारा व्यापारियों की समस्याओं की अनदेखी किए जाने के विरोध में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी।

गौरतलब है कि रायवाला क्लाथ मार्केट एसोसिएशन के चेयरमैन संजय अरोड़ा व अध्यक्ष अजय कालड़ा के नेतृत्व में रायवाला कपड़ा मार्केट के व्यापारियों ने नगरायुक्त को ज्ञापन सौंपकर एक सप्ताह के अंदर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की थी तथा समाधान न होने की स्थिति में भूख हड़ताल करने की चेतावनी भी दी थी। हालांकि विगत् दिवस नगर निगम द्वारा रायवाला मार्केट में बनाये गये सुलभ शौचालय तक पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। इसके बावजूद रायवाला कपड़ा मार्केट से जुड़े व्यापारियों ने अन्य समस्याओं का समाधान न होने पर आक्रोश जताया तथा पूर्व घोषणा के मुताबिक रायवाला क्लाथ मार्केट एसोसिएशन के चेयरमैन संजय अरोड़ा व अध्यक्ष अजय कालड़ा ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान मार्केट के संरक्षक रमेश अनेजा, बब्बल कपूर, भगीरथ सिंह सेठी व कमल छाबड़ा ने कहा कि जब कपड़ा मार्केट के व्यापारियों की समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान महामन्त्री धमेन्द्र खन्ना, कोषाध्यक्ष दीपक सचदेवा, खैराती लाल अरोडा, संजय गाँधी, अनिल मित्तल, गुलशन धींगडा, राकेश सूरी, अश्वनी अरोडा, मनोज तनेजा, संजीव सेठी, पंकज, धर्मचन्द कालडा, गौरव फुटेला, विशाल अरोडा, शैकी वधवा, प्रवीण बंसल, राजकुमार सेतिया, राकेश सूरी, भानू सूरी, सोनू सपडा, मनोज गोयल, अशोक कालडा, संजय कालडा, राधेश्याम भटेजा, स.अमृत पाल सिंह, स.परमिन्द्रपाल सिंह, अशोक अनेजा, वेद प्रकाश गुप्ता, रिन्कू आदि मौजूद रहे।

## खाई 7 जन्मों की कसमें पर महज 8 महीनों में ही हुआ रिश्तों का कत्ल

**आगरा।** खाई थी 7 जन्मों की कसमें पर महज 8 महीनों में ही हुआ रिश्तों का कत्ल। दरअसल ताजा मामले में आगरा स्थित बाह में शादी के 8 महीने बाद ही पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने फंदे पर लटक कर खुद की भी जान दे दी। सोमवार सुबह घर मे दो लाशें देख परिजनों में चीखपुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बाह के बिजौली गांव के धीरज (24) की शादी आठ महीने पहले ही फतेहाबाद के चमन पुरा गांव की किरन (20) के साथ हुई थी। धीरज मजदूरी का काम करता था। धीरज और उसकी पत्नी किरन छत पर बने कमरे में रहते थे, जबकि बड़े बेटे राजेश की पत्नी अपनी सास गुड्डी देवी के साथ नीचे कमरे में रहती हैं।

गुड्डी देवी ने पुलिस को बताया कि पति पत्नी में अक्सर झगड़ा होता रहता था। किरन मरने की धमकी देती रहती थी। मायके वालों को भी यह बात पता थी। दोनों रविवार रात को खाने के बाद सोने चले गए थे। सोमवार सुबह तड़के वह जब शौच को गई, तब भी उसने दोनों को बात करते सुना था। सुबह 9 बजे के करीब जब मिस्त्री काम के लिए बुलाने आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। पड़ोस के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा तो अंदर का मंजर देख चीख निकल गई। धीरज का शव फंदे पर लटका मिला, जबकि पत्नी किरन का शव बिस्तर पर पड़ा था, उसके सिर पर चोट के निशान थे। दंपती के शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिए हैं। एसओ बाह सुरेश चंद ने बताया कि मामले की जांच को पूछताछ की जा रही है। मायके वाले भी बुलाए हैं।

# ताजमहल के अंदर जमकर चले लात घुसे, पर्यटकों के बीच हुई जमकर मारपीट

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** ताजमहल में पर्यटकों के बीच जमकर बवाल हुआ। पर्यटकों में दोनों तरफ से लात घूंसों की बौछार हो गई। इस बीच कई लोगों ने बीच बचाव का प्रयास भी किया। मगर फिर भी पर्यटक आपस में लड़ते रहे। लड़ाई फोटो खिंचाने को लेकर हुई थी। एक कपल सेंट्रल टैंक के पास अपनी फोटो खींच रहे थे। इस दौरान वहां कुछ युवक पहुंचे और फोटो लेने लगे। इस बीच ताजमहल में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

जानकारी अनुसार ताजमहल में रविवार को सुबह से ही पर्यटकों की काफी भीड़ रही। 60 हजार से अधिक पर्यटकों की संख्या ताजमहल पहुंची। इस बीच पर्यटकों में धक्का मुक्की और खींचतान होती रही। सीआईएसएफ और ताज सुरक्षा पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने में जुटी रही। दोनों एंट्री गेटों में प्रवेश के दौरान भी कई लोगों में टकराव होते होते बचा। मगर ताजमहल के भीतर तो जमकर गुत्थम गुत्था हो गई।

ताजमहल पर भीड़ अधिक होने के कारण फोटो खींचने मुश्किल हो रहा था। ताजमहल के सामने अपना फोटो खींचने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच एक कपल वहां अपने फोटो खींच रहा था। तभी वहां कुछ युवक आ गए और अपना फोटो खींचने की बात कहने लगे। इसी बात पर कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते दोनों ओर से लात घूंसे चलने लगे। मारपीट होते देख लोग बीच बचाव करने आ गए। दोनों पक्षों को अलग अलग कर दिया। बता दें कि सर्दियों में छुट्टी के कारण ताजमहल में पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। रविवार को ताजमहल में 42 हजार से ज्याद टिकट बिके। 15 साल से कम उम्र के किशोर और बच्चों की भी संख्या 15 हजार से अधिक थी। इस लिहाज 60 पर्यटक रविवार को ताजमहल पहुंचे थे।



## आबकारी विभाग ने शराब की दुकानों का निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 सचिन त्रिपाठी मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम- मेहरुपुर राबी मे दबिश दी गई। लगभग 100 किलोग्राम लहन नष्ट की गई। 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किया गया। आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा POS मशीन से बिक्री का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की साइकिल यात्रा निकली



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कायमगंज द्वारा आयोजित साहसिक साईकिल यात्रा शिवाला भवन से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य चौराहों का भ्रमण किया, शिवाला में अंत हुआ। यात्रा का शुभारम्भ सह जिलासंघचालक पवन गुप्ता ने किया, यात्रा समापन के बाद उद्बोधन में नगर /खण्ड प्रचारक चंद्रेश ने बताया कि इस प्रकार कि यात्राएं समाज में ऊर्जा का संचार करती हैं, संघ अपने 100वें वर्ष में प्रवेश कर चूका है सामाजिक समरसता और सनातन की जय हम सबका उद्देश्य है, युवाओं को अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन और सामाजिक दायित्वों का निर्बहन बताना और भारत माता की जय यही का संघ का उद्देश्य है यात्रा में प्रमुख रूप से सुभाष दीक्षित, मनोज भारद्वाज, सचिन गुप्ता, गोपाल गोड़, मनोज कौशल, शिवम रस्तोगी, हिमांशु शर्मा, अबधेश पोरवाल, आकाश चक, अनुभव गुप्ता सहित एक सैकड़ा से अधिक स्वयंसेवक रहे

## प्रबंधक संघ के विनीत अग्निहोत्री जिलाध्यक्ष एवं अनुराग मिश्रा जिला सचिव बने



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** रामानंद इंटर कॉलेज स्थित प्रबंधक संघ उत्तर प्रदेश की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें प्रबंधक संघ उत्तर प्रदेश का फर्रुखाबाद जिलाध्यक्ष विनीत अग्निहोत्री को और जिला सचिव पद पर शास्त्री इंटर कॉलेज चांदुइया के प्रबंधक अनुराग कुमार मिश्रा को चुना गया।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में परीक्षाफल घोषित




**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में परीक्षा फल वितरण के साथ घोषित हुआ शीतकालीन अवकाश - शासन के निर्देश पर अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल फल घोषित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त चांदनी, रीतिका, अनामिका, रितिक को ज्योमेट्री बॉक्स देकर तथा सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने कहा कि जो बच्चे स्थान पाने से बंचित रह गए उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं,वह और अधिक मेहनत करके अधिक अंक लेकर सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब कक्षा में फेल होने पर अगली कक्षा में प्रवेश नहीं मिलेगा और उन्हें फिर कक्षा 5 में ही पढ़ना होगा। इसलिए अधिक मेहनत करने की जरूरत है। नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र वितरित किए गए। परीक्षा फल घोषित करने के साथ ही आगामी 14 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश के चलते स्कूल बंद रहेगा।

## एएमयू के जंतु विज्ञान विभाग में नेशनल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा 'जैविक विज्ञान में प्रगतिः अणुओं से जीवों तक' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन डॉ. संजीव गलांडे, डीन, स्कूल ऑफ नेचुरल साइंसेज, शिव नादर विश्वविद्यालय, एनसीआर दिल्ली मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। अपने संबोधन में, डॉ. गलांडे ने कहा कि हालिया कोविड-19 महामारी के दौरान जो बात शिद्दत के साथ उभर कर सामने आयी वह यह है कि संक्रामक रोगों के खिलाफ लड़ाई में, जीनोमिक्स एक गेम-चेंजर बन गया है, जो रोगजनकों के बारे में हमारी समझ को नया आकार दे रहा है। उन्होंने कहा कि निगरानी और निदान से लेकर उपचार और रोकथाम तक संक्रामक रोगों से लड़ने में जीनोमिक्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। मानद् अतिथि, एक्वाब्रिज ग्रुप के सीईओ और जूलॉजी विभाग के पूर्व छात्र, मोहम्मद ताबिश ने अपनी कंपनी और मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर में हाल की प्रगति के बारे में बात की।

## किसानों ने तीन सूत्री ज्ञापन अधिशासी अधिकारी को सौपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 30/12/2024 को भारतीय कृषक एसोसिएशन ने जनहित में कस्बा कायमगंज की जनसमस्याओं को लेकर तीन सूत्रीय ज्ञापन नगरपालिका कायमगंज में अधिशासी अधिकारी को सौंपा। भारतीय कृषक एसोसिएशन का मांगपत्र निम्न प्रकार से हैं कस्बा कायमगंज में सर्दी के मौसम में तिराहे चौराहे पर कहीं भी लकड़ी नहीं डलवाई गई पूर्व में भी नगरपालिका कायमगंज को मांग पत्र प्रस्तुत करने के बाद भी कस्बा कायमगंज के प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की।यदि तीन दिन के अंदर लकड़ी नहीं डलवाई गई तो हर तिराहे चौराहे पर अधिशासी अधिकारी के पुतले जलाए जाएंगे उसी पुतले से लोग तापेंगे। कायमगंज के मैन चौराहे पर गमछा विक्रेता द्वारा नाली को पाट दिया गया है जिससे नाली में साफ सफाई नहीं हो पाती तत्काल साफ सफाई के लिए नाली के ऊपर पटाव को हटवाया जाए। कायमगंज में नगरपालिका तहसील व अस्पताल के दोनों ओर फुटपाथ पर लगी अवैध दुकानें हटवाकर फुटपाथ साफ कराया जाए। उपरोक्त वर्णित मांगों पर यदि तत्काल कार्यवाही नहीं होती है तो दिनांक 20 जनवरी को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका का घेराव कर धरना प्रदर्शन होगा। इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमरीश शुक्ला, प्रदेश संगठन सचिव प्रताप सिंह गंगवार, प्रदेश महासचिव मुन्नालाल सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार सक्सेना कानपुर मंडल अध्यक्ष रामवीर, बिंदु सिंह गंगवार आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर बनाया स्कूल का ट्रस्ट

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** जनपद के खैर कोतवाली क्षेत्र के गौमत चौराहा स्थित श्री बांके बिहारी एजुकेशन ट्रस्ट खैर के जाली दस्तावेज बनाकर स्कूल के अभिभावकों से अवैध धन की वसूली करने के आरोप में नौ नामजद व दस अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में खयाम्त जाली दस्तावेज समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बता दें कि मोहल्ला शिकरवार निवासी राजेश कुमार गोयल पुत्र शांति स्वरूप गोयल के मुताबिक श्रीबांके बिहारी एजुकेशन ट्रस्ट के द्वारा संचालित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के तहत बच्चों को शिक्षा दी जाती है। पूर्व में 28 अक्टूबर 2015 के उक्त

**नौ नामजद व दस अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज**

ट्रस्ट को बनाया गया था जिसमें करीब छ्ः लोग बायलोज के हिसाब से सदस्य होते हैं। 18 जून 2024 को ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल पुत्र जगदीश अग्रवाल निवासी मोहल्ला गौतमान कस्बा खैर ने उक्त ट्रस्ट से कोषाध्यक्ष पद व फाउंडर ट्रस्टी व सदस्य पद से अपना इस्तीफा ट्रस्ट के अध्यक्ष को दे दिया था। जिसको 20 जून को बोर्ड की मीटिंग में रेजुलेशन पास हुआ कि रिक्त कोषाध्यक्ष पद पर विशन चंद गोयल को ट्रस्ट का नया कोषाध्यक्ष बना दिया गया। इस प्रकार वर्तमान में उक्त ट्रस्ट के पांच ट्रस्टी हैं। आरोप है कि पूर्व ट्रस्टी अजय अग्रवाल की नीयत में वदी आ गई। फर्जी कागजों के सहारे ट्रस्ट की संपत्ति को हडपने की नीयत से एक फर्जी घोषणा पत्र 28 अगस्त को उक्ट ट्रस्ट बावत सब रजिट्रार कार्यालय खैर में सांठ गांठ कर पंजीक्रत करा दिया है। जिसमें अजय अग्रवाल ने उक्त ट्रस्ट की एक फर्जी बैठक दिखाई है। जिसकी अध्यक्षता अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा किया जाना बताया है। अशोक कुमार अग्रवाल ट्रस्ट के न तो कभी पदाधिकारी व न कभी सदस्य रहे हैं। पीड़ित राजेश को हानि पहुंचाने की नीयत से आरोपित अजय अग्रवाल ने फर्जी रूप से ट्रस्ट की फाउंडर ट्रस्टी अंजू गोयल का फर्जी इस्तीफा दिखाकर पीडित राजेश कुमार गोयल को अध्यक्ष पद से हटाकर कोषाध्यक्ष पद पर दिखा दिया है। फर्जी दस्तावेज में अशोक कुमार अग्रवाल पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा खैर, उमेश चंद अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मुकुल गोयल, मनोज गोयल, निशी गोयल, ऋषभ अग्रवाल, ललित कुमार सहित दस अन्य व्यक्ति फर्जी रूप से ट्रस्टी में जोडे गए हैं। सभी उक्त व्यक्तियों का साज षड्यंत्र है। आरोपित अजय अग्रवाल ने पीड़ित के स्कूल के कुछ अभिभावकों एवं अन्य व्यक्तियों से अपने आप को ट्रस्ट का पदाधिकारी बताकर फर्जी रूप से अवैध धन की वसूली कर रहा है। उक्त फर्जी दस्तावेज कूट रचित हैं। इस फर्जी दस्तावेज को तैयार करने के पीछे एक

## एक वर्ष में 1486 अपराधियों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही : विनीत जयसवाल

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु विगत एक वर्ष (01 जनवरी 2024 से अबतक) में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया की गैगस्टर एक्ट के तहत कुल 101 अभियुक्तों के विरुद्ध 28 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं तथा गैंगस्टर एक्ट के 04 प्रकरणों में अपराध से अर्जित की गयी 83,02,729/- रू0 की सम्पत्ति जब्त की गयी है। अपराधियों पर शिकंजा कसने व अपराध रोकथाम हेतु 82 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। अपराध में संलिप्त चिन्हित 191 अभियुक्तों पर गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए अब तक 14 सक्रिय गिरोह के ऊपर गैंग पंजीकरण की कार्यवाही की गयी है। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गोण्डा पुलिस व अभियोजन विभाग द्वारा अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकता से प्रभावी पैरवी करते हुए हत्या, लूट, नकबजनी आदि के 194 अभियोगों में 365 अभियुक्तों को सजा करायी गयी है इनमें से 47 अपराधियों को आजीवन कारावास, 71 अभियुक्तों को 10 वर्ष से अधिक का कारावास और 247 अपराधियों को 10 वर्ष से कम की सजा हुई है तथा महिला सम्बन्धी अपराधों के 78 अभियोगों में 105 अभियुक्तों को सजा करायी गयी है । इनमें से 01 अपराधी को मृत्युदण्ड (उल्लेखनीय है कि थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत जून माह में घटित घटना के उपरान्त 24 घण्टे के भीतर घटना का सफल अनावरण करते हुए मात्र 10 दिवस में विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण कर आरोप पत्र माननीय न्यायालय में दाखिल किया गया था। प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मात्र 06 माह के भीतर हत्यारोपी का मा0न्यायालय द्वारा मृत्युदण्ड की सजा दी गई।), 09 अपराधियों को आजीवन कारावास, 49 अभियुक्तों को 10 वर्ष से अधिक का कारावास और 46 अपराधियों को 10 वर्ष से कम की सजा हुई है। अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 493 अभियोगों में 553 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 9,406 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 26 हजार लीटर लहन नष्ट किया गया है। अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 66 अभियोगों में 78 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 199 किलो 240 ग्राम अवैध गांजा, 6,617 नशीली गोलियां व 182 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। 13 पुलिस मुठभेड़ में 29 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से 11 शातिर बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुए। साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए विभिन्न प्रकरणों में 09 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है तथा साइबर फ्रॉड के पीड़ितों की 46,52435/- रूपया (छियालिस लाख बावन हजार चार सौ पैंतीस रूपये) की धनराशि उनके खातों में वापस करायी गयी है तथा 1,07,10691/- (एक करोड़ सात लाख दस हजार छह सौ इक्यानबे रूपया) की धनराशि फ्रीज करायी गयी है।

# कुसम्ही गोरखपुर को हराकर हाटा ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे में चल रहे मथौली क्रिकेट कप प्रतियोगिता के तीसरे दिन सोमवार को कुसम्ही गोरखपुर व हाटा के बीच खेला गया। इसमें हाटा ने कुसम्ही को हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरा मैच मोतीहारी व तुर्कपट्टी के बीच खेला गया जिसमें तुर्कपट्टी ने मैच जीत लिया।

टॉस जीतकर कुसम्ही गोरखपुर की टीम ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाल करते उतरी हाटा की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 144 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी कार्रवाई में उतरी कुसम्ही की टीम ने 9 विकेट खोकर मात्र 115 रन ही बना पाए। हाटा के तरफ से भरत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इन्होंने 4 विकेट व 44 रन का योगदान देकर टीम को इतने बड़े स्कोर पर खड़ा किया। इसके पूर्व मैच का उद्घाटन ग्राम



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि अकमल

**हार व जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है : अकमल**

प्रधान लक्ष्मीपुर अकमल हुसैन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। हार व जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है। जीत से खिलाड़ियों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए। मैच का निर्णायक सुनील व बिट्टू मद्धेशिया ने किया जबकि कमेंटेटर प्रिंस जायसवाल व प्रिंस मद्धेशिया ने किया। मैच का स्कोरिंग मिंटू सिंह व आकाश ने किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मथौली अदालत प्रसाद, पूर्व प्रधान बृजेश उपाध्याय, इस्तेयाक खान, रविंद्र सैनी, जाफर भाई, अमन जायसवाल, तौकीर अहमद, इमामुद्दीन, रहमत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बकरी चोर गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को सर्विलांस टीम ने पकड़ा

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र में बकरी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले बकरी चोर गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को कोतवाली व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई में पकड़ा। आरोपियों के पास से एक कार, दो तमंचा व चार चाकू समेत 16 बकरियां बरामद की गई। पिछले कुछ दिनों में कोतवाली क्षेत्र में बकरी चोर लगातार बकरी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।

बकरी चोरों ने आठ दिसंबर को सुरेश कुमार के बाड़ा में बंधी 22 बकरियां चोरी कर ली थीं। इतना ही नहीं शोर मचा रहे बकरी के सात बच्चों को गला रेतकर मार डाला था। इसके बाद 19 दिसंबर को ग्राम खनुआं में मुन्नालाल व भैयादीन के यहां से आठ बकरियां चोरी कर ले गए थे। जिनकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज की गई थी। बकरी चोरी की घटनाओं पर एसपी के



निर्देश पर कोतवाली पुलिस व सर्विलांस टीम संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रही थी। टीम बनाकर बकरी चोरों की तलाश की जा रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सर्विस रोड से होकर बकरी चोर बकरियों को बेचने के लिए ले जा रहे थे। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र पटेल के साथ एसओजी प्रभारी सतीश कुमार कुशवहा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पमां के पास एक्सप्रेस वे पुल के नीचे घेराबंदी कर ली। वहां से एक ईको कार गुजरने पर जब पुलिस टीम ने उसे रोकना चाहा तो चालक कार लेकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर कार सवारों को दबोच लिया। पुलिस ने कार चालक दीपक कुमार उर्फ दीपू पुत्र सिद्धगोपाल निवासी राजेंद्रनगर कस्बा व थाना कबरई जिला महोबा, बकरी चोर गिरोह के मुखिया अंताश खां पुत्र फजल खां समेत मलश खां पुत्र फजल खां, आकम खां उर्फ छोटू पुत्र फजल खां, लाला उर्फ जावेद पुत्र सुलेमान, तौहीद खां पुत्र सुलेमान खां निवासीगण सुभाषनगर काशीराम कॉलोनी कोतवाली व जिला महोबा को पकड़कर जब उनकी तलाशी ली तो पुलिस ने उनके पास से दो तमंचा, दो कारतूस व चार चाकू समेत 16 बकरियों को बरामद किया।

## नववर्ष के मद्देनजर सुपर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिला मजिस्ट्रेट/मुख्य विकास अधिकारी ने नव वर्ष के मद्देनजर कुशीनगर स्थित प्रसिद्ध महापरिनिर्वाण बौद्ध स्थल क्षेत्र में जनपद कुशीनगर गोरखपुर, देवरिया, व पड़ोसी प्रान्त बिहार प्रांत से काफी भीड़ आती है, तथा जनपद के अन्य तहसीलों/थाना क्षेत्रों में नववर्ष पर अत्यधिक भीड़ को देखते हुए उक्त स्थल पर सकुशल शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/ जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में वैभव मिश्रा अपर जिला मजिस्ट्रेट मो.न. 9454417616, एवं प्रेम कुमार राय अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक मो.न. 7007902187 को नियुक्त किया गया है। उपरोक्त के अतिरिक्त सम्पूर्ण जनपद 09 सेक्टर में विभाजित करते हुए 09 सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट नामित किए गए है। इसके अलावे 02 रिजर्व जोनल मजिस्ट्रेट व 02 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किए गए हैं।

उन्होंने निर्देशित किया है कि समस्त मजिस्ट्रेट गण अपने अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेंगे कि जिस स्थान पर भी भीड़भाड़ है वहां कोई विवाद तो नहीं है यदि महापरिनिर्वाण बौद्ध स्थल पर विवाद है तो उसके संबंध में पुलिस अधीक्षक को तत्काल अवगत कराएंगे, तथा संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तु स्थिति से भी अवगत कराएंगे ।इसके अलावा यह भी सुनिश्चित कर लिए जाने के निर्देश दिए गए हैं की नव वर्ष 2024 के अवसर पर कोई नई परंपरा मान्य नहीं होगी दिनांक 01 01-2024 को समस्त मजिस्ट्रेट को अपने -अपने चौकी क्षेत्र थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे तथा समय-समय पर आवश्यकता अनुसार संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी को सूचना देते रहेंगे। समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी को भी निर्देशित किया गया है कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत भ्रमण कर सम्बन्धित को अवगत कराकर ड्यूटी तैनाती स्थल छोड़ेंगे, यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे उक्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# देश से गरीबी मिटाने का काम कर रही भाजपा : पूर्व मंत्री

**अवधनामा संवाददाता**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** मोदी योगी की सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र लेकर देश प्रदेश का विकास और गरीबों के कल्याण के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है लेकिन हर व्यक्ति का कष्ट दूर करने के लिए समाज के सामर्थ्य लोगो को आगे आना होगा यह बाते पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी ने विधानसभा क्षेत्र इटवा के ग्राम विशुनपुर हरि में भाजपा नेता श्री प्रेमशंकर पांडेय द्वारा आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। डा द्विवेदी ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों को आवास शौचालय इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, उज्जवला योजना के अन्तर्गत निःशुल्क गैस कनेक्शन, निःशुल्क राशन वितरण, और हर घर को बिजली और पानी उपलब्ध कराकर देश से गरीबी मिटाने का



काम कर रही है और साथ ही साथ योगी सरकार भी उत्तर प्रदेश को जीरो पावर्टी वाला प्रदेश बनाने के लिए कृति संकल्प है गरीब कन्याओं के विवाह से लेकर मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज करवाने तक का कार्य सरकार कर रही है फिर भी समाज के आर्थिक रूप से सक्षम लोगों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि उनके आस पास रहने वाला कोई भी व्यक्ति भूखा या नंगा न रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रवण गिरी ने की इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष बिस्कोहर अजय गुप्ता, जिला मंत्री भाजपा कृष्णा मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता बलराम मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कसौधन, अमित मिश्रा, राजेंद्र दूबे जय प्रकाश पाण्डेय, लवकुश शुक्ला, अजय पाण्डेय, राम नरेश पासवान, खेमराज यादव, सभासद अमित पाण्डेय एवं निपेंद्र सिंह, केशव सोनी, कुंवर मिश्रा गौकरन पाठक चन्द्रकेश पाण्डेय, शुभम पाण्डेय सहित भाजपा कार्यकर्ता गण और स्थानीय नागरिक गण मौजूद रहे।

## हर क्षेत्र में परचम फहरा रही हैं महिलाएं : डॉ. शाश्वती



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत सोमवार को 'लैंगिक समानता और शिक्षा' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता कृषि संकाय की सहायक आचार्य डॉ. शाश्वती प्रेमकुमारी ने कहा कि शिक्षा व जागरूकता के माध्यम से महिलाएं आज सामाजिक बेड़ियों को तोड़ते हुए जीवन के हर क्षेत्र में अपना परचम फहरा रहीं है। डॉ. शाश्वती ने कहा कि वैदिक काल में स्त्री व पुरुष को समाज में एक समान अधिकार प्राप्त था। पुरुषो के समान महिलाएं भी शस्त्र व शास्त्र विधा में निपुण थी। कालांतर में स्थिति में परिवर्तन हुआ व समाज पुरुष प्रधान हो गया लेकिन अब पुनः समाज में महिलाओं की प्रतिष्ठा स्थापित हो रही है। आज महिलाएं समाजिक, आर्थिक व राजनैतिक रूप से सशक्त हैं और प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के समान कार्य कर रहीं हैं। डॉ. शाश्वती ने कहा कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई योजनाओं को संचालित कर रही है, जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उज्जवला, सुकन्या समृद्धि योजना, मातृ वंदना योजना। व्याख्यान के दौरान कृषि संकाय के सभी विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

## स्पा शोरुम के सामने पड़ा 11 हजार बोल्ट तार दे रहा दुर्घटना को दावत, विद्युत विभाग मौन



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** सदर ब्लाक के सरला इंटर नेशनल एकडमी के पास हाइ-टक कार स्पा शो रूम के सामने 11 हजार वोल्ट का तार विगत दो सप्ताह से सड़क के किनारे खुले में पड़ा है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने का भय बना है। बस्ती-मुंडेरवा मार्ग पर हाई -टक कार स्पा शो रुम संचालित है। उसी के सामने 11 हजार वोल्ट का विद्युत तार खुला पड़ा है। जिसमें विद्युत की सप्लाई भी आ रही है। शो रुम व मार्ग पर आने जाने वाले लोग कभी भी इसके शिकार हो कर जान गवा सकते है। शो रुम के मालिक अनुराग सिंह ने विद्युत विभाग के अवर अभियंता प्रमोद शर्मा से मोबाइल पर कई बार इसकी शिकायत कर ठीक कराने का अनुरोध किए और आश्वासन भी मिला लेकिन पंद्रह दिन बीत गए अभी ठीक नही हो सका। प्रमोद शुक्ला, अमरेंद्र प्रताप सिंह, शनी, रमेश, मनीष कुमार, मनोज, रामजीत सहित तमाम लोगों ने बताया विद्युत विभाग लापरवाही की हद पार कर दी है। वह बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार कर रहा है। यदि समय से नही चेता और ठीक नही कराया तो बड़ा हादसा हो सकता है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में मेरा नाम KAJAL D/O ANIL KUMAR (काजल) पुत्री अनिल कुमार है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम KAJAL CHAUHAN (काजल चौहान) है और दोनों एक ही व्यक्ति है। भविष्य मे मुझे लैखिक और मौखिक इसी नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरी मार्कशीट में मेरा नाम SYED ASKARI HAIDER NAQVI S/O ASIF NAQVI (सैय्यद असकरी हैदर नकवी) पुत्र आसिफ नकवी है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम ASKARI NAQVI (असकरी नकवी) है दोनों एक ही व्यक्ति है। भविष्य मे मुझे लैखिक और मौखिक इसी नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए।

# सरकार से ही मिलेगा विकास रूपी दूधः ओम प्रकाश राजभर



*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के दरबारी लाल इंटर कॉलेज मैदान में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पंचायती राज्य मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने का खाका हमने तैयार कर लिया है। यूपी के उपचुनाव में अब तक अच्छे-अच्छे पहलवानों को धूल चटा चुके हैं। मिल्कीपुर के लोगों को यदि विकास का दूध चाहिए तो सरकार के साथ खड़ा होना पड़ेगा। क्योंकि जो सरकार सत्ता में है वही विकास कर सकती है। मिल्कीपुर विधानसभा में 30 से 35 हजार वोट हम अकेले भारतीय जनता पार्टी को दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि योगी मोदी की सरकार देश एवं प्रदेश में ना होती तो राम मंदिर बनना संभव नहीं था। कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही जनता को ठगने का काम किया है, उसके बाद समाजवादी पार्टी, बहुजन समाजवादी पार्टी अनेक पार्टियों ने जनता को ठगने का कार्य किया है। जब से एनडीए गठबंधन की सरकार सत्ता में आई है गरीबों को इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मन निधि, 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त राशन मिल रहा है।

# सिसवा में नन्हीं परी का हुआ जोरदार स्वागत, कस्बे में निकला जुलूस

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित हुई हैं सिसवा की सांची उर्फ परी



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)** सिसवा नगर के चित्रगुप्त नगर वार्ड निवासी सांची उर्फ परी अग्रवाल का बीते 26 दिसंबर को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित होने के बाद घर वापस लौटने पर स्टर्लिंग स्कूल के विद्यालय प्रबंधन द्वारा परी संग परिजनों को सम्मानित कर नगर भ्रमण करा कर जोरदार स्वागत किया गया। बीते 26 दिसंबर को राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं द्रोपदी मुर्मू से पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात सांची उर्फ परी अग्रवाल के घर वापसी पर विद्यालय सहित अन्य संस्थाओ द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर परी सहित परिजनों को सम्मानित किया गया। इस क्रम मे सोमवार को स्थानीय स्टर्लिंग सीनियर सेकंडरी स्कूल ने विद्यालय की छात्रा नन्हीं परी को परिजनों संग विद्यालय में सम्मानित कर फूल मालाओं से सजी एक खुली गाड़ी में बिठा कर भव्य रोड शो के माध्यम से नगर भ्रमण कराया। यह जुलूस विद्यालय परिसर से निकल नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुये पहले कोठीभार थाना परिसर मे पहुंचा जहां प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह ने सांची को सम्मानित किया। इसके पश्चात पुनः सभी विद्यालय परिसर में पहुंचे जहां पर रोड समाप्त हुआ।

### इनको भी किया गया सम्मानित

स्टर्लिंग स्कूल के विद्यालय प्रबंधन द्वारा राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित सांची उर्फ परी अग्रवाल के साथ उनकी मां स्तुति अग्रवाल, पिता मोहित अग्रवाल, दादा विजय अग्रवाल व दादी मंजू अग्रवाल सहित परिवार की प्रिया अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, उषा अग्रवाल व सोनी अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

# चौड़ीकरण में निषाद समाज के सैकड़ों परिवार प्रभावित, परिवारों से नगर विधायक ने की मुलाकात



**अयोध्या।** चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण में प्रभावित हो रहे जमथरा घाट और मीरनघाट के सैकड़ों परिवारों ने निषाद समाज के अध्यक्ष संतोष निषाद के नेतृत्व में एसडीएम सदर विकासधर दुबे से मुलाकात की और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।संतोष निषाद ने बताया कि 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण से निषाद समाज के सैकड़ों परिवार प्रभावित हो रहे हैं। इनकी समस्याओं को लेकर आज एसडीएम से मुलाकात की गई, ताकि प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा मिल सके और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विस्थापित किया जा सके, जिससे वे अपने परिवार के साथ सामान्य जीवन जी सकें।

इस मुद्दे पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता से भी मुलाकात की गई थी, जिन्होंने आश्वासन दिया कि वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर इन परिवारों की समस्याओं का समाधान करेंगे।एसडीएम ने आश्वासन दिया कि इन परिवारों के साथ न्याय किया जाएगा और यदि उनका एक भी ईंट टूटता है, तो उन्हें मुआवजा मिलेगा। साथ ही, उन्हें विस्थापित करने के लिए उच्च अधिकारियों से वार्ता की जाएगी।

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाता अंबेडकर चौक पर बना फव्वारा पार्क

**गोसाईगंज -अयोध्या।** इन दिनों गृहमंत्री द्वारा डॉ भीम राव अंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर पूरे देश में बवाल मचा हुआ है,विपक्षी पार्टी के नेता सत्ता पक्ष को घेरने में लगे हुए है।इतना सब कुछ जानने के बाद भी गोसाईगंज नगर पंचायत अपनी सीमा में लाखों रुपए की लागत से अंबेडकर चौराहे पर बनवाए गए पार्क/फव्वारे की दुर्दशा को लेकर गंभीर नहीं है।गेट पर ताला लगे होने से वह अपनी उपयोगित साबित करने में नाकाम साबित हो रहा है।जब कि उसमें व्याप्त कमियों को दूर करने के लिए गोसाई गंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीताराम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्रीमती आरती जायसवाल ने बीते 10 मई को पत्र देकर की थी।लेकिन जब कोई कारवाई नहीं हुई तो पंचायत प्रशासन को एक बार फिर 27 दिसम्बर को पत्र लिख चुकी है।बावजूद सैकड़ो घंटा बीतने के बाद भी नगर पंचायत प्रशासन के कान में जू नहीं रेंगा और स्थितियां आज भी जस की तस है।फिलहाल सभासद श्री मती जायसवाल ने मामले की शिकायत डीएम,मंडलायुक्त एवं नगर विकास मंत्री के साथ साथ मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर करने की बात कही है।मालूम हो कि पूर्व चेयरमैन रमेश चंद्र कसौधन ने अपने दूसरे कार्यकाल मे वार्ड नं-2, 6,9 की सीमा से सटे रामगंज रेलवे क्रासिंग से कोतवाली क़ो जाने वाले संपर्क मार्ग पर लाखो रूपये की लागत से पार्क एवं फ़ौव्वारे का निर्माण कराया था!पार्क/फव्वारे बनवाने के पीछे तत्समय चेयरमैन श्री गुप्त की मंसा थी कि पार्क बन जाने पर इधर से गुजरने वाले राहगीर जहाँ सुबह शाम इस पार्क मे बैठकर आनंद उठाएंगे वही मोहल्ले वाले भी शाम क़ो इस पार्क के अंदर बने फव्वारे का लुत्फ़ उठायेंगे! मजेदार बात तो यह हैं कि सभासद द्वारा बीते 10 मई को किए गए शिकायत पर तत्समय पंचायत प्रशासन ने ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं की।

# भव सागर से पार लगाते है भगवान श्रीरामः रामेन्द्र शास्त्री



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** हैदरगढ़ तहसील क्षेत्र के खरसातिया गांव में सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा छठे दिन सोमवार कथा वाचक ने भगवान श्रीराम के अवतार लेने की कथा सुनाई। कथा समापन मंगलवार को भंडारा साथ होगा। हैदरगढ़ तहसील क्षेत्र के खरसातिया गांव निवासी अनिल कुमार मिश्र के घर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा आयोजित है। इसके छठे दिन सोमवार कथावाचक पंडित रामेन्द्र शास्त्री ने भगवान श्रीराम को भगवान विष्णु का सातवां अवतार बताया। उन्होंने बताया कि अयोध्याधाम में दशरथ के घर जन्म लेने वाले भगवान श्रीराम को भगवान विष्णु का सातवें अवतार है। इनका नाम मात्र श्रवण करने से मानव जीवन धन्य होने साथ वह पापों से मुक्ति पा जाता है। क्योंकि भगवान श्रीराम ने वेदों अनुसार मर्यादा का पालन करते हुए सुखी व समृद्धि राज्य की स्थापना की थी। इसका समापन मंगलवार को भंडारा साथ किया जाएगा। इस अवसर पर रामकुमार मिश्र, गयादत्त मिश्र, माताफेर शुक्ल, दिनेन्द्र शुक्ल, लल्लन मिश्र, सुनील मिश्र, अनूप मिश्र, हेमंत मिश्र आदि श्रोता मौजूद थे।

# बीपीएन एकेडमी में वार्षिक खेल सप्ताह का समापन



**बाराबंकी।** रामनगर तहसील क्षेत्र के महादेवा कस्बा स्थित बीपीएन इंटरनेशनल एकेडमी परिसर में सोमवार को वार्षिक खेल सप्ताह कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा खो-खो, कबड्डी, रस्साकसी व दौड़ आदि की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल प्रशिक्षक दीपक कुमार अवस्थी ने की। जो 23 दिसंबर से शुरू हुआ था। सोमवार के खेल कबड्डी बालिका वर्ग (प्राथमिक) में अग्नि सदन टीम की कप्तान लक्ष्मी ने प्रतिद्वंद्वी टीम ब्रह्मोस व निर्भय सदन की संयुक्त कप्तान मांडवी सिंह को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह खो-खो प्रतियोगिता बालक वर्ग (जूनियर) में तेजस सदन टीम के कप्तान करुणेश ने अग्नि सदन टीम के कप्तान किसलय को मात देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजयी छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्या सुगंध बाला सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# नेपाल में नशीली दवा के साथ एक नाबालिग सहित दो गिरफ्तार



**निचलौल (महराजगंज)।** पश्चिम नवलपरासी के सुनवल में नेपाल पुलिस की गस्ती टोली ने मुखबिर की सूचना पर रात नौ बजे नशीली दवाओं के साथ एक नाबालिग सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान सुनवल नगर पालिका के वार्ड संख्या दो खुटहट निवासी 20 वर्षीय भुवननाथ कुर्मी, व दूसरा नाबालिग जिसका परिवर्तित नाम एस बहादुर बताया गया। गिरफ्तार दोनो आरोपितों को जिला न्या. में पेश किया गया। जहां से जांच और पूछताछ के लिए पांच दिन का रिमांड दिया गया है। जिला पुलिस कार्यालय नवलपरासी के सूचना अधिकारी डीएसपी रेशम बोहरा ने बताया कि सूचना के आधार पर क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय से प्रतिनियुक्त गश्ती दल ने सुनवाल नगर पालिका दो खुटहट सड़क खंड पर उत्तर से दक्षिण की तरफ जा रहे एक साइकिल सवार दो व्यक्तियों को रोककर जांच की तो उसके पास से भारी मात्रा में मादक पदार्थ जिसमे नाइट्रोभेट 1310 टैबलेट, फ़ेनारगन 189 एम्पुल, डाइजीपाम 190 एम्पुल, बुप्रोनॉर्फिन 190 एम्पुल के साथ स्पास्मो 256 कैप्सूल नशीली दवा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपितों से इतनी भारी मात्रा में नशीली दवा कहा से लाई गई। पूछताछ की जा रही है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया पंचायती राज मंत्री का स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर सोमवार को अयोध्या पहुंचे। सर्किट हाउस पहुंचने पर जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल, सुनील तिवारी शास्त्री ने पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया।

जिपंअ प्रतिनिधि रोहित सिंह ने बताया कि मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सर्किट हाउस में विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में पंचायती राज विभाग की योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को बिना भेदभाव प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि पंचायती राज विभाग ग्रामीण क्षेत्र व ग्रामीणों के विकास के लिए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राष्टीय ग्राम स्वराज अभियान, ग्राम पंचायत विकास सहित अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रहा है। स्वागत करने वालों में दिवाकर सिंह, बब्लू खान, राजेश सिंह, बब्लू मिश्रा, मोनू मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अरशद की थाना पुलिस व क्षेत्रीय लोगों ने की विदाई

**हैदरगंज - अयोध्या।** नवागत थानाध्यक्ष हैदरगंज विवेक राय का हुआ स्वागत तो प्रभारी निरीक्षक रहे मोहम्मद अरशद की पुलिस और क्षेत्रीय लोगों ने किया विदाई अयोध्या जनपद के हैदरगंज थाने की है जहां पर 22 महीनों से हैदरगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक रहे मोहम्मद अरशद को दुबौली गांव के एक मामले को लेकर हुए धरना प्रदर्शन के बाद हटाते हुए सोमवार को दर्शन नगर चौकी इंचार्ज रहे विवेक राय को थानाध्यक्ष हैदरगंज बनाया गया । प्रभारी निरीक्षक रहे मोहम्मद अरशद की विदाई समारोह पूर्वक करते हुए पुलिस कर्मियों सहित क्षेत्रीय लोगों ने माल्यार्पण किया । तो वही नवागत थानाध्यक्ष विवेक राय का स्वागत भी किया गया । इस दौरान भारी मात्रा में लोग उपस्थित भी रहे । प्रभारी निरीक्षक के तबादले की जानकारी होती ही इस दौरान पहुंची एक महिला प्रभारी निरीक्षक से लिपट कर रोने लगी । इस दौरान राम मूर्ति तिवारी, जिला पंचायत सदस्य भीटी आत्रेय सिंह, राजन सिंह, राज नारायण जायसवाल, नरसिंह शर्मा, राजकुमार वर्मा, ताज मोहम्मद, दिमाशुं दूबे, अंकुश पंडित, नीलू पांडेय, सहित लोग लोग उपस्थित रहे ।

# युवक ने लगाई फाँसी दी जान

**मसौली बाराबंकी।** रविवार की देर शाम सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मीरपुर मजरे जकरिया मे एक 27 वर्षीय युवक ने घर के अंदर प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के ग्राम मीरपुर जकरिया निवासी 27 वर्षीय ललित कुमार वर्मा पुत्र मंशाराम ने रविवार की देर शाम घर के अंदर बने कमरे मे प्लास्टिक रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया है।

# बच्चों में बांटा गया दास्तान, टोपी व मोजा, खिले चेहरे

## होप एंड हेल्प वेल फेयर संस्था ने किया वितरण



*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** कड़ाके की ठंड के मद्देनजर प्रा. विद्यालय भरवलिया बडका टोला के करीब 75 बच्चों में होप एंड हेल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दास्तान, टोपी व मोजा वितरण किया गया। जिससे बच्चों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। संस्था के अध्यक्ष आशुतोष रौनियार ने बताया कि ठंड के सीजन में अब तक संस्था द्वारा विभिन्न विद्यालयों के करीब 400 बच्चों में अंग वस्त्र वितरण किया है।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनारायण सिंह, शिक्षक रवि जीत यादव, अंगिरा पाण्डेय सहित संस्था के वरुण,शर्मा दीपू निगम, मुकेश निगम, ओमकार वर्मा, नवरत्न निगम, संदीप निगम मौजूद रहे।

# अकीदत से मनाया हज़रत मीर मेहमान शाह का सालाना उर्स

**शाहजहांपुर।** महानगर के मोहल्ला मेहमान शाह में तीन रोज़ा सालाना उर्स आज सोमवार को कुल शरीफ़ में अमन चैन की दुआ के साथ संपन्न हो गया। सोमवार को खादिम खालिद खां बब्बू की निगरानी में कुल शरीफ की महफ़िल का आगाज तिलावत ए कुरआन से किया। उन्होंने बुजुर्गों की करामात पर रोशनी डाली। इस दौरान किश्वर अली दानाई ने नात व मनक़बत पेश की। सुबह 10 बजे कुल शरीफ में कुरआन की आयतें पढ़कर कर साहिब ए उर्स को ईसाल ए सवाब करते हुए खादिम खालिद खां बब्बू ने कौम व मिल्लत की तरक्की, खुशहाली, अमनो अमान के लिये दुआ की। इसके बाद शादाब ने सूफियाना कलाम सुनाकर जायरीन को झूमने पर मजबूर कर दिया। कुल के बाद लोगों में लंगर का वितरण किया। इससे पहले नज़्र व फातेहा ख्वानी हुई। वहीं जायरीन ने मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी की। महफ़िल में शहर इमाम मौलाना हुज़ूर अहमद मंजरी, हाफ़िज़ हसीन, मौलाना अब्दुल वकील, मेहदी हसन खां, फरीद अली खां, ज़मीर खां, नौशे खां, वारिस खां, शकील खां, ताहिर खां, हसीन, नफीस खां, निराले खां आदि समेत तमाम अकीदतमंद मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में रिशु बने गोल्ड मेडल विजेता



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपद मुख्यालय कुशीनगर में 27 से 29 दिसम्बर तक आयोजित 39वी राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में महाराजगंज जनपद के सिसवा क्षेत्र पंचायत के ग्राम चरगहा निवासी भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता किसान रिशु मनोज कुमार पाण्डेय के होनहार पुत्र रिशु पांडेय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। बताते चले कि रिशु सेंट जोसेफ सिनियर सेकेंडरी स्कूल सिसवा बाजार में कक्षा 11वी के छात्र है और पढ़ाई के साथ साथ ताइक्कांडो का नियमित अभ्यास करते है। रिशु पांडेय के ताइक्कांडो कोच अरविन्द ओझा ने खिलाड़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि ताइक्कांडो आत्मरक्षा के साथ साथ बेहतर स्वास्थ्य और अनुशासन भी सिखाता है। रिशु पांडे के गोल्ड मेडल विजेता होने पर क्षेत्र के सबया ग्राम प्रधान रहे पूर्व प्रधानाचार्य राम प्यारे पांडे, कौशल किशोर पाठक माइलस्टोन एकैडमी के प्रधानाचार्य विजय कपूर, विनय कुमार पांडे सुनील कुमार पांडे, डॉक्टर शांति शरण मिश्रा डॉ राकेश राय कौशिक सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी रामबेलास पटेल संजय कुमार पटेल सुरेश निगम सुधाकर राय राम प्रकाश गुप्त सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है और राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर रिशु पांडे को सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी हैं।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रति किया जागरूक




**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सोमवार को सिसवा ब्लॉक सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके जीवनयापन को सुदृढ़ करने हेतु सरकार की इस प्रमुख योजना के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप मे श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने की। आयोजन में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने योजना के उद्देश्यों, पात्रता मानदंड और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों के सवालों का जवाब देते हुए उन्हें पंजीकरण प्रक्रिया में सहायता प्रदान की। पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य कारीगरों को वित्तीय सहायता, कौशल विकास के अवसर और आधुनिक उपकरणों व प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। इस दौरान राकेश जायसवाल, मनीष कुमार, भूपेंद्र नाथ मौजूद रहे।

# अभिभावकों के साथ पीटीएम बैठक का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय रतनपुरवा कम्पोजिट, पनियरा, महराजगंज में पनियरा निपुणता की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 के अभिभावकों के साथ पी टी एम बैठक का आयोजन किया गया। सहायक अध्यापक वरेश कुमार ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्रों के शीतकालीन अवकाश (1-15 जनवरी) के दौरान उनके अध्ययन और कौशल विकास के लिए विंटर पैके? शीतकालीन गृहकार्य का वितरण और दिशा निर्देश देना रहा। वरेश कुमार ने बताया कि अपने दादा-दादी, नाना-नानी और परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने और उनके अनुभवों और कहानियों से सीखने की प्रेरणा दी गई। प्रधानाध्यापक त्रिलोकीनाथ प्रजापति



ने बताया कि बच्चों में शिक्षा के साथ नैतिक और सामाजिक मूल्यों में भी सशक्त बनाना है। निरीक्षण में आए खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार ने बच्चों को वरेश कुमार द्वारा उपलब्ध गृहकार्य का वितरण किया और बच्चों से पढवाया और कविता सुनकर प्रसन्न हुए। एजुकेट गलर्स की फील्डवर्कर लक्ष्मी यादव ने कहा कि नवाचारी शिक्षक वरेश कुमार द्वारा किया जा रहा कार्य प्रशंसीय है। बैठक में लक्ष्मीना, शारदा, मोहन, मातादीन, पूजा, रामलक्षन, चन्द्रशेखर, अरुण, किरन, लक्ष्मन आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सबसे अधिक उपस्थिति के लिए छात्रा अराध्या के माता ज्ञानती को वरेश कुमार द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही कक्षा में विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

# चैनपुर तिराहा पर स्थापित अष्टधातु निर्मित नमो योग मुद्रा का लोकार्पण





अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत कपिलवस्तु के अन्तर्गत चैनपुर तिराहा पर स्थापित अष्टधातु निर्मित नमो योग मुद्रा का मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कन्हैया पासवान, अध्यक्ष नगर पंचायत कपिलवस्तु आरती देवी जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर एवं पुलिस अधीक्षक डा अभिषेक महाजन द्वारा लोकार्पण किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा सांसद डुमरियागंज श्री जगदम्बिका पाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा विधायक कपिलवस्तु तथा जिलाध्यक्ष भाजपा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। पीडी डीआरडीए नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी द्वारा जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष कपिलवस्तु प्रतिनिधि जावेद आलम उर्फ चुन्ने द्वारा सांसद डुमरियागंज श्री जगदम्बिका पाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। सांसद डुमरियागंज श्री जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारत सरकार श्री नरेन्द्र मोदी ने युनाइटेड नेशन में भारत का नेतृत्व करते हुए 21 जून को योग दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाने के लिए अपनी बात रखी जिसे युनाइटेड नेशन द्वारा इसे स्वीकार करते हुए पूरे विश्व में योग दिवस मनाने के लिए 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया गया। आज जिला प्रशासन द्वारा नगर पंचायत कपिलवस्तु के अन्तर्गत महात्मा गौतम बुद्ध की अष्टधातु निर्मित नमो योग मुद्रा का लोकार्पण हुआ है। कपिलवस्तु में बाहर से आने वाले बौद्ध अनुयायी नमो योग मुद्रा देखकर योग के प्रति जागरूक होगे। आज का यह कार्यक्रम नगर पंचायत कपिलवस्तु की अध्यक्ष श्रीमती आरती देवी एवं सभासदो एवं नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया है। इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जावेद आलम उर्फ चुन्ने व अन्य सभी लोगो को शुभकामनाएं दी। मा0 सांसद डुमरियागंज ने कहा कि अब यह चौराहा नमो योग मुद्रा चौराहे के नाम से जाना जायेगा। विधायक कपिवस्तु श्री श्यामधनी राही द्वारा मा0 अध्यक्ष कपिलवस्तु, सभासदगण, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कपिलवस्तु एवं अन्य कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कन्हैया पासवान ने नगर पंचायत कपिलवस्तु द्वारा स्थापित की गयी नमो योग मुद्रा के लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर मा0 सांसद डुमरियागंज, मा0 विधायक कपिलवस्तु, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को शुभकामनाएं दी। मीडिया प्रतिनिधियों को शुभकानाये देते हुए कहा कि जनपद के विकास के लिए जनहित की समस्याओं को दिखाकर और उस पर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए निरन्तर कार्य कर रहे है। इसके लिए समस्त प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने सांसद डुमरियागंज, विधायक कपिलवस्तु, जिलाध्यक्ष भाजपा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि आज जनपद अपनी स्थापना 36वीं वर्षगांठ मना रहा है। आज इस अवसर पर नगर पंचायत कपिलवस्तु के अन्तर्गत नमो योग मुद्रा का लोकार्पण किया गया है। आने वाले समय में निश्चित रूप से जनपद आकांक्षी जनपद की श्रेणी से निकलकर अग्रणी जनपद की श्रेणी मे शामिल होगा। नमो योग मुद्रा के लोकार्पण के अवसर पर सभी बधाई और शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने नमो योग मुद्रा के लोकार्पण के अवसर पर पूरे पुलिस परिवार की ओर बधाई और शुभकामनाएं दी। स्वागत सम्बोधन अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कपिलवस्तु नवीन कुमार सिंह द्वारा गया। अध्यक्ष नगर पंचायत कपिलवस्तु प्रतिनिधि जावेद आलम उर्फ चुन्ने द्वारा सांसद डुमरियागंज, विधायक कपिलवस्तु, जिलाध्यक्ष भाजपा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक को नमो योग मुद्रा के लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित होने के लिए आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का संचालन नियाज कपिलवस्तुवी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, लोकसभा क्षेत्र प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, मुमताज अहमद, रामकुमार उर्फ चिन्कू यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतराम चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, पी.डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी,जिला विद्यालय निरीक्षक समर बहादुर सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य, अधिशासी अधिकारी नप कपिलवस्तु नवीन कुमार सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण, समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यालय में सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौहनिया राज में सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुलाम हुसैन रिजवी और विशिष्ट अतिथि सहायक लीडर ट्रेनर अमित कुमार शुक्ल ने बच्चों द्वारा तैयार पाक विधा का अवलोकन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, बसंत गीत और लोकगीत से हुई, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद आरिफ उस्मानी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बच्चों को कड़ी मेहनत और परिश्रम से जीवन को संवारने की प्रेरणा दी। वहीं गुलाम हुसैन रिजवी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा, आप सभी आने वाले देश के भविष्य हैं। अमित कुमार शुक्ल ने स्काउटिंग और गाइडिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह आपको विषम परिस्थितियों में साहस और धैर्य के साथ कार्य करना सिखाती है। स्काउटिंग के नियमों और सिद्धांतों का पालन करते रहिए।ब्लॉक स्काउट मास्टर कुलदीप कुमार ने बताया कि विद्यालय के 38 छात्रों ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा में भाग लिया और 18 छात्रों ने क्रीड़ा भारती ज्ञान प्रतियोगिता की ऑनलाइन परीक्षा दी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की गाइड कंपनी की लीडर और कक्षा 8 की छात्रा फिजा ने किया।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक अर्जुन प्रसाद और विजय प्रकाश गौतम भी उपस्थित रहे।

## सीमा पर निगरानी रखने के डीएम ने निर्देश दिए



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा अभिषेक महाजन की उपस्थिति में स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थों की अवैध तस्करी और व्यापार की रोकथाम हेतु Narco Coordination Centre (NCORD) की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा स्वापक औषधियों के अवैध व्यापार तथा अंतरराष्ट्रीय तस्करी की रोकथाम हेतु निर्देश दिये गये। सीमा पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए, क्षेत्रों में अवैध गाँजा की बिक्री रोकने हेतु पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। नेपाल सीमा से सटे बढ़नी, खुनुआ, अलीगढ़वा व ककरहवा क्षेत्र में पुलिस, औषधि निरीक्षक, एस0एस0बी0, प्रशासन व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नेपाल बॉर्डर स्थित औषधि की दुकानों का निरीक्षण कर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गये। बैठक में आबकारी इंसपेक्टर, एस0एस0बी0 के ऑफिसर, अपर जिला कृषि अधिकारी एवं समस्त आबकारी निरीक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु किसानों की लगी भीड़ सर्वर धीरे चलने से पंजीकरण में आयी कमी




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सरकार की महत्वपूर्ण योजना फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य इस समय बहुत तेजी से चल रहा है जिसमे राजस्व विभाग, कृषि विभाग, सीएससी के माध्यम से विभिन्न ऐप के द्वारा किसानों का पंजीकरण कराया जा रहा है किसानों में जागरूकता होने के पश्चात तहसील के सभी जन सेवा केंद्रों पर किसानों की काफी भीड़ देखी जा रही है परन्तु सर्वर पर ज्यादा लोड होने के कारण धीरे चल रहा है इसलिए पंजीकरण गति नही पकड़ रहा है फॉर्मर रजिस्ट्री की स्थिति का जायजा लेने उपजिलाधिकारी डॉ संजीव दीक्षित ने बेवा चौराहे पर स्थित कई जनसेवा केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर राजस्व कर्मी रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, गंगोत्री प्रसाद पाण्डेय , सतीश चंद्र शुक्ला लेखपाल लाल कृष्ण श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

## ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यक्तिगम शौचालय निर्माण की एडीओ पंचायत/सचिव से सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त कर प्रथम एवं द्वितीय किश्त का भुगतान कराये। वित्त आयोग की समीक्षा में खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत ऐसे गांवों को चिन्हित करे जहां पर सबसे कम व्यय हुआ है उस गांव के सचिव से मिलकर कार्यो में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण अन्त्येष्टि स्थल विकास योजनान्तर्गत वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपूर्ण अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये। पंचायत भवन की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त करे। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जहां पर भूमि चिन्हित नही है उपजिलाधिकारी के माध्यम से भूमि चिन्हित कराकर पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराये। सभी खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत द्वारा ओ0डी0एफ0 मॉडल ग्रामों में सुबह/शाम में सामुदायिक शौचालय, आर0आर0सी0 सेन्टर का निरीक्षण करे। कूड़ा कलेक्शन हो रहा है कि नही के बारे में निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराये।

## धान क्रय केंद्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को तहसील क्षेत्र अंतर्गत मंडी परिसर सहियापुर में चल रहे धान क्रय केंद्र का उपजिलाधिकारी डॉ0 संजीव दीक्षित ने निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि परिसर में स्थित कुल सात केंद्रों को धान खरीद का लक्ष्य 106000 कुंतल रखा गया था जिसके सापेक्ष 78877.80 कुंतल अर्थात लक्ष्य के सापेक्ष 74 प्रतिशत की खरीद हो चुकी है। सभी कृषको में 664 कृषकों को पीएफएमएस के माध्यम से तथा 21 कृषकों को आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान भी किया जा चुका है। मौके पर निरीक्षण के समय उपस्थित ग्राम फतेहपुर निवासी द्वारिकाधीश मिश्रा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि धान की खरीदारी अच्छे से की जा रही है तथा केन्द्र प्रभारियों द्वारा कृषकों के साथ अच्छा व्यवहार भी किया जाता है।



## प्राइज़ डिस्ट्रीब्यूटशन समारोह मे छात्रों को मिला पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

**टांडा अम्बेडकरनगर।** ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल में प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन समारोह में बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल के संचालक डॉ. जीडी वर्मा, चेयरपर्सन डॉ. रजनी चौधरी और वाइस प्रिंसिपल वर्तिका नागर द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया। लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में 20 से अधिक विद्यालयों मैं प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। जिसमें ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे आगे रहे। अव्वल आए सभी छात्रों को कैश प्राईज़,मेडल, और सर्टिफिकेट, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टांडा में खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने कई पदक अपने नाम किए। इसमें 20 गोल्ड मेडल, एक सिल्वर मेडल, दो ब्रांज मेडल जीते तक्षशिला अकादमी में हुए साइंस मॉडल कंपटीशन में ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभागी छात्रों ने जूनियर श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल किया। सभी प्रतिभागी छात्रों को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट,मेडल लेकर सम्मानित किया गया।



## केवाईसी के नाम पर लूट रहे है पंचायत सहायक

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जलालपुर तहसील क्षेत्र के भियांव ब्लॉक में पंचायत सहायक व सहायिकाओं के द्वारा सरकार की चलाई जा रही है सभी योजनाओं पर रजिस्ट्रेशन के नाम पर धनउगाई की जा रही है।

इस समय किसान सम्मान योजना का केवाईसी हो रहा है तमाम किसानों ने बताया कि पंचायत भवन पर रजिस्ट्रेशन के नाम पर 30 लिए जा रही है वहीं जीरो पॉवर्टी के नाम पर 500 से 1000 रुपए वसूले जा रहे हैं बीते दिनों ग्राम पाभीपुर के सहायिका के ऊपर आरोप लगा था। उसने आवेदक से अपने पति के मोबाइल पर 100 का फोन पर करवाया था। कोई शुल्क नहीं लग रहा है। खंड विकास अधिकारी अंजनी भारतीय ने बताया की केवाईसी रजिस्ट्रेशन का कोई शुल्क नहीं लग रहा है। इस तरीके की शिकायत मिली है संबंधित अधिकारियों की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम प्रधान ने शैक्षिक भ्रमण के लिए बस को झंडी दिखाकर किया रवाना

### चेतरा शेख, डफरा व रमवापुर तिवारी के बच्चों ने चिड़िया घर, नौका विहार, गुरु गोरखनाथ मंदिर का किया शैक्षिक भ्रमण

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के अन्तर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय चेतरा शेख, डफरा व प्राथमिक विद्यालय रमवापुर तिवारी के छात्र छात्राएं एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए चिड़िया घर, नौका विहार, गुरु गोरखनाथ मन्दिर के लिए ग्राम प्रधान किसमत अली व केसरी प्रसाद ने हरी झंडी दिखा कर बस को रवाना किया।

ब्लाक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय चेतरा शेख, डफरा व प्राथमिक विद्यालय रमवापुर तिवारी के सैंकड़ों बच्चों ने चिड़िया घर, नौका विहार, गुरु गोरखनाथ मंदिर का शैक्षिक भ्रमण किया। चिड़िया घर में बच्चों ने बब्बर शेर, भालू, छिपकली, हिरण और उसके बच्चे की उछल-कूद बच्चों को बेहद आकर्षित करता है इसके अलावा आप चीता और भालू के चहलकदमी का भी बच्चों ने मजा लिया। गोरखनाथ मंदिर की विशेषता इसके ऐतिहासिक महत्व और परंपरागत आध्यात्मिक मूल्यों में है। यह मंदिर हिन्दू और बौद्ध धर्म के श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक और ध्यान केंद्र है। यहां पर भगवान गोरखनाथ के समर्थन में अनेक परंपरागत धार्मिक आध्यात्मिक कार्यक्रम और उत्सव आयोजित किए जाते है।

बच्चों ने गोरखनाथ मंदिर परिसर व आकर्षक सरोवर का भी आनंद उठाया। इस दौरान विपुल कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, संजीव कुमार, रामानन्द पाण्डेय, ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह, सुनीता, राजेंद्र यादव, पशुपतिनाथ ठाकुर,सोनू, पार्वती आदि लोग मौजूद रहें।





# इंडिया जीनियस बनने के लिए हज़ारों छात्र-छात्राओं ने दी परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** प्रयास स्टूडेंट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रदेश में 11वीं बार इंडिया जीनियस अवार्ड परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में इस वर्ष भी प्रत्येक कक्षा के छात्रों का बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का उत्साह दिखा। वार्षिक रूप से होने वाली यह परीक्षा विज्ञान व गणित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए लाभकारी है। जो छात्र आगे बढ़कर कुछ करने की क्षमता रखते हैं। यह परीक्षा ऐसे बच्चों के कैरियर निर्माण में भी सहायक है।

सिद्धार्थनगर में सरदार पटेल स्कूल बांसी से कुल 617, सिद्धार्थ माडर्न पब्लिक स्कूल 246, चिल्ड्रन गार्डन पब्लिक स्कूल 36, मदर्स इंटरनेशनल स्कूल बांसी 146, सेंट जोशप स्कूल 130, विद्या आदर्श इंटर कॉलेज 75, मां शीतला विद्यालय 87, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल 88, हरि प्रसाद इंटर कॉलेज 46 सहित मंडल में 1471 परीक्षार्थियों ने प्रथम चरण मे परीक्षा दी। सिद्धार्थनगर से स्कूल के (प्रधानाचार्य/प्रबंधक) बाल कृष्ण चौधरी, श्रीमती प्रियंका अग्रवाल, दीनानाथ श्रीवास्तव, टी एन श्रीवास्तव, विक्रांत चंद्रयान, श्रीमती मीनाक्षी, अभय यादव, श्रीमती प्रियंका मिश्रा, गोपाल पांडेय व पवन गुप्ता के संचालन में यह परीक्षा सूचारु रूप से संपन्न हुई 46 छात्र अनुपस्थित रहे। प्रयास स्टूडेंट वेलफेयर सोसाइटी के सीईओ अमित श्रीवास्तव ने बताया प्रतियोगिता में 1 से 12 वीं के छात्र सम्मिलित होते हैं, 2013 से यह हिंदी व इंग्लिश माध्यम में आयोजित होती है। गणित व विज्ञान विषय में आयोजित परिक्षा में 60 प्रश्न हल करने होते हैं। प्रदेश स्तर पर 3 लाख 14 हजार से अधिक छात्र भाग लेंगे। गोरखपुर मंडल कोडिनेटर मोली शेखर सिंह ने बताया विजेता बच्चो को संस्था की तरफ से लेपटॉप, टैबलेट, साइकिल, मोबाइल आदि पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। परीक्षा के कॉर्डिनेटर योगेंद्र श्रीवास्तव व डॉ सौरभ कुमार श्रीवास्तव रहे। राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के प्रमुख संरक्षक डॉ राजेश्वर सिंह विधायक सरोजनीनगर हैं।



# अधीक्षक की अगुवाई में क्षय रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर विकास क्षेत्र अंतर्गत सीएचसी सिरसिया में सोमवार को अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा की अगवाई में आशा संगिनी, एएनएम, सीएचओ तथा पर्यवेक्षक की समीक्षा बैठक व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 6 दिसंबर 2024 से 17 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय क्षय रोगी खोजी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के सीएचसी, पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, अल्कोहलिक व्यक्ति, तंबाकू का उपयोग करने वाले व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, पूर्व के क्षय रोगी व क्षय रोगियों के साथ रहने वाले व्यक्ति, लंबे समय से बुखार, खांसी, डायबिटीज के मरीजों तथा लंबे समय से गर्भधारण न करने वाली महिलाओं आदि संभावित व्यक्तियों का बलगम, एक्स-रे व अन्य जांच करवाया जाएगा। डॉ शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि क्षय रोग बहुत ही संक्रामक एवं जानलेवा बीमारी है,जिसका समय रहते इलाज प्रारंभ करने से मरीज को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है साथ ही अन्य व्यक्तियों को संक्रमण से भी बचाया जा सकता हैं।अधीक्षक आशा बहू, आशा संगिनी, एएनएम, सीएचओ तथा पर्यवेक्षक को ग्राम स्तर पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया तथा कहा कि इस कार्यक्रम में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य में नहीं किया जाएगा।इस दौरान राजीव कुमार त्रिपाठी, दीपक मधुकर, विंदू शुक्ला, गुंजन मिश्रा, तारामती, रेश्मा शर्मा, सोनिया वर्मा, माया मिश्रा, सविता शुक्ला आदि उपस्थित रही।

## विद्यालय में मना बच्चों का जन्मदिन, शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चे विद्यालय में हुए पुरस्कृत



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक संसाधन केंद्र डुमरियागंज अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय जलालपुर में सोमवार को 32 बच्चों का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। वहीं दिसंबर माह में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले बच्चो को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गौतम सोनी भी मौजूद रहे। उन्होंने इस मौके पर कहा कि विद्यालय में ऐसे बच्चे शिक्षण कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं बच्चों की उपस्थिति कई मायने में महत्वपूर्ण होती है जब बच्चे विद्यालय में उपस्थित रहते हैं तो शिक्षा का बेहतर वातावरण बनता है उन्होंने यह भी कहा कि हमें ऐसे बच्चों का उत्साह वर्धन करना चाहिए। प्रधानाध्यापक नदीम मलिक ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा का सुंदर माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से भी बच्चों का आकलन करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। समय-समय पर बच्चों को तमाम गतिविधियों के माध्यम से भी प्रोत्साहित किया जाता है। इस मौके पर नीलम वर्मा, लालमन पटेल शिक्षा मित्र, अभिभावक राजेश वर्मा, रमाशंकर पटेल, वीरेन्द्र वर्मा, रोशन, आज्ञाराम, काशीराम आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष - 2016, अनुक्रमांक - 2617586 एवं इण्टर मीडिएट परीक्षा वर्ष - 2018, अनुक्रमांक -2042547 का प्रमाण सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है।

**श्रेया सिंह पुत्री उमेश प्रताप सिंह ग्राम -बेलवा, पोस्ट-उदयराजगंज, जनपद - सिद्धार्थनगर-272204**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2014, अनुक्रमांक- 2726562 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है।

**नाम- मोहम्मद आलम पुत्र अब्दुल कय्यूम, ग्राम -बर्डपुर न.12 टोला जयनगरा, पोस्ट - विशुनपुरवा, जनपद - सिद्धार्थनगर-272202**

## नवनिर्मित गेट का एनटीपीसी परियोजना निदेशक के एस सुंदरम ने किया उद्घाटन

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी लिमिटेड, के निदेशक (परियोजना) के एस सुंदरम ने एनटीपीसी टाण्डा की समीक्षा की। सरयू भवन अतिथि गृह पहुँचने पर टाण्डा परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक जयदेव परिदा, नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। अपने संक्षिप्त प्रवास पर श्री सुंदरम ने मुख्य महाप्रबंधक परिदा तथा अन्य महाप्रबंधकों के साथ परियोजना के प्रथम और द्वितीय दोनों चरण के सयंत्रों का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कंट्रोल रुम, एफ.जी.डी. आदि का निरीक्षण करते हुए तैनात कर्मचारियों से वार्ता की और मार्गदर्शन भी किया। इस दौरान श्री सुंदरम ने आवासीय परिसर स्थित नवनिर्मित गेट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया व साथ ही आवासीय परिसर में चल रहे नव निर्माण के कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक सुझाव दिए। इसके साथ ही परियोजना के प्रशासनिक भवन सम्मेलन कक्ष में यूनियन, एसोसिएशन एवं एस.एम.सी. सदस्यों के साथ बैठक कर गहन समीक्षा करके दिशा-निर्देश दिए। प्रस्थान से पूर्व, निदेशक (परियोजना) श्री सुंदरम ने मुख्य महाप्रबंधक श्री परिदा के साथ परियोजना के अतिथि गृह प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया।

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो लड़के रियाज व मो अनस हैं। मेरा बडा लड़का रियाज जिसका चाल चलन ठीक नहीं है। काफी मनबढ़ तथा गलत लोगों के संगत में है। ऐसी स्थिति में मैं सोंच समझकर अपने बडे लडके रियाज को अपने सभी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब आज से रियाज कोई भी कुकृत्य करता है, तो उसकी जिम्मेदारी रियाज की होगी। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**साबित अली पुत्र अब्बास अली साकिन थुम्हवा, थाना पथरा, तहसील बांसी, जनपद सिद्धार्थनगर।**

## सीरिया और भारत

सीरिया का कान्ड पूरे पश्चिमी एशिया के लिये अनिश्चितता का शुरूआत साबित हो सकता है। जो हुआ है उसे अप्रत्याशित कहा जायेगा। इस्लामी विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया। राष्ट्रपति को देश छोड़ कर भागना पड़ा इससे भारत की चिन्ता सीधे तौर पर जुड़ती है। राष्ट्रपति और उनके पिता हाफिज बल अशर निरंकुश माने जाते है। पर दोनो ने सेकुलर नीति अपनाई। इस्लामी कट्टरपाथियों पर दोनो ने नियन्त्रण रक्खा। उनकी जगह पर जो इस्लामी विद्रोही काबिज हुये है उनके रूख के बारे मे अभी कुछ नही कहा जा सकता पर दुनिया आशंकित है। आईसिस ग्रुप जैसे संगठन फिर गतिविधियों में आ सकते है। क्या आने वालेदौर में आतंकि गतिविधियां भारतीय उपमहाद्वीप में बढ़ने वाली है। सीरिया से भारत के सम्बन्ध कुछ खास नहीं रहे है पर दोनो आतंकवाद के खिलाफरहे है। यहां तक की बशर अलअसद ने कश्मीर को लेकर भारत का साथ दिया। यहा तक कि 370 को हटाये जाने को भारत का आन्तरिक मामला कहा। बदले माहौल में सीरिया कौन सा राह अख्तियार करता है। विद्रोही गुटो के बारे में लोगो का अनुमान है तुर्कियो का समर्थन है देखना है सीरिया नये निजाम की नीतियों से क्या असर पड़ता है।

तुर्कियों के रिश्ते में कुछ दिनो से सुधार दिख रहा है यह भारत के लिये अच्छी बात है। तुर्कियो के रूख में जम्मू कश्मीर के मामले में नरमी आयी है। तुर्किये के ब्रिक्स में प्रवेश को लेकर भारत ने उसे रोकने की कोशिश नहीं कि है। इसका सकारत्मक प्रभाव तुर्किये पर गया होगा। सीरिया के घटनाक्रम पर 24 घन्टे के अन्दर ही विदेश मन्त्रालय ने सीरिया की एकता अखन्डता, समप्रभुता को महफूज रखने की जरूरत को लेकर कहा कि मसले का हल की प्रक्रिया में जो भी किया जाय शान्तिपूर्ण हो। सिरिया की अगुवाई में सब कुछ किया जाना चाहिये। जिसमें समाज के सभी तबकों उनके हितों का ध्यान रहे। सीरिया से अपने मामलों को लेकर भारत अपने हितो के परिप्रेक्ष में न केवल संवेदनशील है बल्कि गम्भीर भी है। कोई भी राष्ट्रीय या अन्तर राष्ट्रीय मामला हो भारत हमेशा संवेदनशीलता और शान्ती वाला रास्ता अपनाता है और दूसरे राष्ट्रो को अपनी समस्यायें सुलझाने के लिये भी यही रास्ता अपनाने को कहता है। अन्तरराष्ट्रीय झगड़े है। तभी कुछ देश अपने झगड़े दूसरे देश में से निपटाने के भारत की अगुवाई और मध्यस्थता पर जोर देते है उस पर उनको विश्वास है कि वह एक तरफा सुझाव नही देगा। हर झगड़े के मसले में भारत बुद्ध और गांधी का नाम लेता रहता है जो उसके शान्ती के अभिलाषा का प्रतीक है दूसरे देशों पर भी अच्छा प्रभाव पड़ता है।

## गांवों तक आधारभूत संरचनाओं को मज़बूत करने की जरूरत

दिसंबर के पहले सप्ताह में राजस्थान में आयोजित हुए तीन दिवसीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 सुर्खियों में रहा। इस दौरान करीब 30 ट्रिलियन निवेश से संबंधित एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। राज्य सरकार को उम्मीद है कि इससे राज्य को विकास की राह में आगे बढ़ने में मज़बूती मिलेगी। इस समय राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की सबसे अधिक ज़रूरत है। राज्य के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जो आज भी सरकारी योजनाओं की पहुंच से दूर हैं। इन क्षेत्रों के निवासी मूलभूत आवश्यकताएं भी प्राप्त करने में सक्षम नहीं हुए हैं। वहीं बच्चों को भी उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए संघर्ष करनी पड़ती है। इसमें सबसे अधिक नुकसान किशोरियों और महिलाओं को हो रही है। हालांकि सरकार की ओर से गांव के विकास के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। लेकिन सामाजिक जागरूकता और कई अन्य कारणों से ग्रामीण इन योजनाओं का पूरी तरह से लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।



कमलेश

राज्य का नाचनबाड़ी गांव भी इन्हीं में एक है। अजमेर से करीब 11 किमी दूर घूघरा पंचायत स्थित इस गांव में लगभग 500 घर है, जहां अधिकतर कालबेलिया और बंजारा समुदाय की बहुलता है। जिन्हें सरकार की ओर से अनुसूचित जनजाति समुदाय का दर्जा प्राप्त है। जबकि कुछ घर आर्थिक और सामाजिक रूप से सक्षम परिवारों के हैं। जिनके घर पक्के नज़र आते हैं। अधिकतर घर अर्ध निर्मित या झोंपड़ी वाले ही नज़र आएंगे। गांव के अधिकतर युवाओं के पास रोज़गार का कोई स्थाई साधन नहीं है। वह प्रतिदिन मज़दूरी करने अजमेर जाते हैं। जहां कभी काम मिलता है तो कभी पूरे दिन खाली बैठ कर घर वापस लौट आते हैं। गांव की 35 वर्षीय गौरा देवी बताती हैं ÷हमारे पास आजीविका का कोई स्थाई साधन नहीं है। पति मज़दूरी करने अजमेर जाते हैं। वह जो कुछ कमाते हैं उससे किसी प्रकार गुज़ारा चलता है। इससे आगे कोई उन्नति नहीं है। इसीलिए हमारा घर झोंपड़ी का है। हमें आज तक किसी योजना का लाभ नहीं मिला है क्योंकि इसका लाभ कैसे मिलता है यह बताने वाला कोई नहीं है। गौरा देवी के दो बेटे और एक बेटी है। जो बकरियां चराने का काम करते हैं। वह कहती हैं कि गांव में पांचवी तक स्कूल है। इसके आगे पढ़ने के लिए 2 किमी दूर घूघरा जाना पड़ता है। घर की आमदनी इतनी नहीं है कि बच्चों को घूघरा भेज कर पढ़ाऊं।

वहीं 55 वर्षीय रतननाथ कहते हैं, मेरे परिवार में पत्नी और दो लड़के हैं। अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए मैं मजदूरी करता हूं। हमारे रहने के लिए एक कच्ची झोंपड़ी है। मैंने दो वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर के लिए आवेदन दिया था। लेकिन मुझे अभी तक इसका लाभ नहीं मिला है। हालांकि पंचायत के रजिस्टर में मेरे परिवार का नाम दर्ज है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी सीमित कमाई से परिवार चला रहा हूं। इसलिए घर में पक्के शौचालय तक बनाने के लिए पैसे जोड़ने में सक्षम नहीं हूं। आर्थिक समस्याओं के कारण ही मेरे बच्चों ने पढ़ाई छोड़ दी है और अब वे मवेशियों को चराने और घर का काम करते हैं। 50 वर्षीय सीता देवी कहती हैं कि मेरे दो बेटे हैं। सभी का अपना परिवार है। लेकिन किसी के पास भी रोज़गार का स्थाई साधन नहीं है। वह सभी मज़दूरी करने अजमेर शहर जाते हैं। जहां कभी उन्हें काम मिलता है तो कभी खाली हाथ वापस आ जाते हैं। पूरे महीने उन्हें 10 से 15 दिन ही काम मिलता है। जिसमें एक दिन में 300 से 500 रुपए तक ही मिलते हैं। इतनी कम आमदनी में परिवार का भरण पोषण करना बहुत मुश्किल होता है। सरकारी योजनाओं के संबंध में सीता देवी कहती हैं कि घर में शौचालय बनाने के लिए पैसे मिले थे। लेकिन वह राशि इतनी कम थी कि इससे पानी की सुविधा के साथ पक्का शौचालय घर नहीं बन सकता है।

हालांकि राजस्थान सरकार की ओर से मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत राज्य के बेरोजगार युवाओं को रोजगार शुरू करने के लिए बैंक से लोन दिया जाता है। इस योजना में सरकार द्वारा व्यवसाय के आधार पर 25 लाख रुपए से लेकर 10 करोड़ रुपए तक लोन दिया जाता है। योजना के तहत उपलब्ध कराए जाने वाला लोन बैंकों के माध्यम से दिया जाता है। इसमें सरकार द्वारा सब्सिडी भी दी जाती है ताकि युवाओं को ऋण चुकता करने में कोई मानसिक दबाव न पड़े। इसके अतिरिक्त इस वर्ष के केंद्रीय बजट में भी ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर भी खास फोकस करते हुए रोज़गार सृजन की बात की गई है। इसके लिए स्किल डेवलपमेंट से लेकर एजुकेशन लोन, अप्रेंटिसशिप के लिए इंसेंटिव, ईपीएफ में अंशदान के साथ पहली नौकरी पाने वालों के लिए सैलरी में योगदान और न्यू पेंशन सिस्टम के लिए योगदान में बढ़ोतरी जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। सिर्फ योजनाएं ही नहीं, बल्कि शिक्षा के मामले में भी नाचनबाड़ी गांव पीछे है। आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन के कारण गांव के अधिकतर बच्चे पढ़ाई से दूर हो रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**नई नीति के तहत अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कक्षा 5 और 8 में छात्रों के प्रदर्शन को जांचने के लिए परीक्षाओं का पुनः आरंभ निश्चित रूप से छात्रों के स्तर को आंकने का एक माध्यम होगा। लेकिन इससे जुड़े कुछ सवाल भी खड़े होते हैं। क्या शिक्षकों के पास इतनी क्षमता है कि वे हर छात्र को पर्याप्त रूप से मार्गदर्शन दे सकें? क्या परीक्षाओं का डर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा? क्या शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों पर भी दबाव बढ़ेगा?**

# शिक्षा बन गई कैसा खेल, कभी पास कभी फेल

भारत में शिक्षा प्रणाली में 'नो डिटेंशन पॉलिसी' (एनडीपी) का लागू होना और उसका प्रभाव लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है। यह नीति, जो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के तहत लागू की गई थी, का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कक्षा 1 से 8 तक के किसी भी छात्र को फेल नहीं किया जाएगा। यह नीति छात्रों के बीच भय और असफलता की भावना को दूर करने के लिए लाई गई थी। परंतु, वर्षों के अनुभव और शिक्षा के स्तर पर पड़ने वाले प्रभावों ने इस नीति को लेकर कई सवाल खड़े किए, जिससे इसे रद्द करने का निर्णय लिया गया। निस्संदेह इसे रद्द करने के निर्णय का चहुंओर स्वागत हुआ है और होना भी चाहिए परन्तु 5 वीं और 8 वीं में फिर से परीक्षा आरम्भ करना इतना सरल नहीं होगा। पिछले चार पांच वर्षों से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भी आठवीं की परीक्षा लेने के लिए उद्घोषणाएं करता रहा है, परंतु उसे मूर्त रूप अभी तक नहीं दे पाया।



बलदेव राज भारतीय

नो डिटेंशन पॉलिसी के रद्द होने से शिक्षा का स्तर ऊंचा उठने की संभावनाएं जरूर दिखती हैं, लेकिन इसके साथ कई महत्वपूर्ण प्रश्न और चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। विशेष रूप से पिछले 15 वर्षों में जो शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हुई है, उसकी भरपाई किस प्रकार होगी, यह एक बड़ा सवाल है। शिक्षा की गाड़ी को पटरी पर लाने के लिए इतने वर्ष नहीं तो इससे आधे वर्षों तक तो इंतजार करना पड़ सकता है।

नो डिटेंशन पॉलिसी को लाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों पर परीक्षा का बोझ कम करना और उन्हें अधिक सहज वातावरण में सीखने का अवसर प्रदान करना था। लेकिन समय के साथ, यह स्पष्ट हुआ कि इस नीति के फायदे कम थे और नुकसान ज्यादा। यह नीति बच्चों में प्रतियोगिता की भावना के ह्रास का कारण बनी। यह एक ऐसी दौड़ साबित हुई जिसमें घोड़े, गधे सभी विजेता घोषित हुए। कौन दौड़ में अव्वल रहा और कौन फिसड्डी, इसके बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया।परिणामस्वरूप बच्चों में प्रतियोगिता की भावना खत्म हो गई। यह भावना न केवल शिक्षार्थियों को उदासीन कर गई, इसने अध्यापकों को भी उनके मुख्य दायित्व के प्रति उदासीन कर दिया।

बच्चे आगे की कक्षाओं में बिना मूलभूत ज्ञान के प्रमोट हो रहे थे। परिणामस्वरूप, उच्च कक्षाओं में पहुंचने पर वे विषयों को समझने में असमर्थ हो रहे थे। विषयों को समझना तो दूर, कहीं कहीं तो नौवीं कक्षा में विद्यार्थियों को वर्णमाला ज्ञान और उसकी पहचान तक नहीं हुई। कुछ विद्यार्थी ऐसे भी हैं जिन्हें लिखने का ज्ञान तक नहीं। ऐसे विद्यार्थियों के माता पिता और अभिभावक स्कूल परिणाम घोषित होने के दिनों में स्कूलों के चक्कर काटते हुए देखे जा सकते हैं। जिनकी केवल इतनी गुहार होती है कि बस अबकी बार पास कर दो यदि दसवीं में नहीं पढ़ा तो बोर्ड की परीक्षा में



अपने आप फेल हो जाएगा। जब वही बालक अगले वर्ष दसवीं की परीक्षा देने जाता है तो अभिभावक नकल जैसी कुप्रथा का सहारा लेकर उसे आगे धकेलने में कोई कर कसर नहीं छोड़ते। गत वर्षों में किए गए सर्वेक्षणों से यह बात निकल कर सामने आई है कुछ क्षेत्रों के राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (NAS) और अन्य अध्ययन यह दर्शाते हैं कि कक्षा 5 और कक्षा 8 के छात्रों के शैक्षिक प्रदर्शन में गिरावट आई है। नई नीति के तहत अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कक्षा 5 और 8 में छात्रों के प्रदर्शन को जांचने के लिए परीक्षाओं का पुनः आरंभ निश्चित रूप से छात्रों के स्तर को आंकने का एक माध्यम होगा। लेकिन इससे जुड़े कुछ सवाल भी खड़े होते हैं। क्या शिक्षकों के पास इतनी क्षमता है कि वे हर छात्र को पर्याप्त रूप से मार्गदर्शन दे सकें? क्या परीक्षाओं का डर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा? क्या शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों पर भी दबाव बढ़ेगा? शिक्षक, जो अब तक परीक्षा परिणाम के तनाव से मुक्त थे, उन्हें छात्रों के प्रदर्शन को लेकर अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। वे हर छात्र को पर्याप्त रूप से मार्गदर्शन दे सकते हैं यदि उनसे पढ़ाई के अतिरिक्त कोई काम न लिया जाए। उनको उच्च प्रशिक्षण दिया जाए तथा पाठ्यक्रम का बोझ कम किया जाए।

दूसरी ओर, अभिभावक भी छोटी कक्षाओं में बच्चों को फेल होता देखना नहीं चाहेंगे। यह उनकी मानसिकता और सामाजिक दृष्टिकोण को भी प्रभावित करेगा। इसके लिए अभिभावकों को भी समझना होगा कि किसी भवन की कच्ची नींव उस भवन को सुदृढ़ता प्रदान नहीं करती, अपितु उसे समय से पूर्व नष्ट कर देती है। नो डिटेंशन पॉलिसी के तहत बढ़ी हुई शैक्षणिक उदासीनता की भरपाई एक बड़ा सवाल है। जो छात्र बिना आधारभूत ज्ञान के उच्च कक्षाओं तक पहुंच चुके हैं, उनकी शैक्षिक क्षमताओं को कैसे सुधारा जाएगा? इसके लिए एक मजबूत पुनर्संरचना की आवश्यकता होगी। भारत के ग्रामीण इलाकों में शिक्षकों की कमी और बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ऐसे में, शिक्षा के स्तर को सुधारना वहां एक बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। शिक्षकों को अधिक कुशल और सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता है। उन्हें न केवल छात्रों को शिक्षित करने की तकनीक सिखाई जानी चाहिए, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य और क्षमता को बढ़ाने के तरीकों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार, डिजिटल तकनीक का उपयोग और आधुनिक शिक्षण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। उन छात्रों के लिए विशेष पाठ्यक्रम तैयार करना चाहिए जो अपनी कक्षाओं के स्तर पर नहीं हैं। इसके लिए ब्रिज कोर्स एक प्रभावी उपाय हो सकता है। परीक्षाओं को केवल अंक देने के बजाय, छात्रों की समझ और उनके कौशल को आंकने का माध्यम बनाना चाहिए। अभिभावकों को इस बात का महत्व समझाना चाहिए कि बच्चों का फेल होना उनके विकास का हिस्सा हो सकता है। यह बच्चों की कमजोरियों को पहचानने और उन्हें सुधारने का अवसर प्रदान करता है। शिक्षा नीति में किए गए परिवर्तन, जैसे नो डिटेंशन पॉलिसी का रद्द होना, शैक्षिक सुधार के लिए एक आवश्यक कदम है। लेकिन इसे दीर्घकालिक दृष्टि से देखा जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना कि हर बच्चा, चाहे वह किसी भी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि से आता हो, शिक्षा का समान अवसर प्राप्त करे। शिक्षा केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसमें नैतिक मूल्यों, व्यक्तित्व विकास, और रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। नो डिटेंशन पॉलिसी के रद्द होने से शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यह कदम शैक्षणिक गुणवत्ता को पुनः स्थापित करने और छात्रों को उनके प्रदर्शन के आधार पर परखने का अवसर देगा। लेकिन यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इस प्रक्रिया में बच्चों और शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव न पड़े। शिक्षा प्रणाली में सुधार का यह सफर आसान नहीं होगा, लेकिन सही दिशा में उठाए गए कदम निश्चित रूप से हमारे देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।

# संसद में काम कम, हंगामा ज्यादा, जिम्मेदार कौन?

**हम संसदीय कार्यवाही को अब एक 'तमाशा' मानते हैं, क्योंकि कुछ भी सकारात्मक नहीं होता। संसद में सत्ता और विपक्ष दोनों ही अनिवार्य और पूरक पक्ष हैं। बेशक संसद चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की है, क्योंकि वह ही विधेयक और अन्य प्रस्ताव तैयार करता है। कैबिनेट को जनादेश हासिल है, लिहाजा वह ही बुनियादी और शुरुआती तौर पर बिलों और प्रस्तावों को स्वीकृति देती है। विपक्ष की भूमिका 'दुश्मन' और 'नफरती पक्ष' की ही नहीं होनी चाहिए, क्योंकि संविधान में उसे 'प्रतिपक्ष' माना गया है।**

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान इस बार जिस तरह की तस्वीरें सामने आई, संभवतः उन तस्वीरों ने करोड़ों देशवासियों के मन में एक सवाल जरूर पैदा कर दिया होगा कि हम सांसद क्यों चुनते हैं? क्या इसलिए कि संसद में जाकर उनके चुने हुए प्रतिनिधि हंगामा करें, धक्का-मुक्की करें? बीती 19 दिसंबर को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान जाने-अनजाने ऐसा हंगामा हुआ कि धक्का-मुक्की की बातें सामने आई। दो सांसदों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जो सांसद कानून बनाते हैं, वही एक-दूसरे के खिलाफ रपट लिखवाने थाने पहुंच गए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई। संसद के इतिहास में 19 दिसंबर 2024 को काला दिन बताया जा रहा है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या ऐसे ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की संसद चलेगी? क्या हमारे सांसदों की सहनशक्ति या सुनने की क्षमता दिनों-दिन कम होती जा रही है? क्या हमारे माननीय सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप करते हुए एक-दूसरे को घेरने में सारी ऊर्जा खर्च कर रहे हैं? क्या सत्ता पक्ष-विपक्ष का मकसद सिर्फ हंगामा खड़ा करना रह गया है? आखिर संसद चलाने की जिम्मेदारी किसकी है-सत्ता पक्ष की या विपक्ष की? संसद में गंभीर मुद्दों पर सार्थक चर्चा कम क्यों होती जा रही है? आज ऐसे ही सवालों के जवाब तलाशने की कोशिश करते हैं? संसद के शीतकालीन सत्र की 20 बैठकों में लोकसभा में करीब 57 फीसदी और राज्यसभा में करीब 43 फीसदी काम हो पाया है। वह भी शोर-शराबे के बीच निपटाना पड़ा है। कुछ प्रस्ताव, रपटें और विधायी कार्य ऐसे होते हैं, जो विप्लव के हंगामों के दौरान ही सदन में पेश करने अनिवार्य होते हैं। 'एक देश, एक चुनाव' पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन का प्रस्ताव ध्वनि-मत से पारित हो सका, क्योंकि उसमें सत्ता और विपक्ष के सांसद होते हैं। अलबत्ता दोनों सदनों में अडाणी, सोरोस और गृहमंत्री अमित शाह के बयान के बाद बाबा अंबेडकर के ही नारे गूंजते रहे। दोनों तरफ टकराव और समानांतर आक्रामकता का माहौल बना रहा।



रोहित माहेश्वरी

संसद में संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर बहस हुई, लेकिन उस बहस का लब्बोलुआब क्या निकला? लोकसभा में 15 घंटे 43 मिनट और राज्यसभा में 17 घंटा 41 मिनट तक सांसदों ने अपनी राय रखी। संसद में बहुत सार्थक बहस का मौका पक्ष-विपक्ष दोनों के पास मौका था, लेकिन दोनों पक्षों के ज्यादातर सदस्य अटैक इज बेस्ट डिफेंस वाली रणनीति के साथ चर्चा को आगे बढ़ाते रहे। बहस के दौरान कई बार ऐसा लग रहा था कि चर्चा संविधान के 75 साल पर नहीं इमरजेंसी के 49 साल पर हो रही हो। हम संसदीय कार्यवाही को अब एक 'तमाशा' मानते हैं, क्योंकि कुछ भी सकारात्मक नहीं होता। संसद में सत्ता और विपक्ष दोनों ही अनिवार्य और पूरक पक्ष हैं। बेशक संसद चलाने की जिम्मेदारी



सत्ता पक्ष की है, क्योंकि वह ही विधेयक और अन्य प्रस्ताव तैयार करता है। कैबिनेट को जनादेश हासिल है, लिहाजा वह ही बुनियादी और शुरुआती तौर पर बिलों और प्रस्तावों को स्वीकृति देती है। विपक्ष की भूमिका 'दुश्मन' और 'नफरती पक्ष' की ही नहीं होनी चाहिए, क्योंकि संविधान में उसे 'प्रतिपक्ष' माना गया है। संसद जिद अथवा दुश्मनी-भाव से नहीं चल सकती, क्योंकि जो भी बिल और प्रस्ताव संसद में पारित किए जाते हैं, वे पूरकता में ही होने चाहिए। दोनों पक्षों की सहमति और असहमति स्पष्ट होनी चाहिए। अंततः मतविभाजन अथवा ध्वनि-मत से बिल और प्रस्ताव पारित किए जाएं, लेकिन मोदी सरकार के 11वें साल तक राजनीति और संसदीय कार्यवाही 'दुश्मनी-भाव' की ही रही है।

हालांकि पहले 10 साल में विपक्ष बेहद कमजोर रहा, लेकिन 18वीं लोकसभा में कांग्रेस और विपक्ष के आंकड़े कुछ ताकतवर हैं, नतीजतन संसद सही अर्थों में 'अखाड़ा' या 'सब्जी मंडी' बनकर रह गई है। यदि लोकसभा की कार्यवाही एक दिन न चले, तो 9 करोड़ रुपए और राज्यसभा की कार्यवाही लगातार स्थगित होती रहे, तो एक दिन में 5.5 करोड़ रुपए का नुकसान हो जाता है। क्या यह पैसा खैरात का है अथवा जॉर्ज सोरोस ही यह फंडिंग करता है?

हमें बार-बार सोचने और क्षुब्ध होने को बाध्य होना पड़ रहा है कि क्या संसद के मायने हंगामे, नारेबाजी और विप्लवी स्थितियां ही हैं? क्या देश के गणतंत्र और संवैधानिक कार्यों के लिए ऐसी ही संसद की जरूरत है? नफरत और दुश्मनी की सियासत के लिए क्या संसद चाहिए अथवा उसकी कोई सार्थक भूमिका और जरूरत नहीं है? आम जनता में यहां तक टिप्पणियां की जाने लगी हैं कि हमें संसद की जरूरत ही क्या है, जब संसद में कार्यवाही तो बाधित ही रहती है? सवाल है कि सांसद हर बार माहौल क्यों नहीं बनाते? क्या सांसद केवल हंगामा करने के लिए ही पहुंचते हैं? सांसदों ने लोकसभा को पंगु बना कर रख दिया है। बार-बार हंगामा करने वाले सांसदों को चिन्हित किया जाए और उनकी सूची प्रचारित कराई जाए। ऐसे नियम बनाए जाएं कि वेल में आने या पर्चा लहराने या दूसरा किसी भी क़िस्म का हंगामा करने वाले सांसद के ख़िलाफ़ ख़ुद-ब-ख़ुद कोई तय कार्यवाही हो जाए। कुछ सांसद वॉकआउट करने के बाद दोबारा सदन में क्यों आ जाते हैं? केवल दिखावा करने के लिए ऐसा करते हैं, उन्हें देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है।

संसद चलाने की जिम्मेदारी जितनी सत्ता पक्ष की है, उतनी ही विपक्ष की भी है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को शक्तियां ससद से मिलती हैं। सोशल मीडिया की वजह से भी राजनीतिक दलों पर दबाव कई गुना बढ़ा है। सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों को खुश करने के चक्कर में या लोगों की वाहवाही के लिए कई बार शब्दों की लक्ष्मण रेखा पार होती दिखती है। आज की राजनीति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष में संवाद की कड़ियां जोड़ने वाले नेताओं का अकाल पड़ गया है। दोनों ओर ऐसे नेताओं की भारी कमी है, जो बातचीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने में एक असरदार कड़ी की भूमिका निभा सकें।

वह भी भारत के संसदीय लोकतंत्र का ही दौर था, जब नरसिम्हा राव ने कश्मीर मुद्दे पर भारत का पक्ष रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भेजे गए प्रतिनिधिमंडल में विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी को शामिल किया था। एक दौर वो भी था, जब गंभीर मसलों पर पब्लिक के बीच जाने से पहले विपक्षी नेताओं से सलाह-मशविरा किया जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में भारतीय लोकतंत्र को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी सहूलियत के हिसाब से परिभाषित किया है। भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में विपक्ष की भूमिका भी बहुत जिम्मेदारी का काम है। संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष का काम है, सरकार के फैसले में कमियां निकालना और लोगों से जुड़े मुद्दों को उठाना तो सत्ता पक्ष का काम है विपक्ष को साधते हुए संसद चलाना, आगे बढ़ना। ऐसे में जब हम 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल या लूट का अड्डा


**सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फ़ार्मा और हेल्थकेयर फ़र्मों को इस बात की पूरी छूट मिल चुकी है कि वे मरीज़ की आर्थिक स्थिति के अनुसार जितना चाहे उसका दोहन कर सकते हैं करें। इनको मिली इस शाह का नतीजा है कि आज देश में प्रायः 44 फीसदी ऐसी झूठी सर्जरी की जा रही हैं जिनकी ज़रुरत ही नहीं। क़रीब 55 फीसदी ग़ैर ज़रूरी हार्ट सर्जरी, लगभग 48 फीसदी गर्भाशय सर्जरी क़रीब 47 फीसदी कैंसर सर्जरी, 48 फीसदी घुटना बदलने वाली शल्य चिकित्सा 45 फीसदी प्रसव सर्जरी केवल धन ऐंठने हेतु पूरी तरह अकारण ही की जा रही हैं।**

वैसे तो 2012 में प्रसारित किये गये आमिर ख़ान के प्रसिद्ध व लोकप्रिय धारावाहिक सत्यमेव जयते में भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त धांधली व लूट जैसे अति गंभीर विषय को अत्यंत प्रभावी रूप से उठाया जा चुका है। इस में प्रमाणिक तरीक़े से यह बताया गया था कि किस प्रकार डॉक्टर्स द्वारा मरीज़ों को बिना ज़रुरत के दवाइयाँ दी जाती हैं और किस तरह मरीज़ों का ग़ैर ज़रूरी इलाज किया जाता है। इसमें कई ऐसे उदाहरण पेश किये गये थे जिससे यह साबित होता है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किस तरह की धांधलियां हो रही हैं। सत्यमेव जयते में यह भी दिखाया गया था कि आंध्र प्रदेश के एक गाँव में बड़ी संख्या में महिलाओं की बच्चेदानी (गर्भाशय) निकाल दिया गया, जबकि इसकी ज़रुरत ही नहीं थी। डॉक्टर्स द्वारा महिलाओं को यह बताया गया था कि अगर उन्होंने ऑप्रेशन नहीं करवाया तो उनकी जान चली जाएगी। जब कि इस कार्यक्रम में भाग ले रही एक सीनियर डॉक्टर का कहना था कि कैंसर के अलावा कोई और मामला नहीं होता जिसमें गर्भाशय को निकालना पड़े। इसी मंच पर यह भी बताया गया था कि कई बार मरीज़ों से दवाओं की क़ीमत पचास गुना ज़्यादा तक वसूली जाती है। तरह तरह के ग़ैर ज़रूरी फ़र्ज़ी टेस्ट करने के लिए मरीज़ पर दबाव बनाने जैसी अनेक बातें भी सामने आयी थीं। यहाँ तक कि सत्यमेव जयते में डॉक्टरों के व्यवसाय से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक सभी पर निगरानी रखने वाली संस्था मेडिकल काउंसिल ऑफ़ इंडिया (एमसीआई) की गड़बड़ियों पर भी चर्चा की गई थी।



निर्मल रानी

परन्तु सत्यमेव जयते द्वारा भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार व लूट के उजागर होने के बावजूद गत 12 वर्षों में इसमें कोई सुधार तो बिल्कुल नहीं आया,हाँ लूट खसोट में और अधिक इज़ाफ़ा ज़रूर हो गया है। और भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त यह लूट अब इस हद तक पहुँच चुकी है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सीधे शब्दों में मरीज़ को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ देने के बारे में तो क़तई नहीं बल्कि उससे कितने अधिक से अधिक पैसे वसूले जा सकते हैं सारा ध्यान व अस्पतालों का सारा चक्रव्यूह इसी तरीक़े से रचा जा रहा है। और ऐसा हो भी क्यों न? जब सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फ़ार्मा और हेल्थकेयर कम्पनीज़ द्वारा सत्ता को चुनावी बांड के रूप में इतने पैसे दे दिए जायें कि उनकी हर तरह की लूट पर सरकारें खामोश रहें? ग़ौरतलब है पिछले दिनों जब सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इलेक्टोरल बांड सार्वजनिक किये गए थे उन्हीं चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से पता चला था कि देश की कम से कम 30 फ़ार्मा और




हेल्थकेयर कंपनियों ने 5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के चुनावी बॉन्ड ख़रीदे थे जो कुल मिलाकर लगभग 900 करोड़ रुपये है। यह कुल 12,155 करोड़ रुपये की राशि का लगभग 7.4 फीसदी है, जिसके लिए डेटा जारी किया गया था।

नतीजतन आज सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फ़ार्मा और हेल्थकेयर फ़र्मों को इस बात की पूरी छूट मिल चुकी है कि वे मरीज़ की आर्थिक स्थिति के अनुसार जितना चाहे उसका दोहन कर सकते हैं करें। इनको मिली इस शाह का नतीजा है कि आज देश में प्रायः 44 फीसदी ऐसी झूठी सर्जरी की जा रही हैं जिनकी ज़रुरत ही नहीं। क़रीब 55 फीसदी ग़ैर ज़रूरी हार्ट सर्जरी,लगभग 48 फीसदी गर्भाशय सर्जरी क़रीब 47 त्न कैंसर सर्जरी, 48 फीसदी घुटना बदलने वाली शल्य चिकित्सा 45 फीसदी प्रसव सर्जरी केवल धन ऐंठने हेतु पूरी तरह अकारण ही की जा रही हैं। यह कोई गढ़े हुये काल्पनिक आंकड़े नहीं बल्कि मार्च 2016 को भारत की एक संसदीय समिति द्वारा स्वीकार किये गये तथ्य हैं। सत्ता संरक्षित इन अस्पतालों को भी पूरी तरह से कॉर्पोरेट कम्पनी की ही तरह टारगेट आधारित व्यवसाय बना दिया गया है। अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिये हर महीने के अंत में इन डॉक्टर्स पर दबाव बढ़ता है और डॉक्टर्स को ओपीडी के मरीज़ों को भी अकारण शल्य चिकित्सा (सर्जरी ) की तरफ़ धकेलना पड़ता है। यूँही नहीं कई बड़े नामी सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल अपने सीनियर डॉक्टर्स को एक करोड़ रूपये प्रति माह तक तनख़्वाह देते हैं। इसके बदले में इन्हें प्रत्येक माह एक हज़ार सामान्य मरीज़ों को गंभीर मरीज़ में परिवर्तित करना होता है। ऐसे लूट एक्सपर्ट डॉक्टर्स का ट्रैक रिकार्ड बनता है कि वह मरीज़ों को लूटने का कितना एक्सपर्ट है उसके हिसाब से ही उसे दूसरे लुटेरे अस्पतालों में मरीज़ों को लूटने का ठेका यानी नौकरी मिलती है।

कई मामले ऐसे भी सामने आये हैं जिसमें मृत हो चुके मरीज़ों को भी ज़िंदा बताकर पैसे वसूले जाते रहे हैं। अस्पताल द्वारा मृत हो चुके मरीज़ों का इलाज जारी रखने का केवल नाटक चलता है ताकि जितना हो सके पैसे ऐंठे जाते रहें। ऐसे कई मामले अख़बारों में भी आते रहते हैं। ब्रेन डेड मरीज़ों को एक महीना वेंटिलेटर पर रखने जैसा एक अस्पताल का मामला अदालत में साबित हुआ तो अदालत ने सिर्फ़ 5 लाख की सांत्वना राशि का जुर्माना उस अस्पताल पर ठोक दिया। इन्हीं भारतीय स्वास्थ्य सम्बन्धी अनियमिताओं के चलते पिछले दिनों मेरे एक पारिवारिक सम्बन्ध रखने वाले संपन्न,शिक्षित व अप्रवासी भारतीय परिवार की एक 76 वर्षीय महिला की समय पूर्व जान चली गयी। मरीज़ के शरीर में इस आयु में चौथे चरण का अग्न्याशय का कैंसर चिन्हित किया गया। उसी समय चंडीगढ़ में एक वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ ने यह घोषित कर दिया कि मरीज़ अधिकतम एक वर्ष की आयु और जी सकता है। अमेरिका में मरीज़ के क़रीबी रिश्तेदार जोकि स्वास्थ्य विभाग में ही शोधार्थी है तथा उच्च पद पर कार्यरत हैं जब उन्हें इस घटनाक्रम का पता चला तो उन्होंने भी इस उम्र में किसी भी कीमियो थरेपी की कोशिश से मन किया साथ यह भी कहा की अमेरिका में इस उम्र में कीमियो की सलाह नहीं दी जाती।

परन्तु जब यही मरीज़ मोहाली के एक नामी सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया तो वहाँ के नेटवर्क ने किसी दूरदर्शिता की बात करने या संभावित ख़तरों की फ़िक्र या उससे आगाह किये बिना कीमियो कर डाला। जिससे मरीज़ के शरीर में जॉन्डिस फैल गया। और इस अनावश्यक कीमियो के सप्ताह भर के भीतर ही वह मरीज़ चल बसा जोकि बिना कीमियो के एक साल जी सकता था।

# नए साल का आगमन, लिखी जाएगी उपलब्धियों और बदलाव की गाथा

**नए साल का आगमन हर किसी के जीवन में नई उम्मीदें, सपने और संभावनाओं का संदेश लेकर आता है। जिन लोगों की ज्योतिष में आस्था होती है, वे यह जानने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं कि ग्रह-नक्षत्रों की चाल उनकी जिंदगी में कौनसे बदलाव लाएगी। उनकी लव लाइफ, पारिवारिक लाइफ, करियर, आर्थिक स्थिति और स्वास्थ्य नए साल में कैसा रहेगा? नया साल जिंदगी में कौनसी उपलब्धियां लेकर आएगा और कहां पर उन्हें सतर्क रहना होगा? ऐसे सवाल मन में उठते रहते हैं।**




2025 की शुरुआत ज्योतिषीय दृष्टिकोण से बेहद खास होने वाली है, क्योंकि यह वर्ष महत्वपूर्ण खगोलीय घटनाओं और ग्रह-गोचर के कारण जीवन के हर पहलू को प्रभावित करेगा। ज्योतिष की दृष्टि से 2025 संभावनाओं और परिवर्तनों का वर्ष है। नए साल का शुभारंभ उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में और मकर लग्न में हो रहा है। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र के स्वामी सूर्य हैं, जो शक्ति, अनुशासन और स्थिरता के प्रतीक हैं। मकर लग्न, जो शनि के अधीन है, कर्मप्रधानता और योजनाबद्ध प्रयासों को दर्शाता है। इस योग से संकेत मिलता है कि यह वर्ष स्थिरता, जिम्मेदारियों और नए लक्ष्यों को साधने का अवसर प्रदान करेगा।

## दो सूर्य ग्रहण भी लगेंगे

29 मार्च 2025 को साल का पहला सूर्य ग्रहण लगेगा। यह ग्रहण दुनियाभर में यूरोप, एशिया के उत्तरी इलाकों, अफ्रीका के उत्तरी व पश्चिमी इलाकों समेत नॉर्थ अमेरिका, साउथ अमेरिका के उत्तरी हिस्सों, अटलांटिक व आर्कटिक क्षेत्रों में दिखाई देगा। यह पूर्ण ग्रहण दोपहर 14.21 बजे से शाम 18.14 बजे तक रहेगा। यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए इसका कोई धार्मिक प्रभाव नहीं माना जाएगा। साथ ही इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। इस दौरान मीन राशि और उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र में ग्रहों का विशेष संयोग बनेगा। इस दिन मीन राशि में सूर्य और राहु के अतिरिक्त शुक्र, बुध और चंद्रमा उपस्थित होंगे। इससे द्वादश भाव में शनि विराजमान होंगे। इससे तीसरे भाव में वृषभ राशि में बृहस्पति, चौथे भाव में मिथुन राशि में मंगल और सप्तम भाव में कन्या राशि में केतु स्थित होंगे। पांच ग्रहों का प्रभाव एक साथ होने के कारण इस ग्रहण का राशियों पर बहुत गहरा प्रभाव देखने को मिल सकता है। 21 सितंबर 2025 को साल का दूसरा सूर्य ग्रहण लगेगा। यह ग्रहण रात्रि में लगेगा, जो आश्विन मास की कृष्ण पक्ष अमावस्या के दिन रात 22.59 बजे से शुरू होकर 22 सितंबर की सुबह 03.23 बजे तक प्रभावी रहेगा। यह ग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए यहां इसका धार्मिक प्रभाव भी नहीं होगा और न ही इसका सूतक काल मान्य होगा। साल का दूसरा ग्रहण कन्या राशि और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में आकार लेगा। इस दौरान सूर्य, चंद्रमा और बुध के साथ कन्या राशि में स्थित होंगे और उन पर मीन राशि में बैठे शनि देव की पूर्ण दृष्टि रहेगी। इससे दूसरे भाव में तुला राशि में मंगल होंगे, छठे भाव में कुंभ राशि में राहु, दशम भाव में बृहस्पति और द्वादश भाव में शुक्र और केतु की युति होगी। कन्या राशि और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में जन्मे लोगों के लिए यह सूर्य ग्रहण विशेष रूप से प्रभावशाली हो सकता है। इस लिहाज से देखा जाए तो साल 2025 में ग्रहों का खेल विभिन्न राशियों के जीवन में काफी बड़ा बदलाव लेकर आने वाला है। यह ग्रह राशि परिवर्तन करके न केवल व्यक्तिगत जीवन बल्कि सामूहिक चेतना और वैश्विक परिदृश्य पर भी गहरा प्रभाव डालेंगे और ज्योतिष की दुनिया में हलचल मचाते रहेंगे।

## चार बड़े ग्रहों का राशि परिवर्तन

2025 में चार बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। यह ग्रह आमतौर पर एक राशि में लंबे समय तक रहते हैं। साल 2025 की शुरुआत में 29 मार्च 2025 को शनि अपना राशि परिवर्तन करेंगे और वह कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में चले जाएंगे। शनि की राशि परिवर्तन के साथ ही मकर राशि पर साढ़ेसाती समाप्त हो जाएगी और कर्क राशि तथा वृश्चिक राशि पर शनि की ढैया भी खत्म हो जाएगी। मेष राशि पर साढ़ेसाती और सिंह तथा धनु राशि पर शनि की ढैया शुरू हो जाएगी। इसी तरह 2025 में ही देवगुरु बृहस्पति भी राशि परिवर्तन करेंगे और वह 14 मई को रात 10.36 पर शुक्र की वृषभ राशि से निकलकर बुद्ध की मिथुन राशि में चले जाएंगे। देवगुरु बृहस्पति के राशि परिवर्तन के बाद 18 मई को राहु और केतु भी 18 महीने बाद अपना राशि परिवर्तन करेंगे। राहु मीन राशि से निकलकर कुंभ राशि में आ जाएंगे, जबकि केतु कन्या राशि से निकलकर सिंह राशि में आ जाएंगे। चंद्रमा तो हर अढ़ाई दिन के बाद राशि बदल लेते हैं। सूर्य हर महीने राशि बदलते हैं। मंगल 45 दिन में राशि बदलते हैं। इसी तरह बुध और शुक्र भी एक महीने के अंतराल में ही राशि बदल लेते हैं। 2025 में शनिदेव 13 जुलाई से लेकर 28 नवंबर तक शनि देव वक्री अवस्था में रहेंगे। 2025 में दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण लगेंगे। 14 मार्च और 7 सितंबर को चंद्र ग्रहण लगेगा, जबकि 29 मार्च और 21 सितंबर को सूर्य ग्रहण लगेगा।

## दो चंद्र ग्रहण

साल 2025 का पहला चंद्र ग्रहण 14 मार्च को फाल्गुन मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन लगेगा। यह ग्रहण भारतीय समयानुसार सुबह 10.41 बजे से दोपहर 14.18 बजे तक रहेगा। यह भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए इस ग्रहण का धार्मिक दृष्टि से भारत में कोई महत्व नहीं होगा। खगोलीय दृष्टि से यह चंद्र ग्रहण सिंह राशि और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में लगेगा, इसलिए सिंह राशि और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में जन्मे लोगों के लिए यह ग्रहण विशेष रूप से प्रभावशाली रहने वाला है। चंद्र ग्रहण के दिन चंद्रमा से सप्तम भाव में सूर्य और शनि विराजमान रहेंगे और चंद्रमा को पूर्ण सप्तम दृष्टि से देखेंगे। ऐसे में इसका प्रभाव और भी गहरा देखने को मिलेगा। इस दिन चंद्रमा से दूसरे भाव में केतु, सप्तम भाव में सूर्य और शनि, अष्टम भाव में राहु, बुध और शुक्र, दशम भाव में बृहस्पति और एकादश भाव में मंगल विराजमान होंगे। दूसरा चंद्र ग्रहण 7 सितंबर 2025 को भाद्रपद मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन लगेगा। यह रात्रि 21.57 बजे शुरू होकर 1.26 बजे तक प्रभावी रहेगा और भारत समेत संपूर्ण एशिया, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, न्यूजीलैंड, पश्चिमी और उत्तरी अमेरिका, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका के पूर्वी क्षेत्रों में दिखाई देगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में भी नजर आएगा, इसलिए इसका सूतक काल मान्य होगा और धार्मिक दृष्टि से इसका महत्व होगा। इस ग्रहण का सूतक काल 7 सितंबर को दोपहर 12.57 बजे से आरंभ होगा और ग्रहण की समाप्ति तक रहेगा। यह पूर्ण चंद्र ग्रहण कुंभ राशि और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में लगेगा, जिसमें चंद्रमा के साथ राहु और सप्तम भाव में सूर्य, केतु और बुध विराजमान होंगे। इस संयोजन का कुंभ राशि और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में जन्मे व्यक्तियों पर विशेष प्रभाव पड़ सकता है। इन जातकों को सावधानी बरतने की आवश्यकता रहेगी।

## नए संवत के राजा होंगे सूर्य

30 मार्च 2025 रविवार से नया विक्रमी संवत 2082 भी शुरू होगा और इस संबंध के राजा सूर्य देव होंगे। इस दिन चंद्रमा श्रवण नक्षत्र में होगा, जिसके स्वामी चंद्रमा हैं। अतः विक्रमी संवत 2082 के मंत्री चंद्रदेव होंगे। नए संवत के राजा सूर्य के होने से यह संवत राजकीय मामलों में सशक्त नेतृत्व और निर्णायकता का समय होगा।

## उच्च से उच्चतर की यात्रा के नव-संकल्प

अंग्रेजों की काल गणना के अनुसार नए ईसाई वर्ष 2025 का आरंभ होने वाला है। 31 दिसंबर, 2024 की रात को 12 बजते ही नया साल शुरू हो जाएगा। कोई भी नया वर्ष एक नई शुरुआत का प्रतीक होता है। लोग इसे आत्मविश्लेषण और जीवन में सुधार का अवसर मानते हैं। अपने लक्ष्यों, आदतों और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव के संकल्प धारण किए जाते हैं। यह आत्मविकास, प्रेरणा और नए उत्साह से भरे जीवन की ओर एक कदम बढ़ाने का समय होता है। संकल्प हमारे जीवन में परिवर्तन लाने और सफलता प्राप्त करने का सबसे प्रभावशाली साधनों में से एक है। यह केवल एक विचार या इच्छा नहीं है, बल्कि एक दृढ़ निश्चय है जो व्यक्ति को अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रेरित करता है। इतिहास और जीवन के अनुभव इसके प्रमाण हैं कि जब मनुष्य किसी कार्य को पूरा करने का संकल्प धारण करता है, तो वह कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी विजय प्राप्त कर सकता है। संकल्प की शक्ति के पीछे मुख्य कारण है उसका मानसिक और भावनात्मक प्रभाव। जब हम किसी चीज का संकल्प लेते हैं, तो हमारा मस्तिष्क उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक एवं समर्पित योजना बनाता है और हमारी ऊर्जा को उसी दिशा में केंद्रित करता है। यह प्रक्रिया न केवल हमारी क्षमताओं को बढ़ाती है, बल्कि हमें अनुशासन और निरंतरता का पाठ भी सिखाती है। उदाहरण के लिए, अगर कोई व्यक्ति अपने स्वास्थ्य को सुधारने का संकल्प लेता है, तो वह नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में काम करता है। संकल्प केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और देश को भी प्रगति की राह पर ले जा सकता है। उदाहरण के लिए, स्वामी विवेकानंद ने भारत के पुनर्जागरण और युवा शक्ति को जागृत करने का संकल्प लिया। उन्होंने देशभर में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया और आत्मविश्वास का संदेश दिया। उनका मानना था कि युवा पीढ़ी के जागरण से ही भारत पुनः अपनी खोई हुई गरिमा प्राप्त कर सकता है।

उन्होंने कहा, 'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो।' यह संकल्प आज भी व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय जीवन को समर्पित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु भारतीय युवा शक्ति को प्रेरित एवं उत्साहित करता है। हालांकि, संकल्प लेना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण है उसे निभाना। अक्सर लोग जोश में संकल्प लेते हैं, लेकिन उन्हें लंबे समय तक निभा नहीं पाते। इसका मुख्य कारण है धैर्य और अनुशासन की कमी। इसलिए यह आवश्यक है कि संकल्प व्यावहारिक और यथार्थवादी हों। इसके साथ ही, आत्मनिरीक्षण और प्रेरणा के साधनों का सहारा लेना भी उपयोगी हो सकता है। अंततः, संकल्प की शक्ति हमारे जीवन को नया आकार देने और हमें हमारी पूरी क्षमता तक पहुंचाने का माध्यम है।

# दीर्घायु के लिए सोमवती अमावस्या का व्रत

**सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहते हैं। यह वर्ष में लगभग एक अथवा दो ही बार पड़ती है। इस अमावस्या का हिंदू धर्म में विशेष महत्त्व होता है। विवाहित स्त्रियों द्वारा इस दिन अपने पतियों के दीर्घायु कामना के लिए व्रत का विधान है। इस दिन मौन व्रत रहने से सहस्त्र गोदान का फल मिलता है। शास्त्रों में इसे अश्वत्थ प्रदक्षिणा व्रत की भी संज्ञा दी गई है। अश्वत्थ यानी पीपल वृक्ष। इस दिन विवाहित स्त्रियों द्वारा पीपल के वृक्ष की दूध, जल, पुष्प, अक्षत, चंदन इत्यादि से पूजा और वृक्ष के चारों ओर 108 बार धागा लपेट कर परिक्रमा करने का विधान होता है। और कुछ अन्य परंपराओं में भंवरी देने का भी विधान होता है।**



धान, पान और खड़ी हल्दी को मिला कर उसे विधानपूर्वक तुलसी के पेड़ को चढ़ाया जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का भी विशेष महत्व समझा जाता है। कहा जाता है कि महाभारत में भीष्म ने युधिष्ठिर को इस दिन का महत्व समझाते हुए कहा था कि, इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने वाला मनुष्य समृद्ध, स्वस्थ और सभी दुखों से मुक्त होगा। ऐसा भी माना जाता है कि स्नान करने से पितरों की आत्माओं को शांति मिलती है। सोमवती अमावस्या से संबंधित अनेक कथाएं प्रचलित हैं। परंपरा है कि सोमवती अमावस्या के दिन इन कथाओं को विधिपूर्वक सुना जाता है। एक गरीब ब्राह्मण परिवार था, जिसमें पति, पत्नी के अलावा एक पुत्री भी थी। पुत्री धीरे-धीरे बड़ी होने लगी। उस लड़की में समय के साथ सभी स्त्रियोचित गुणों का विकास हो रहा था। लड़की सुंदर, संस्कारवान एवं गुणवान भी थी, लेकिन गरीब होने के कारण उसका विवाह नहीं हो पा रहा था। एक दिन ब्राह्मण के घर एक साधु पधारे, जो कि कन्या के सेवाभाव से काफी प्रसन्न हुए। कन्या को लंबी आयु का आशीर्वाद देते हुए साधु ने कहा कि कन्या की हथेली में विवाह योग्य रेखा नहीं है। ब्राह्मण दंपति ने साधु से उपाय पूछा कि कन्या ऐसा क्या करे कि उसके हाथ में विवाह योग बन जाए। साधु ने कुछ देर विचार करने के बाद अपनी अंतर्दृष्टि से ध्यान करके बताया कि कुछ दूरी पर एक गांव में सोना नाम की धूबी जाति की एक महिला अपने बेटे और बहू के साथ रहती है, जो बहुत ही आचार-विचार और संस्कार संपन्न तथा पति परायण है। यदि यह कन्या उसकी सेवा करे और वह महिला इसकी शादी में अपनी मांग का सिंदूर लगा दे, उसके बाद इस कन्या का विवाह हो तो इस कन्या का वैधव्य योग मिट सकता है। साधु ने यह भी बताया कि वह महिला कहीं आती-जाती नहीं है। यह बात सुनकर ब्राह्मणि ने अपनी बेटी से धोबिन की सेवा करने की बात कही। कन्या तड़के ही उठ कर सोना धोबिन के घर जाकर, सफाई और अन्य सारे काम करके अपने घर वापस आ जाती। सोना धोबिन अपनी बहू से पूछती है कि तुम तो तड़के ही उठकर सारे काम कर लेती हो और पता भी नहीं चलता। बहू ने कहा कि मां जी मैंने तो सोचा कि आप ही सुबह उठकर सारे काम खुद ही खत्म कर लेती हैं। मैं तो देर से उठती हूं। इस पर दोनों सास-बहू निगरानी करने करने लगी कि कौन है जो तड़के ही घर का सारा काम करके चला जाता है। कई दिनों के बाद धोबिन ने देखा कि एक कन्या मुंह अंधेरे घर में आती है और सारे काम करने के बाद चली जाती है। जब वह जाने लगी तो सोना धोबिन उसके पैरों पर गिर पड़ी, पूछने लगी कि आप कौन है और इस तरह छुपकर मेरे घर की चाकरी क्यों करती हैं। तब कन्या ने साधु द्वारा कही गई सारी बात बताई। सोना धोबिन पति परायण थी, उसमें तेज था। वह तैयार हो गई। सोना धोबिन के पति थोड़ा अस्वस्थ थे। उसने अपनी बहू से अपने लौट आने तक घर पर ही रहने को कहा। सोना धोबिन ने जैसे ही अपनी मांग का सिंदूर कन्या की मांग में लगाया, तो आश्चर्यजनक घटना हुई। अनेक घटनात्रम के बाद उसके पति के मुर्दा शरीर में कम्पन होने लगा।

## कर्म-जीवन की स्मृति

क्रिया उस प्रकार का कार्य है जो खुद को एक बिलकुल अलग आयाम पर अंकित करता है और सिस्टम में जमा हुए कर्म के अवशेषों को खत्म करने लगता है। कर्म कई तरह के होते हैं, उनकी कई अलग-अलग परतें और कई अलग-अलग आयाम होते हैं कर्म शब्द लोगों के मन में अलग-अलग तरह की समझ पैदा करता है। कर्म का मतलब है कार्य। कार्य कई अलग-अलग स्तरों पर होता है। शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और ऊर्जा के स्तर पर किए गए कार्यों को हम कर्म कह सकते हैं। अगर कार्य इन चार आयामों से ज्यादा गहराई में बैठता है, तो हम उसे क्रिया कहते हैं। तो कर्म और क्रिया दोनों का मतलब कार्य है, लेकिन कर्म उस किस्म का कार्य है जो सिस्टम पर एक बची खुची छाप या असर छोड़ता है। इसका मतलब है कि उस क्रिया की स्मृति और केमेस्ट्री कायम रहती है। क्रिया उस प्रकार का कार्य है जो खुद को एक बिलकुल अलग आयाम पर अंकित करता है और सिस्टम में जमा हुए कर्म के अवशेषों को खत्म करने लगता है। कर्म कई तरह के होते हैं, उनकी कई अलग-अलग परतें और कई अलग-अलग आयाम होते हैं। आपके पिता ने जो क्रियाकलाप किए, वे आपके भीतर कई अलग-अलग तरीकों से काम कर रहे हैं और सक्रिय हो रहे हैं, सिर्फ आपकी परिस्थितियों में ही नहीं, बल्कि आपके शरीर की हर कोशिका में। आपमें से कई लोगों ने देखा होगा कि जब आप अठारह या बीस साल के थे, तो आपने अपने पिता या माता के खिलाफ पूरी तरह से विद्रोह कर दिया था, लेकिन जब तक आप चालीस या पैंतालीस के हुए, तो आप उनके जैसा ही व्यवहार करने लगे। आप उनकी तरह बोलते और काम करते हैं। यह जीने का एक निराशाजनक तरीका है क्योंकि अगर जीवन खुद को दोहराता रहेगा, अगर यह पीढ़ी उसी तरह से जिएगी, काम, बर्ताव और जीवन को अनुभव करेगी जैसा पिछली पीढ़ी ने किया था, तो यह एक बर्बाद पीढ़ी है।

इस पीढ़ी को जीवन को उस तरह से अनुभव करना चाहिए जिसकी कल्पना भी पिछली पीढ़ी ने नहीं की थी। कुछ पागलपन करके नहीं, बल्कि जिस तरह से आप जीवन का अनुभव करते हैं, उसे अगले स्तर पर ले जाना चाहिए। लेकिन कर्म सिर्फ आपका या आपके पूर्वजों का नहीं है। पहला एक कोशिका वाला छोटा सा जीवन का अंश, उस बैक्टीरिया या वायरस का कर्म भी आज आपके भीतर काम कर रहा है। एक सामान्य आकार के शरीर में आपके पास लगभग 10 ट्रिलियन मानव कोशिकाएं होती हैं। लेकिन आपके शरीर में, सौ ट्रिलियन से ज्यादा बैक्टीरिया हैं, ये आपसे दस गुना ज्यादा हैं।

# चंडिका देवी मंदिर



हिमाचल प्रदेश को देवभूमि के नाम से जाना जाता है। यहां के हर गांव में किसी न किसी देवी-देवता का मंदिर बना हुआ है। यहां के लोगों की देवी-देवताओं में अटूट श्रद्धा व आस्था है। हर मंदिर का अपना महत्त्व और विशेषता है। ऐसा ही एक मंदिर किन्नौर जिले में कल्पा से 11 किलोमीटर की दूरी पर रिकांगपिओ जाने वाले मार्ग पर कोठी गांव में चंडिका देवी के नाम से प्रसिद्ध है। इसका एक अन्य नाम शुवांग चंडिका भी है। ऐसा कहा जाता है कि यह देवी किन्नौर की सबसे शक्तिशाली और धन की देवी है। मंदिर में बना देवी का विशाल रथ आकर्षण का केंद्र है, जो मंदिर के अंदर रखा हुआ है। जिस पर माता की सोने की प्रतिमा सुसज्जित है। ऐसा कहा जाता है कि देवी चंडिका बाणासुर के अट्ठारह पुत्र-पुत्रियों में से एक है। बाणासुर ने हिरमा राक्षसी से विवाह किया था। जिसके बाद इन पुत्र व पुत्रियों ने किन्नर प्रदेश को आपस में बांट दिया था। देवी चंडिका ने अपने पराक्रम से इस क्षेत्र में अपना वर्चस्व बना लिया था। वहीं स्थानीय लोग इसे कोष्ठम्पी के नाम से जानते हैं। कोठी को पूरे किन्नौर में चंडिका देवी के कारण प्रसिद्ध माना जाता है। यह मंदिर सतलुज घाटीय शैली का मिश्रित रूप है। वहीं तल से शिखर तक लकड़ी पर सुंदर नक्काशी देखने को मिलती है। जिसे सुंदर रंगों से सजाया गया है। इसके साथ ही शिखर पर बड़ा गुंबद बना हुआ है। चंडिका मंदिर के दरवाजे के दोनों ओर लघु कक्षों में प्रतिमाएं हैं। इसके दायीं तरफ सूर्य की प्रतिमा है। इसके सामने की ओर किन्नर कैलाश सामने दिखाई देता है। सूर्योदय के समय पहली किरण इसी प्रतिमा पर पड़ती है। दो मंजिले इस मंदिर के गर्भभाग में देवी चंडिका का विशाल रथांग सजाते समय उस पर लगाया जाता है। किन्नौर में इसे सर्वाधिक शक्तिशाली और संपन्न देवी माना जाता है। सालाना पूजा देवी का प्रमुख तयोहार है। इस पूजा का दिन देवी का ग्रोकच देवी शक्ति से तय करता है। कभी यह साल में दो बार भी तय हो जाता है। इस दिन देवी की पूजा होती है। देवी को प्रसन्न किया जाता है ताकि वह लोगों के जान माल की रक्षा करे।

## मुक्तिनाथ धाम

मुक्तिनाथ धाम हिंदुओं के महत्त्वपूर्ण मंदिरों में से एक है। यह नेपाल के मस्तांग जिले की थोरांग ला पहाड़ियों के बीच मौजूद है। इसे सभी पापों का नाश करने वाला तीर्थ माना जाता है। माना जाता है कि यहां भगवान विष्णु को भी जलंधर दैत्य की पत्नी वृंदा के श्राप से मुक्ति मिली थी। कथाओं के अनुसार मुक्तिक्षेत्र वह स्थान है, जहां पर मोक्ष की प्राप्ति होती है। यहीं पर भगवान विष्णु शालिग्राम शिला में निवास करते हैं और उनकी पूजा की जाती है। ये स्थान गंडकी नदी के पास ही है। हिंदू ही
न ह ी ं,



इस मंदिर पर बौद्ध धर्म के लोगों की भी आस्था है।

## 12300 फुट की ऊंचाई पर स्थित मंदिर

कई हिंदू ग्रंथों में मुक्तिनाथ धाम का उल्लेख किया गया है। यह नेपाल के मस्तांग जिले की थोरांग ला पहाड़ियों के बीच 3750 मीटर यानी करीब 12300 फुट की ऊंचाई पर मौजूद है। ये मंदिर पैगोड़ा शैली में बना हुआ है। मुक्तिनाथ क्षेत्र पंचतत्वों से युक्त है। यहां पृथ्वी, जल, आकाश और वायु के साथ ही प्राकृतिक रूप से जलने वाली अग्नि भी है। इसलिए इस जगह को सिद्ध स्थान माना जाता है। 1815 में नेपाल की महारानी सुवर्णप्रभा ने मुक्तिनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया था।

## ब्रह्मा जी के यज्ञ से बना मुक्तिक्षेत्र

पुराणों के अनुसार पृथ्वी 7 भागों और 4 क्षेत्रों में बंटी हुई है। इन चार क्षेत्रों में प्रमुख मुक्तिक्षेत्र है। इस क्षेत्र से जुड़ी कथा भी है कि शालग्राम पर्वत और दामोदर कुंड के बीच ब्रह्माजी ने मुक्तिक्षेत्र में यज्ञ किया था। जिसके प्रभाव से भगवान शिव अग्नि ज्वाला के रूप में और नारायण जल रूप में उत्पन्न हुए थे। इसी से पापों का नाश करने वाला मुक्तिक्षेत्र बना।

## पंचतत्व और त्रिशक्ति का प्रतीक

मुक्तिनाथ परिसर के दक्षिणी कोने में, मेबर लखांग गोम्पा नाम की जगह है। जिसे सालमेम्बर डोलम्बार गोम्पा या ज्वाला माई मंदिर भी कहा जाता है। यहां प्राकृतिक गैस से लगातार अग्नि जल रही है। इसलिए ऐसा माना जाता है कि ये वो ही जगह है जहां ब्रह्माजी ने यज्ञ किया था। इस अग्नि के साथ जल की धारा भी बह रही है। पानी और अग्नि का ये संयोग बहुत ही दुर्लभ है। इसलिए इस जगह को त्रिशक्ति और पंचतत्व का प्रतिक भी माना जाता है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, जलंधर दैत्य की मृत्यु के लिए विष्णु ने उसकी पत्नी वृंदा का सतीत्व भंग किया था। वृंदा ने विष्णु को कीट हो जाने का श्राप दे दिया। इसके बाद भगवान विष्णु यहां शालिग्राम रूप में रहे और उन्हें श्राप से मुक्ति मिली। इसलिए यह मुक्ति धाम के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इसके साथ ही यहां बौद्ध मठ भी होने से ये बौद्धधर्म के अनुयायियों के लिए भी महत्त्वपूर्ण तीर्थ माना जाता है। मुक्तिनाथ क्षेत्र के मंदिर- मुक्तिनाथ क्षेत्र में शालीग्राम के अलावा कई अन्य मंदिर और संरचनाए भी हैं। एक शिव मंदिर में शिवजी और माता पार्वती की मूर्तियां हैं। यह चार छोटे मंदिरों से घिरा हुआ है। इसके सामने दक्षिणावर्त ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु का मंदिर है। शिवजी के मंदिर के पीछे श्रीराम मंदिर है जो कि विष्णु का सातवां अवतार हैं। इसके बगल में श्रीकृष्ण मंदिर है, जो कि विष्णु का आठवां अवतार माना जाता है। वहीं अंत में गणेश का मंदिर है जो कि भगवान शिव और पार्वती के पुत्र हैं और ज्ञान के देवता माने जाते हैं।

# अध्यक्ष नहीं एक सेवक बनकर समाज की सेवा करूंगा : विजय डियोढ़िया

- व्ही-5 के अध्यक्ष पद पर विजय डियोढ़िया को पगड़ी बांधकर कराया आसीन
- समाज के विकास में एकजुट होकर कार्य करेंगे हम सभी : अमर विश्वकर्मा



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** व्ही-5 यानी श्रीपंचरत्न विश्वकर्मा समाज जिसमें श्रीविश्वकर्मा भगवान के पांचों पुत्र लोहकार, काष्ठकार, स्वर्णकार, ताम्रकार, शिल्पकार उपस्थित रहे।

सभी ने एक मत होकर व्ही-5 के बैनर तले व्ही.आई.पी.मोटर बाईपास पर मीटिंग आहूत की, जिसकी अध्यक्षता हरिकिशन झां प्रधान बांसी ने की। इस दौरान समाज के सभी वरिष्ठजनों और वक्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। समाज को एकराय होकर एकजुट रहने के तरीके सुझाव और संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। वक्ताओं में कैलाश नारायण ने समाज के लिए समाज के कोने-कोने से आने वाले लोगों की समस्याओं के निदान करने की बात कही।

वहीं श्रीरूपनारायण विश्वकर्मा ने समाज के उत्थान के लिए एक समिति के गठन की बात कही, जिसमें की कार्यकारिणी का भी गठन किया जाना चाहिए। रमेश झा ने अधिक से अधिक भागीदारी लेने की बात कही, विजय किशोर सोनी ने समाज की कुरीतियों को हटाते हुए आगे जाने की बात कहीं। गिरीश विश्वकर्मा ने गांव के लोगों को आगे आने की बात कही। वक्ताओं ने अपने-अपने वक्तव्यों में श्रीविश्वकर्माजी के वंशजों में एक ऑक्सीजन देने का कार्य किया। इसी मीटिंग में सभी ने एक राय होकर विजय डियोडिया के लिए सर्वसम्मति से चुना एवं उनके लिए पगड़ी फूलमाला पहनाकर अध्यक्ष पद पर आसीन कराया। विजय डियोडिया ने कहा कि मैं अध्यक्ष नहीं एक सेवक के रूप में समाज का कार्य करूंगा एवं समाज के एक एक सदस्यों के सम्मान की सुरक्षा करूंगा और समाज पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सदैव खड़ा रहूंगा। कहा कि समाज के उत्थान के लिए अधिक से अधिक कार्य करूंगा और एक ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक स्तर व जिला स्तर की कार्यकारिणी के गठन की बात भी कही। समाज श्रेष्ठी कैलाश नारायण डियोडिया ने भी समाज की एक जुटता के विषय में भी प्रकाश डाला। वक्ताओं के अलावा मुख्य रूप से उपस्थित डा.बी.आर .विश्वकर्मा, लखनलाल, नवलकिशोर सोनी, रज्जन लाल झा, विनय ताम्रकार, कैलाश झा, रमेश झा, संजय ताम्रकार, प्रीतम लाल विश्वकर्मा, रामनरेश झा, जगन्नाथ विश्वकर्मा, जगदीश झा, अरविंद ताम्रकार, अंशुल ताम्रकार, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, सत्येंद्र विश्वकर्मा, मनोज झां, कमल विश्वकर्मा, मनोज बिरारी, सिरनाम विश्वकर्मा, गोविंद विश्वकर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, राहुल बाबा, हरिशंकर, महेंद झा, राजेंद्र विश्वकर्मा, राजेश झां, हरिशंकर झां, अनुज सोनी, संतोष झां, विरेंद्र झां, डा.संतोष झां, रमेश विश्वकर्मा, डा.हरिदास झा, रामचरण झां, डा.राजकुमार विश्वकर्मा, रामकिशोर, चंदन विश्वकर्मा, सीताराम झां, विकास सोनी, कृष्णकांत, सतीश झां समेत अनेकों लोग मौजूद रहे। संचालन रामदीन विश्वकर्मा ने व आभार लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्यजी ने व्यक्त किया।

# एनपीसीसीएचएच का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** सीएमओ सभागार में राष्ट्रीय जल वायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर चर्चा हुई। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों को जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रति जागरूक करना और उन्हे संदर्भ में समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिये सक्षम बनाना हैं। नोडल अधिकारी डा.आर.एन.सोनी जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के लिये बड़ा संकट हैं, इससे न केवल धरती के तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ रहा हैं। महामारी रोग विषेशज्ञ डा.देशराज सिंह दोहरे ने जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले स्वास्थ्य जाखिमों की जानकारी देते हुये बताया कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये ठोस कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता हैं। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि जलवायु बदलावों की गति थामने के लिये गंभीर पहल जरूरी हैं। बैठक में जिला चिकित्सालय एवं विभिन्न ब्लॉको से आये चिकित्सक, फार्मासिस्ट, स्टॉफ नर्स, बी.पी.एम., बी.सी.पी.एम., ए.आर.ओ. तथा सीएमओ कार्यालय के विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्रवाल मारवाड़ी महिला मण्डल ने गौवंश के लिए चारा, भूसा व गुड़ भेंट किया



**ललितपुर।** पूर्व वर्षों की तरह ही इस वर्ष भी अग्रवाल मारवाड़ी महिला मंडल द्वारा वर्णी चौराहा पर स्थित घायल गौवंशों की गौशाला में गौवंशों के लिए चारा, करीब 10 क्विंटल भूसा, शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए गुड़ की भी व्यवस्था की गई। साथ ही दवाइयों के लिए सहयोग राशि प्रदान की इस सेवा कार्य में मंडल की सभी सदस्य महिलाओं ने अपना योगदान किया। मंडल की अध्यक्ष अलका अग्रवाल ने बताया कि हमारा मंडल इस तरह के कार्य में हमेशा सहयोग करता आया है। इस दौरान अलका अग्रवाल, सचिव नीना ओसवाल, कोषाध्यक्ष अर्चना अनूप अग्रवाल, अर्चना बी.के.अग्रवाल, मोना बंसल, पूनम अग्रवाल, प्रियंका लखोटिया आदि उपस्थित रही। इस कार्य हेतु गौ पुत्र मनीष दुबे का साथ रहा।

### मजलिसे अज़ा का आयोजन किया गया



**संभल।** अल्लाह की इबादत के साथ इन्सानियत की सेवा करना चाहिए जिससे अल्लाह की बारगाह में की गई इबादत कबूल हो जाये इमामबाड़ा हाजी अजहर हुसैन मौहल्ला नूरिया सराय में इकबाल हुसैन की याद में आयोजित मजलिस को खिताब करते हुए डॉ आबिद हुसैन हैदरी ने उक्त विचार प्रकट कियेउन्होने मजलिस मे मौजूद लोगों से कहा कि दुनिया से जाने वाले को उसके दुनियां मे किये गये अच्छे कर्मो के लिए याद किया जाता है इस लिए जीवन मे ऐसे कार्य करने चाहिए जिससे दुनियां से जाने के बाद भी दुनियां के लोगों के लिए एक मिसाल बने डा0 आबिद ने कहा कि मॉ बाप से बड़ी कोई नेमत नही जिनके मॉ बाप इस दुनिया से जा चुके हैं ये उनको पता है कि उन्होने कितनी बडी नेमत खो दी है इसलिए जिनके मॉ बाप दुनिया में है उनको चाहिए कि उनकी जितनी सेवा की जा सके करे। मजलिस मे मरसिया शमाईम रजा ने पेश किया अली सादिक अली जहीर अली मौहम्मद हुसैन जहीर हसन जहीर पैकर संभली रहबर हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

### संभल हिंसा में अब तक 50 अरोपी गिरफ्तार

**संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने पत्रकारो को 24 नवंबर को ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के 50 अरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है जबकि अभी 91 के करीब अरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है संभल मे 24 नवंबर को ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा मे पॉच लोगो की मौत हुई थी और पुलिस कर्मियों समेत लोग घायल हुए थे ! हिसा के बाद से संभल मे पुलिस प्रशासन पुरी तरह निगरानी की जा रही है जिससे संभल मे अमनो अमान कायम रहे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत

**संभल।** नगर के मुरादाबाद रोड पर हुए सड़क हादसे मे एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी मृतक के परिजनो और आसपास के लोगों ने चंदौसी चौराहे पर जाम लगा दिए जिससे पुलिस को काफी मशकत करनी पडी बताया जाता है कि मृतक युवक अमन पुत्र राम किशोर बाइक से दुकान पर जा रहा था जिसकी टक्कर ट्रक से हो गयी मृतक के परिवार वालों ने घटना स्थल पर हंगामा खड़ा कर दिया मौके पर पहुँची पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर शांत कियालोगों ने चंदौसी चौराहे पर जाम लगा देने से एक घन्टे तक यातायात व्यवस्था चौपट रही सी ओ अनुज कुमार चौधरी ने लोगों को समझा बुझा कर शांत किया।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के लिए आंगनवाडियो को दिया गया प्रशिक्षण



**सम्भल।** जिलाधिकारी के निर्देश पर एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन,जिला प्रोबेशन कार्यालय और प्रयत्न संस्था के संयुक्त तत्वाधान में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के सहयोग से लगातार जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में शनिवार को पंवासा के पंडित रामप्रसाद शर्मा इंटर कॉलेज के सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग एवं प्रयत्न संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आंगनवाड़ियों के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया जिसमे जिला परियोजना अधिकारी (डीपीओ) सम्भल महेश कुमार के निर्देश पर पंवासा ब्लाक की परियोजना प्रभारी नीता सैनी की उपस्थिति में 110 आंगनवाड़ियों को संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने गाँवो में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में सहयोग हेतु प्रशिक्षण दिया और सरकार द्वारा बच्चों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जिसमे आवश्यक दिशानर्देश दिये गए और बताया की हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल अपराध की जानकारी संबंधित नंबरों जिसमें चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, पुलिस 112 और संस्था का मो नम्बर 8979980888 पर देनी है। जिससे की 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके इस अवसर पर नीता सैनी वंदना चौधरी, सिराज अहमद आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी

- वृद्धावस्था का लाभ उठाकर धोखाधड़ी कर मकान का विक्रय पत्र लिखवाने का आरोप
- वृद्ध महिला ने डीएम-एसपी को भेजा शिकायती पत्र



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का प्रलोभन देकर वृद्ध से धोखाधड़ी से मकान का विक्रय पत्र अंकित कराने का आरोप लगाते हुये वृद्धा ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को संयुक्त रूप से एक शिकायती पत्र भेजा है। वार्ड संख्या- 26 अंतर्गत मोहल्ला सरदारपुरा में रहने वाली वृद्धा उर्मिला सेन ने डीएम-एसपी को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसका सरदारपुरा में मकान नम्बर 218 स्थित है। वृद्धा ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले एक व्यक्ति ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी कर पीड़िता के पति सुरेश कुमार सेन पुत्र ग्यासीराम सेन से विक्रय पत्र अंकित करा लिया है। पीड़ित ने पत्र में बताया कि उसका पति बीमार रहता है और पुत्र दिव्यांग के साथ रहती है। पीड़िता ने बताया कि वह लोगों के घर में काम करके अपना परिवार का भरण-पोषण कर रही है। बताया कि उसे व उसके परिजनों को रुपयों की आवश्यकता भी नहीं थी, लेकिन उक्त व्यक्ति ने योजना का लाभ दिलाते का लालच देकर धोखाधडी कर उसके पति से मकान का विक्रय पत्र लिखवा लिया। इस मामले की जानकारी होने पर उसने उक्त व्यक्ति को उलाहना दिया तो उक्त व्यक्ति ने जबरन मकान पर अवैध तरीके से कब्जा करने की धमकी दी। पीड़ित वृद्धा ने डीएम-एसपी से मामले की जांच करायी जाकर जानमाल की सुरक्षा कराये जाने और उक्त व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# 10 हजार खंडित मूर्तियों को जल में विसर्जित किया

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** धार्मिक नगरी मथुरा मै कोदंड पिनाक सेना संगठन द्वारा मथुरा जनपद मै भगवान की खंडित मूर्तियों को एकत्रित कर विसर्जन करने का एक अभियान चलाया था जिसके तहत संगठन द्वारा मथुरा जनपद से करीब 10 हजार खंडित मूर्तियों को एकत्रित कर मां यमुना की जल धारा में विसर्जन किया। मथुरा में कोदंड पिनाक सेना संगठन के पदाधिकारी सूबेदार रूपेंद्र सिंह ने बताया कि उनका संगठन बीते 4 वर्षो से इस तरह के सामाजिक कार्यो मै लगा हुआ है, जिले भर में भगवान की खंडित मूर्तियों सनातन धर्म प्रेमी जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचा रही थी पर कोई आगे आ कर इनके विसर्जन पर पहल नहीं कर रहा था। हिन्दू अपने आराध्य की मूर्तियों को खंडित हो जाने पर इधर उधर फेंक देते थे, जो एक निंदनीय कृत्य है, सूबेदार रूपेंद्र सिंह ने कहा भगवान की खंडित मूर्तियों को इधर उधर ना फेंक कर उनको जल मै प्रवाह करना चाहिए। संगठन द्वारा पूरे जनपद से लगभग 10 हजार खंडित मूर्तियों को एकत्रित किया गया और गोकुल बैराज के निकट यमुना की जलधारा मै विसर्जित कर दिया गया। संगठन प्रत्येक तीन माह मै इसी प्रकार खंडित मूर्तियों को एकत्रित करता है, और सामूहिक रूप से उनको विसर्जित करता है, इस कार्य को करने का संगठन का मात्र एक ही उद्देश्य है कि हिन्दू अपने भगवान की खंडित मूर्तियों को इधर उधर ना फेंके जिसके कारण भगवान और सनातन धर्म का अपमान होता रहता है। इस कार्यक्रम में चंचल देवी, कैप्टन मोहरपाल, सूबेदार रूपेंद्र सिंह, सूबेदार गोकुल चंद, विजय, सूबेदार राधाचरण सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमित शाह को बर्खास्त की मांग

**मथुरा।** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा हाल ही में संसद में बाबा साहब आंबेडकर के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी करने से संपूर्ण भारत के दलित और पिछड़े समुदाय में जबरदस्त आक्रोश है और देश का संपूर्ण प्रगतिशील वर्ग भी उनके इस प्रकार दिए बयान की घोर निंदा कर रहा है इसी क्रम में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (एम) के संयुक्त तत्वाधान में जिलाधिकारी मथुरा को राष्ट्रपति के नाम संबोधित मांग पत्र गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त किए जाने की मांग की साथ सौंपा और जिला मुख्यालय पर जमकर नारेबाजी की इस प्रदर्शन में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की राज्य स्थाई समिति सदस्य कामरेड नशीर शाह, दुर्गा प्रसाद, शिव कुमार एडवोकेट, देवी प्रसाद, रौशन सिंह, अमर सिंह, राधा चौधरी, दुर्गा प्रसाद, रवि उपाध्याय, मास्टर विरेंद्र सिंह , हरि चन्द एडवोकेट, भरत सिंह एडवोकेट, हेमलता तरकर, कमलेश, अनार देवी, रमा देवी उपस्थित रहे।

# फायरिंग: वृंदावन पुलिस अपराधियों पर नहीं लगा पा रही अंकुश

- इस्कॉन चौकी से चंद कदमों के दूरी पर चली गोलियां, तीर्थ यात्री हुआ घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** वृन्दावन तीर्थ नगरी होने के कारण श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या मै श्रद्धालु आते रहते है ऐसे व्यस्ततम इलाके मै सुरक्षा के चाकचौबंद इंतजाम होने चाहिए, पर वृंदावन पुलिस वृंदावन मै अपराधियों पर अंकुश लगाने मै असफल साबित हो रही है रविवार की रात इस्कॉन मंदिर पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर एक बड़ा हादसा घटित हुआ है जिससे वृंदावन जैसे पवित्र तीर्थ स्थल की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे है। वृंदावन के रमणरेती पुलिस चौकी के समीप दो पक्षों में रविवार रात 11 बजे फायरिंग हो गई। इस दौरान गेस्ट हाउस में कमरे की तलाश में आए संभल के अहरोला माफी गांव निवासी कमल शर्मा के पैर में गोली लग गई। इससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने घायल की हालत नाजुक देखते हुए उसे आगरा के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर एसपी सिटी अरविंद कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घायल श्रद्धालु भाई व बहन के साथ वृंदावन आया था। वह ठहरने के लिए गेस्ट हाउस की तलाश में रामकृष्ण भवन गेस्ट हाउस के बाहर खड़ा था। इसी समय वृंदावन निवासी पुनीत गौतम और गोपाल गौतम के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी, रविवार रात को वृंदावन के रमणरेती इलाके की इस्कॉन चौकी के निकट सत्यम गेस्ट हाउस के सामने आमना सामना हो गया, बताया जा रहा है एक पक्ष दूसरे पक्ष पर पहले से ही घात लगाए हुए था आमना सामना होने पर पुनीत गौतम पक्ष द्वारा गोपाल गौतम पर फायरिंग शुरू कर दी इसी बीच गोली की चपेट में आ गया। ये वाकया पहली बार इस्कॉन चौकी के निकट नहीं हुआ पहले भी कई घटना इस प्रकार की घटित हो चुकी है बीते 4 माह पूर्व भी प्राचीन वन विहार आश्रम के निकट भी इस तरह की घटना घटित हो चुकी है।

# बरसाना के मंदिर में लागू हुई वन वे व्यवस्था

**बरसाना (मथुरा)।** बरसाना के लाडलीजी मंदिर में राधाजी के दर्शनों के लिए वन वे व्यवस्था लागू कर दी गई है। सोमवार को अपराह्न में मंदिर बंद होने के बाद मंदिर की सीढ़ियों पर श्रद्धालुओं की लम्बी लाइन लग गई। नव वर्ष व इस वर्ष की विदाई को राधाजी के चरणों में सेलीवेट करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। सोमवार को भी भारी संख्या में राधाजी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु पहुंचे। इसके लिए स्वयं थाना प्रभारी अरविंद निर्वाल ने मंदिर की सीढ़ियों पर पुलिस फोर्स व मंदिर के सुरक्षा गार्डो के सहयोग से श्रद्धालुओं को रोक रोक कर मंदिर के अंदर प्रवेश कराया। ताकि किसी श्रद्धालु के साथ कोई हादसा नहीं हो। आसानी से राधाजी के दर्शन कर सकें।

**नगर पंचायत ने हटवाए अतिक्रमण-** नगर पंचायत की ईओ कल्पना वाजपेई ने पुलिस फोर्स व नगर पंचायत कर्मियों के सहयोग से मंदिर जाने वाले सभी मार्गो से अतिक्रमण हटवाए। सभी दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे दो जनवरी तक किसी भी प्रकार का अस्थाई अतिक्रमण नहीं करें। अन्यथा अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध जुर्माना लगाया जाएगा और सामान को जप्त किया जाएगा।

# महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठायें महिला पुलिस

**मिशन शक्ति फेज-5**

- एएसपी अनिल कुमार व सीओ सदर अभय नारायण राय ने बैठक कर दिये निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन्स के सभागार में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत एएसपी अनिल कुमार व सीओ सदर अभय नारायण राय ने समस्त महिला बीट आरक्षियों के साथ मिशन शक्ति के सम्बन्ध में गोष्ठी कर, मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के क्रम में मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के दृष्टिगत कम्यूनिटी पुलिसिंग व महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत एएसपी ने महिला थानाध्यक्ष समेत समस्त महिला बीट आरक्षी के साथ बैठक कर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एएसपी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अभियान के दृष्टिगत अपने थाना क्षेत्र में पडने वाले स्कूल, कॉलेज आदि के खुलने तथा छुट्टी के समय अपनी टीम के साथ भ्रमणशील रहकर अराजकतत्वों पर सतर्क नजर रखे जाने और रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मन्दिरों, पार्क, अस्पताल, डैम आदि स्थानों पर सतत भ्रमणशील रहना सुनिश्चित कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं, हेल्प लाईन नम्बरों के बारे में महिलाओं/बच्चियों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया है। पीडित महिलाओं की उचित काउन्सलिंग करने हेतु महिला बीट आरक्षियों को निर्देशित किया गया। निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन मिशन शक्ति अभियान के तहत एण्टीरोमियों टीम के साथ क्षेत्र में निकलकर मुहल्ले-मुहल्ले व गाँव-गाँव जाकर महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा हेतु चौपाल लगाकर उनके साथ घटित होने वाले अपराधों एवं उत्पीडन की रोकथाम हेतु जागरूक किया जाये। थाना क्षेत्रान्तर्गत सार्वजनिक स्थानों पर बालिकाओं, महिलाओं को उच्चाधिकारियों के नम्बर व नारी सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान के तहत हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला सुरक्षा दल व थाने पर नियुक्त महिला बीट पुलिस कर्मियों द्वारा थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर गश्त/चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया।

# बीएसए कॉलेज का विकास प्रदेश के अन्य महाविद्यालयों के लिए अनुकरणीय उदाहरण

- नवनिर्मित अतिथि गृह का उद्घाटन एवं वाचनालय की आधारशिला रखी गई

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** बीएसए कॉलेज में नवनिर्मित अतिथि गृह का लोकार्पण और केन्द्रीय पुस्तकालय में वाचनालय की आधारशिला उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा संस्कार से परिपूर्ण होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को साकार करने का प्रयास किया जा रहा है। आज प्रदेश के चार विश्वविद्यालय नैक ए प्लस और छह विश्वविद्यालय ए श्रेणी में हैं। शिक्षा व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। उन्होंने बीएसए कॉलेज की शैक्षणिक और खेल उपलब्धियों की प्रशंसा की।

प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय शिक्षा और खेल के क्षेत्र में योगदान देते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण को पूरा करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने मंत्री जी के सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विजय गौतम का वाचनालय निर्माण के लिए 21 लाख रुपये की धनराशि प्रदान करने पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष, पूर्व निदेशक एनडीएमसी विजय गौतम ने कहा कि वाचनालय निर्माण की जिम्मेदारी लेना उनके लिए सुखद अनुभव है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि लगभग 300 छात्रों की बैठने की क्षमता वाला यह वाचनालय मथुरा के छात्रों के शैक्षणिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और बाबू शिवनाथ जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. ललित मोहन शर्मा व डॉ रवीश शर्मा ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा, पूर्व प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र मिश्र, शिक्षा मंत्री प्रतिनिधि अलौकिक उपाध्याय, शिवम गौतम, सुप्रिया गौतम, मधु गौतम, कृष्ण कुमार शर्मा, शोभा राम शर्मा, भाजपा नेता अवधेश उपाध्याय, गजेंद्र शर्मा, सोहनलाल कातिब, रामलीला कमेटी व अग्रवाल शिक्षा मंडल के अध्यक्ष जयंत्री प्रसाद अग्रवाल, अनुज गर्ग,महेश बंसल, महेंद्र दत्त आचार्य, डॉ अशोक कुमार कौशिक, डॉ. बबीता अग्रवाल, डॉ एस के राय, एस के सिंह,डॉ बी पी राय डॉ रेखा राय,डॉ यूके त्रिपाठी, डॉ आनंद त्रिपाठी, डॉ चंचल शर्मा डॉ रुचि अग्रवाल, डॉ अनु गर्ग सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# बीईओ राया के सम्मानित होने पर शिक्षकों ने किया स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** राया ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार त्रिपाठी निपुण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह व प्रमुख सचिव डॉ. एम के सनमूंगा सुंदरम ने लखनऊ में सम्मानित किया है। लखनऊ में सम्मानित होकर लौटने पर श्री त्रिपाठी का सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र राया पर ब्लाक के शिक्षकों ने सम्मानित किया। ब्लाक संसाधन केन्द्र राया पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला मीडिया प्रमुख व महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष गोवर्धन दास गुप्ता नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह पटुका पहनाकर स्वागत किया गया। यह सम्मान बेसिक शिक्षा विभाग ने माह सितंबर 2023 में बीटीसी प्रशिक्षुओं के माध्यम से किए गए आंकलन के बाद जनपद के राया विकास खंड में तैनात बीईओ द्वारा विकासखंड में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए मिला है। बीईओ ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को विकासखंड स्तर पर नहीं रोका जाएगा बल्कि शिक्षकों की समस्याओं का समय पर ही समाधान किया जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से कहा कि राया को मथुरा जिले में प्रथम पायदान पर रखना है। जिसमें आप सभी का सहयोग चाहिए।

सम्मान समारोह में हरिओम गुप्ता,भगवान सिंह पचोरी, मनमोहन गौतम पवन गौतम देवेंद्र शर्मा, शैलेंद्र परिहार, सुधीर उपाध्याय, सत्येंद्र सारस्वत शरद चौधरी, अर्चना वर्मा, प्रमोद वर्मा अशोक सारस्वत, सत्येंद्र सारस्वत, भूपेंद्र चौधरी, भगवती शर्मा, रंजीत सिंह, शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान की ललितपुर इकाई का हुआ गठन

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मौजूदगी में जनपद ललितपुर में जिला इकाई का गठन किया गया।

स्वर्णकार भारतीय सेवा संस्थान की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद सोनी के निज निवास पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा शंकर सोनी, राष्ट्रीय महासचिव उदय सोनी, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सोनी जीतू, बुंदेलखंड अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सोनी, झांसी अध्यक्ष रमाकांत सोनी रम्मू, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम सोनी के मुख्य अथित्य मे जिला इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कृष्णकांत सोनी को जिला अध्यक्ष, विवेक जड़िया को जिला महामंत्री, वीरेंद्र सोनी को जिला उपाध्यक्ष, महेश कुमार सोनी को जिला कार्यालय सहायक, चंद्रशेखर सोनी को जिला कोषाध्यक्ष, जगदीश सोनी को जिला संपर्क प्रमुख एवं शिव शंकर सोनी को जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा बैठक में नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिया गया। इसी के साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारीयो द्वारा जिले की महिला इकाई का भी गठन किया गया। जिला महिला इकाई में मीना सोनी को जिला महिला अध्यक्ष,रामेश्वरी सोनी को जिला महिला सचिव, सीता ड्योडिया को जिला महिला उपाध्यक्ष, मंजू सोनी को जिला महिला महामंत्री, एवं कविता सोनी को जिला महिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा शंकर सोनी ने कहा कि स्वर्णकार भारतीय सेवा संस्थान एक राष्ट्रीय संस्था है जो स्वर्णकारों के हितों एवं उनके मान-सम्मान के लिए कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य स्वर्णकारों का उत्थान एवं उनकी हर संभव मदद करना है। संस्था के राष्ट्रीय महासचिव उदय सोनी ने कहा कि जनपद इकाई का गठन किया गया है जिसमें कृष्णकांत सोनी को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। निश्चित तौर पर कृष्णकांत सोनी जनपद ललितपुर में संस्था का विस्तार करेंगे। स्वर्णकारों को किसी भी प्रकार की समस्या एवं कठिनाई होने पर संस्था द्वारा हर संभव मदद की जाएगी।

# जसप्रीत बुमराह आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में

भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सोमवार को इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए नामित किया गया। इंग्लैंड के एक अन्य बल्लेबाज हैरी ब्रूक और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस को भी इस सूची में जगह मिली है।



बुमराह 2024 में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 13 मैच में 14.92 की औसत और 30.16 के स्ट्राइक रेट से 71 विकेट चटकाए हैं जो पारंपरिक प्रारूप में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी शानदार प्रदर्शन किया है और चार टेस्ट मैच में 30 विकेट के साथ श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज है।

आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ''2023 में पीठ की चोट से उबरने के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले बुमराह ने 2024 में गेंदबाजी में अपना दबदबा बनाया। कैलेंडर वर्ष में 13 टेस्ट मैच में बुमराह ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 71 विकेट चटकाए और इस प्रारूप में सबसे सफल गेंदबाज रहे। आईसीसी ने कहा चाहे दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियां हों या स्वदेश में तेज गेंदबाजों के लिए कठिन परिस्थितियां, बुमराह ने पूरे साल प्रभावशाली प्रदर्शन किया। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हालांकि इस तेज गेंदबाज ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

आईसीसी ने पर्थ में बुमराह के मैच का रुख बदलने वाले स्पैल को उनके सबसे यादगार प्रदर्शन में से एक माना जिसकी बदौलत भारत ने 295 रन से जीत दर्ज की। इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज रूट इस साल सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज रहे जिन्होंने 17 टेस्ट मैच में 55.57 की औसत से 1,556 रन बनाए। 34 वर्षीय रूट ने अपने करियर में पांचवीं बार एक कैलेंडर वर्ष में एक हजार रन का आंकड़ा पार किया जबकि इस दौरान उन्होंने छह शतक और पांच अर्द्धशतक लगाए। आईसीसी ने पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में रूट के करियर की सर्वश्रेष्ठ 262 रन की पारी को याद किया जो टेस्ट में उनका छठा दोहरा शतक भी था और उनकी सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक। रूट के हमवतन ब्रूक भी 12 टेस्ट में 55.00 की औसत से 1,100 रन बनाकर सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेट में रूप में नामित चार खिलाड़ियों की सूची में जगह बनाने में सफल रहे। हैरी ब्रुक ने इस दौरान चार शतक और तीन अर्द्धशतक लगाए और 2024 में सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उनसे अधिक रन रूट, भारत के यशस्वी जायसवाल (54.74 की औसत से 1,478 रन) और इंग्लैंड के बेन डकेट (37.06 की औसत से 1,149 रन) ने बनाए हैं। नौ टेस्ट में 74.92 की औसत से 1,049 रन बनाने वाले श्रीलंका के मेंडिस भी इस सूची में शामिल हैं। मेंडिस इस दौरान सबसे तेज एक हजार टेस्ट रन बनाने वालों की सूची में संयुक्त तीसरे स्थान पर भी रहे। उन्होंने महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के 13 पारियों में यह उपलब्धि हासिल करने की बराबरी की। आईसीसी ने कहा मेंडिस ने कैलेंडर वर्ष में दो से अधिक टेस्ट खेलने वाले किसी भी बल्लेबाज से अधिक औसत से रन बनाए- नौ मैच में 74.92 का शानदार औसत। घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ मेंडिस के दोहरे शतक को आईसीसी ने उनका सबसे यादगार प्रदर्शन बताया। वह 2024 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें स्थान पर रहे।

# अभी संन्यास का नहीं सोच रहे हैं रोहित शर्मा, खुद बताया आगे का प्लान

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट गंवाने के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के रिटायरमेंट की खबरें जोरों पर हैं। मीडिया रिपोर्ट् के मुताबिक रोहित जल्द ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। दावा है कि रोहित शर्मा सिडनी टेस्ट के बाद संन्यास ले लेंगे। सिडनी टेस्ट का आगाज 3 जनवरी से होगा। ये मैच अगर पूरे पांच दिनों तक चला तो 7 जनवरी को रोहित शर्मा के टेस्ट करियर का आखिरी दिन हो सकता है।



बीसीसीआई और चयनकर्ता रोहित शर्मा के संन्यास की बातें करने लगे हैं। लेकिन टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा सेलेक्टर्स को मनाने में जुटे हैं। रोहित शर्मा दरअसल, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना चाहते हैं अगर टीम इंडिया पहुंची तो वो मुकाबला उनका आखिरी मैच हो सकता है। वैसे इसकी संभावना कम है ऐसे में सिडनी रोहित का आखिरी टेस्ट मैच हो सकता है। वहीं रोहित शर्मा पर ये रिपोर्ट मेलबर्न टेस्ट में हार के तुरंत बाद आई है। मेलबर्न टेस्ट में टीम इंडिया को 184 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा। एक समय ऐसा था जब टीम इंडिया ये टेस्ट ड्रॉ करा सकती थी। टी ब्रेक तक भारतीय टीम के 3 ही विकेट गिरे थे लेकिन इसके बाद ऋषभ पंत एक खराब शॉट खेलकर आउट हो गए और फिर भारतीय पारी धराशाही हो गई। यशस्वी जायसवाल ने 84 रनों की पारी खेली उनके अलावा कोई और बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं पाया। रोहित शर्मा का ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुरा हाल है। वो इस सीरीज में 3 मैचों में 31 रन ही बना पाए। रोहित का बैटिंग एवरेज 6.20 है। रोहित क्रीज पर टिकने के लिए काफी संघर्ष कर रहे हैं। मेलबर्न टेस्ट में तो उनका एक फैसला टीम इंडिया पर बहुत भारी पड़ा। उन्होंने केएल राहुल को ओपनिंग से हटाकर खुद वो जगह ली और ना तो वो चले और ना ही केएल राहुल रन बना पाए। राहुल तीसरे नंबर खेलते हुए दोनों पारियों में फुस्स साबित हुए।

# बतौर टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने की एमएस के इस शर्मनाक रिकॉर्ड की बराबरी

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली जा रही भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम अपना दूसरा मैच गंवा बैठी है। जिसके बाद मेजबान कंगारू टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से आगे चल रही है। बॉक्सिंग डे टेस्ट में मिली हार से भारत की डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं कम हो गई हैं। वहीं इस समय कप्तान रोहित शर्मा की चारों तरफ चर्चा हो रही है। उन्होंने बतौर कप्तान एमएस धोनी के एक शर्मनाक रिकॉर्ड की बराबरी की है।



दरअसल, रोहित शर्मा की टेस्ट कप्तानी में भारत ने कुल 24 मैच खेले हैं, जिसमें से महज 12 में जीत हासिल की है। बता दें कि, रोहित की कप्तान में विदेशों में अगर बात करें तो भारत ने महज दो ही टेस्ट मैच जीते हैं। एक 2023 में वेस्टइंडीज में और दूसरा 2024 में साउथ अफ्रीका में। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट 184 रनों से गंवाने के बाद रोहित शर्मा ने टेस्ट कप्तानी में एमएस धोनी के एक शर्मना रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। 2000 से अभई तक टेस्ट में बिना जीत दर्ज किए सबसे ज्यादा टेस्ट मैच में कप्तानी करने वाले कप्तान धोनी की बराबरी पर अब रोहित भी आ खड़े हुए हैं। पिछले 6 टेस्ट मैचों में रोहित की कप्तानी में भारत को जीत नसीब नहीं हुई है, वहीं 2011 में ऐसा धोनी की कप्तानी में भी हो चुका है। जब भारत ने लगातार 6 मैचों में से एक भी नहीं जीता था। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज 0-3 से हारने के बाद भारत ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने पहुंचा। पर्थ टेस्ट भारत ने जीता था, लेकिन वहां कप्तानी रोहित की जगह जसप्रीत बुमराह ने की थी।

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में एडिलेड टेस्ट भारत ने गंवाया, जबकि ब्रिसबेन टेस्ट ड्रॉ पर खत्म हुआ और अब मेलबर्न में भारत को हार का मुंह देखना पड़ा। रोहित और धोनी के बाद इस लिस्ट में सौरव गांगुली का नाम दो बार आता है, जिनकी कप्तानी में भारत ने दो बार लगातार पांच टेस्ट मैचों में जीत का स्वाद नहीं चखा था। फिर लिस्ट में राहुल द्रविड़ और अनिल कुंबले के नाम भी आते हैं। लेकिन इस शर्मनाक लिस्ट में विराट कोहली का नाम टॉप-8 में नहीं आता है जो कि, ये दिखाता है कि विराट की कप्तानी में टीम इंडिया कितनी खतरनाक टेस्ट टीम रही है।

# बॉसिंग डे टेस्ट में भारत को मिली 184 रन से हार, कंगारू टीम ने सीरीज में 2-1 से बनाई बढ़त

मेलब्रन क्रिकेट ग्राउंड में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट को मेजबान टीम ऑस्ट्रेलिया ने 184 रन से जीत लिया है। इसके साथ ही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कंगारूओं की टीम ने 2-1 से बढ़त बना ली है। मेलबर्न में 5वें दिन भारतीय टीम 340 रन के टारगेट के जवाब में 155 रन पर हुई ऑलआउट हो गई। 8 बल्लेबाजों के साथ भी खेलने पर भारत दूसरी पारी में 80 ओवर भी नहीं खेल पाया। वहीं अब सीरीज का आखिरी मैच सिडनी में 3 जनवरी से खेला जाएगा। वहीं, बॉक्सिंग डे टेस्ट के आखिरी दिन तीसरे सत्र में भारतीय टीम 340 रन के टारगेट के जवाब में 155 रन पर ही आउट हो गई। यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 84 रन की पारी खेली। 208 गेंद तक क्रीज पर डटे रहे। वहीं पंत 30 रन बनाकर आउट हुए। दोनों के बीच 88 रन की साझेदारी हुई। पंत खराब शॉट खेलकर आउट हुए। ट्रेविस हेड को विकेट दिया। इसके बाद मैच पलटा। दूसरे सत्र में 1 भी विकेट न गंवाने वाली भारतीय टीम ने तीसरे सत्र में 24 रन पर अपने 7 विकेट गंवा दिए। वहीं पहले सत्र में रोहित शर्मा 9, केएल राहुल बिना खाता खोले ही आउट हो गए। विराट कोहली 5 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद तीसरे सत्र में ऋषभ पंत 30, रविंद्र जडेजा 2, पहली पारी में शतक लगाने वाले नितीश कुमार रेड्डी 1, आकाशदीप 7, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज 0 पर ही आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 3-3 विकेट झटके। जबकि मिचेल स्टार्क और ट्रेविस हेड ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। वहीं नाथन लियोन को 2 विकेट की सफलता मिली।



# कृति सेनन रुमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बाहिया के साथ राहत फतेह अली खान के कॉन्सर्ट एन्जॉय करती नजर आई

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकरा कृति सेनन यू.के. बेस्ड बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ अपने रिलेशनशिप की अफवाहों को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ क्रिसमस मनाया और इस सेलिब्रेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। अब, कृति की बहन नुपुर सेनन ने तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिसमें कृति सेनन और नुपुर दुबई में एक इवेंट में राहत फतेह अली खान की परफॉर्मेंस का लुत्फ उठाती नजर आ रही हैं। उनके साथ सिंगर स्टेबिन बेन, एक्टर वरुण शर्मा और कृति के कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया भी शामिल हुए।




कल रात के शो की तस्वीरों में कृति सनोन, वरुण शर्मा और नूपुर राहत फतेह अली खान के शो का लुत्फ उठाते नजर आ रहे हैं। नूपुर ने एक वीडियो क्लिप शेयर की है जिसमें वह, कृति, वरुण और स्टेबिन राहत फतेह अली खान के गाने मैं तेनु समझावां की पर गाते नजर आ रहे हैं। ब्लू कलर की ड्रेस में कृति बेहद खूबसूरत लग रही थीं। हालांकि वीडियो क्लिप में कबीर बाहिया नहीं थे, लेकिन नूपुर ने एक और तस्वीर शेयर की, जिसमें एक्ट्रेस, स्टेबिन, कबीर बाहिया और एक अन्य दोस्त के साथ मंच पर बैठी नजर आ रही थीं। उन्हें टैग करते हुए कृति ने लिखा, मेरे मुख्य 3 हैंडसम पुरुषों के साथ! कबीर ब्लैक शर्ट और मैचिंग पैंट में नजर आए। इंस्टाग्राम पर सामने आई एक और तस्वीर में कृति सेनन, कबीर बाहिया, नूपुर, क्रिकेटर एमएस धोनी और अन्य लोग एक साथ मंच पर स्टेबिन की परफॉर्मेंस का लुत्फ उठाते नजर आ रहे।

इतना ही हाल में कृति सेनन ने अपने कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया और उनके परिवार के साथ क्रिसमस मनाया। हालांकि, सबसे ज्यादा चर्चा बटोरी वह और कोई नहीं पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी थे, जो सांता क्लॉज बने थे। इंस्टाग्राम पर कृति ने क्रिसमस सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की थी।

कबीर बहिया को यू.के. में रहने वाला एक बिजनसमेन है, जिसने अपनी स्कूली शिक्षा इंग्लैंड के एक बोर्डिंग स्कूल से प्राप्त की है। एक संपन्न परिवार से आने वाले, कबीर वर्ल्डवाइड एविएशन एंड टूरिज्म लिमिटेड के संस्थापक भी हैं। कबीर यू.के. स्थित ट्रैवल एजेंसी साउथॉल ट्रैवल के मालिक कुलजिंदर बहिया के बेटे हैं।

# सलमान खान ने जामनगर में भांजी आयत के संग बर्थडे केक काटा, मुकेश अंबानी-नीता अंबानी ने गाना गाया

हाल ही में सलमान खान ने अपना 59वां जन्मदिन को जामनगर में सेलिब्रेट किया है। अभिनेता अपने परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों के साथ गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार द्वारा आयोजित अपने जन्मदिन की शानदार पार्टी मनाई। सलमान के बहनोई और एक्टर अतुल अग्निहोत्री ने इंस्टाग्राम पर पार्टी का एक वीडियो शेयर किया। पार्टी की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काफी वायरल हो रही है।



अभिनेता अतुल अग्निहोत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि सलमान खान अपनी भांजी आयत को गोद में लेकर चार मंजिला केक काटते नजर आए। सलमान खान बड़े केक को दो बार काटते हुए मुस्कुराते हुए कहा कि यह बहुत बड़ा है। इसके साथ ही सलमान के परिवार के सदस्यों और दोस्तों ने ताली बजाई और जन्मदिन का गाना गाते नजर आए। एक्टर ब्लैक शर्ट और डेनिम में दिखाई दे रहे हैं और आयत ने गोल्डन ड्रेस और ब्लैक ब्लेजर पहनी हुई थी। इस विशालकाय केक को फूलों से सजी टेबल पर रखा गया था। सलमान खान आयत के साथ केक काट रहे थे।

इस खास अवसर पर सलमान खान की मां सलमा खान, सौतेली मां हेलेन, भाई सोहेल खान, बहनें अर्पिता और अलवीरा, बहनोई आयुष शर्मा और अतुल अग्निहोत्री, अभिनेता रितेश देशमुख और उनकी पत्नी जेनेलिया डिसूजा मौजूद थीं। इसके साथ ही मुकेश अंबानी और नीता अंबानी भी सलमान के लिए ताली बजाते और गाते नजर आए। इतना ही नहीं, जब एक्टर ने केक कट किया, तो बैकग्राउंड आतिशबाजी भी देखने को मिली।

इससे पहले डीन पांडे ने इंस्टाग्राम पर कार्यक्रम स्थल से तस्वीरें पोस्ट की थीं। एक तस्वीर में एक बड़ा सा साइन था जिस पर लिखा था, लव यू, भाईजान। डीन ने एक तस्वीर भी पोस्ट की जिसमें उन्होंने सलमान और उनके भाई-बहनों की तस्वीर का फ्रेम पकड़ा हुआ था। इसके अलावा, सोहेल खान ने इंस्टाग्राम पर अपने भतीजे अरहान खान और बेटे निर्वाण खान के साथ एक तस्वीर शेयर की।

# इस वीकेंड नेटलिस, प्राइम वीडियो और अन्य पर देखने के लिए ताजा रिलीज फिल्में-सीरीज

इस वीकेंड कई फ़िल्में और वेब शो रिलीज़ हो रहे हैं, जो दर्शकों को अपने घरों में आराम से उन्हें देखने के लिए कई तरह के विकल्प प्रदान कर रहे हैं। नेटफ्लिक्स, अमेज़न प्राइम वीडियो, डिज़्नी प्लस हॉटस्टार, जियोसिनेमा, सोनीलिव और अन्य जैसे स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म साल के आखिरी वीकेंड में अपने पोर्टल पर साल के कई नए शीर्षक और बड़ी रिलीज़ का प्रीमियर कर रहे हैं। इस वीकेंड पर रिलीज़ होने वाले शीर्ष शीर्षकों की सूची देखें।




कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित नेने और त्रिपती डिमरी-स्टारर हॉरर कॉमेडी 27 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई है। यह इस साल दिवाली के मौके पर 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई और 2024 और कार्तिक के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई।

दिवाली पर भूल भुलैया 3 के साथ अजय देवगन की मल्टी-स्टारर फिल्म भी सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, सिंघम अगेन का प्रीमियर प्राइम वीडियो पर डिजिटल रूप से हुआ है और यह 27 दिसंबर से प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।

कोरियाई सर्वाइवल थ्रिलर सीरीज़ का बहुप्रतीक्षित दूसरा सीज़न आखिरकार नेटफ्लिक्स पर आ गया है। सात-एपिसोड की यह सीरीज़ 26 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जा सकती है।

शारिब हाशमी और अनुप्रिया गोयनका की मुख्य भूमिकाओं वाली यह मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज़ एक ऐसे व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी पत्नी की वास्तविकता और उसके बाद होने वाली परेशान करने वाली घटनाओं को उजागर करने के मिशन पर निकलता है। प्रबल बरुआ द्वारा निर्देशित यह सीरीज़ 27 दिसंबर को पर आएगी।

शरद केलकर और हरलीन सेठी द्वारा अभिनीत, मेडिकल ड्रामा शो शुक्रवार से पर आ रहा है। यह सीरीज गंभीर चिकित्सा मामलों और निवासियों के व्यक्तिगत संघर्षों, जिसमें महत्वाकांक्षा, प्रेम और विश्वासघात शामिल है, को दर्शाती है। यह 7 दिसंबर को जियोसिनेमा पर आई।

जूनियर एनटीआर, राम चरण, आलिया भट्ट, अजय देवगन और अन्य सहित स्टार कास्ट वाली यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज आखिरकार 27 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर हुई। इसमें मेगा-ब्लॉकबस्टर तेलुगु फिल्म के निर्माण को दिखाया जाएगा। स्टार कास्ट के साथ-साथ निर्देशक एसएस राजामौली भी डॉक्यूमेंट्री में दिखाई देंगे।

# फूफा पवन कल्याण ने दिया तेलंगाना के मुख्यमंत्री का साथ, बोले, भगदड़ मामले में बिल्कुल ठीक किया

साउथ सिनेमा और भारतीय सिनेमा की इस साल की सबसे बड़ी हिट फिल्म 'पुष्पा 2' के हीरो अल्लू अर्जुन का मामला साल का सबसे बड़ा पीआर डिजास्टर बन चुका है। हैदराबाद में ये आम चर्चा है कि न अल्लू अर्जुन अपनी ये फिल्म लेकर पटना और दिल्ली जाते और न ही उनको एक रात जेल में बितानी पड़ती। अब इस पूरे मसले पर पहली बार उनके फूफा और आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने अपनी राय रखी है। उनका कहना है कि इस पूरे मसले पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जो भी कदम उठाए, वे कानून के हिसाब से बिल्कुल ठीक हैं।



फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज की पूर्व संध्या पर हैदराबाद के संध्या थियेटर में जो कुछ हुआ, उसकी पुलिसिया पड़ताल जारी है। अल्लू अर्जुन के खिलाफ दायर मुकदमे में उनकी गिरफ्तारी हो चुकी है। वह फिलहाल अंतरिम जमानत पर है और उनकी नियमित जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 3 जनवरी को होनी है। अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद की बहन सुरेखा का ब्याह सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ हुआ है और उनके छोटे भाई पवन कल्याण इस रिश्ते से अल्लू अर्जुन के भी फूफा हैं। अपने छोटे फूफा से अल्लू अर्जुन की बनती नहीं है। जेल से छूटने के बाद भी वह चिरंजीवी से तो मिले लेकिन पवन कल्याण से नहीं। अब पवन कल्याण ने इस आग में घी ये कहकर डाल दिया है कि अब तक इस मामले में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का रवैया बिल्कुल ठीक रहा है। अल्लू अर्जुन के समर्थन में बीजेपी के भी कुछ बड़े नेताओं ने बयानबाजी की लेकिन पूरा मामला समझ आने के बाद अब बीजेपी ने भी उनके समर्थन से हाथ पीछे खींच लिए हैं। बताते हैं कि अल्लू अर्जुन बिहार के नेता प्रशांत किशोर के साथ मिलकर दक्षिण में एक नई पार्टी बनाने की कोशिश में हैं और साउथ में बीजेपी और कांग्रेस के मुकाबले नए सियासी समीकरण जमाना चाहते हैं।

आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में पत्रकारों से बात करते हुए सूबे के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने सोमवार को कहा कि अगर भगदड़ के तुरंत बाद अल्लू अर्जुन और फिल्म 'पुष्पा 2' बनाने वाले प्रभावित परिवारों से जाकर मिल लिए होते तो ये सब शायद नहीं होता। इसकी बजाय अल्लू अर्जुन धन्यवाद यात्रा निकालने दिल्ली चले गए और वहां जो कुछ हुआ, उसकी अगली कड़ी बनी उनकी गिरफ्तारी।

# कर्मियों ने सालभर लगाई गुहार, मगर राजी नहीं हुई सरकार




**नई दिल्ली।** कर्मचारी संगठनों का कहना है कि सरकार को वेतन आयोग का गठन, इसी वर्ष के प्रारंभ में कर देना चाहिए था। प्रतिभाशाली कर्मचारी अच्छा नेतृत्व और सुशासन प्रदान करने में सहायक होते हैं। भारत सरकार एक आदर्श नियोक्ता है, उसे अपने कर्मचारियों को आरामदायक जीवन प्रदान करने का ध्यान रखना चाहिए। आठवें वेतन आयोग के गठन को लेकर केंद्रीय कर्मचारी संगठन, सालभर केंद्र सरकार से आग्रह करते रहे। कई तकों सहित ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन सरकार, आयोग के गठन पर राजी नहीं हुई। संसद सत्र के दौरान इस बाबत सवाल पूछे गए। वहां पर भी सरकार ने दो टूक शब्दों में कह दिया कि आठवें वेतन आयोग के गठन का अभी कोई विचार नहीं है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों का वेतनमान संशोधन 01.01.2026 से देय है, क्योंकि यह हर दस साल के बाद व्यवहार में आता है। पहले के केंद्रीय वेतन आयोगों को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने में लगभग 2 साल लगते रहे हैं। सरकार को रिपोर्ट पर विचार करने और इसे लागू करने में छह महीने या उससे अधिक समय लगता रहा है। ऐसे में अब सरकार के पास 12 माह का ही समय बचा है, जबकि वेतन आयोग से जुड़ी सभी तरह की औपचारिकताएं पूरी करने में करीब ढाई साल का वक्त लगता है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि वे अपनी मांग, नए साल में भी जारी रखेंगे।

# दिल्ली में मतदाता सूची से नाम कटवाने की लड़ाई संजय सिंह के घर पहुंची, भाजपा ने पेश किए सबूत

**आरोप**

**आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर उनकी पत्नी अनीता सिंह का नाम वोटर लिस्ट से कटवाने का आरोप लगाया है।**



**नई दिल्ली।** अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर संजय सिंह और उनकी पत्नी अनीता सिंह की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्यसभा सांसद और आप नेता संजय सिंह और उनकी पत्नी अनीता सिंह ने दिल्ली में वोट किया था। आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर उनकी पत्नी अनीता सिंह का नाम वोटर लिस्ट से कटवाने का आरोप लगाया है। अब संजय सिंह के आरोप पर भाजपा ने भी पलटवार किया है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने तो सोशल मीडिया पर एक हलफनामा पोस्ट कर दिया है, जिसके आधार पर दावा किया है कि अनीता सिंह दिल्ली नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की वोटर हैं। अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर संजय सिंह और उनकी पत्नी अनीता सिंह की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्यसभा सांसद और आप नेता संजय सिंह और उनकी पत्नी अनीता सिंह ने दिल्ली में वोट किया था। अनीता सिंह यूपी के सुल्तानपुर की पंजीकृत मतदाता हैं। ऐसे में उनका दिल्ली में किया गया मतदान अवैध और गैरकानूनी है। चुनाव आयोग को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए। जो आदमी अपनी पत्नी को राजनीति के दलदल में घसीटने से भी न चूके, उससे अधिक गिरा हुआ इंसान और कौन हो सकता है?

अमित मालवीय यहीं नहीं रुके और एक अन्य पोस्ट में लिखा कि जो आदमी अपनी पत्नी को राजनीति के दलदल में घसीटने से भी न चूके, उससे अधिक गिरा हुआ इंसान और कौन हो सकता है? यह अनीता सिंह, संजय सिंह की धर्मपत्नी का एफिडेविट है, जिसमें वह कह रही हैं कि वह सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश की वोटर हैं। अब जो दिल्ली की वोटर ही नहीं हैं, उनका नाम भला दिल्ली की वोटर लिस्ट से कैसे कटवाया जा सकता है? और यदि उन्होंने एफिडेविट में स्वयं को सुल्तानपुर का वोटर बताया है, लेकिन दिल्ली में भी वोट करती हैं, तो यह कानूनन अपराध है। अब संजय सिंह को तय करना चाहिए कि अपनी पत्नी को और कितना अपमानित करवाना है। इस पोस्ट के साथ भाजपा नेता ने अनीता सिंह के हलफनामे की प्रति भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की।

उल्लेखनीय है कि आप सांसद संजय सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि दिल्ली में यूपी, बिहार, झारखंड और पूर्वांचल समाज के लोगों के वोट कटवाए गए हैं। संजय सिंह ने इसका आरोप भाजपा पर लगवाया। संजय सिंह ने कहा कि मैंने संसद में ये मामला उठाया तो भाजपा ने मुझसे बदला लेने के लिए मेरी पत्नी का ही वोट कटवाने का आवेदन दे दिया। अब अमित मालवीय के आरोपों के बाद भी संजय सिंह ने सफाई दी है। संजय सिंह ने कहा है कि पीएम मोदी डिजिटल इंडिया की बात करते हैं, लेकिन मैं भाजपा के लोगों को बताना चाहता हूं कि वे चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर चेक सकते हैं कि मेरी पत्नी ने कहां मतदान किया।

# अंजना वेलफेयर सोसाइटी ने किया सुरताल महोत्सव का आयोजन



**नई दिल्ली।** सेशेल्स की उच्चायुक्त हरिशोआ ललाटियाना अकाउचे भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने कहा भारतीय कला और संस्कृति को देखकर वह हैरान है, इसमें विचारों की इतनी गहनता है। अंजना वेलफेयर सोसाइटी ने 12 वर्ष पूर्ण होने पर दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में सुरताल महोत्सव का आयोजन किया । भारत विकास परिषद भी महोत्सव का हिस्सा बना। संस्था के अध्यक्ष मनीष कुलश्रेष्ठ ने बताया कि हमने विगत वर्षों में 150 से अधिक महोत्सव और 1000 से अधिक संगीत ,नृत्य , पेंटिंग्स की कार्यशाला आयोजित की। महोत्सव का मुख्य आकर्षण दिव्यांग विद्यार्थियों की प्रस्तुति थी, संस्था वर्कशॉप आयोजित कर इन बच्चों को सिखाती है। महोत्सव के दौरान नृत्यम, गीतम, वादन पर आधारित कार्यक्रम में माया कुलश्रेष्ठ ने संस्कृति मंत्रालय के अधीन सीएफपीजी योजना के अंतर्गत भागवत गीता ट्ठ ए पोएटिक अप्रोच टू कृष्ण की प्रस्तुति दी। माया अपने प्रयोगों के लिए जानी जाती है, माया ने रश्मिरथी और गीता के श्लोकों को गीतों में पिरोया और तीन ताल की बंदिशों के साथ वीर रस का समावेश किया। मृदंग और घटम की थाप ने उसे वीर रस से भर दिया। विधि शर्मा ने भक्ति गीत की प्रस्तुति दी। उन्होंने भक्ति काल की दिव्यता के अनुसार मिश्र राग पर रचित रचनाओं का चुनाव किया और वादन पर रोमन दास और घटम पर शोणुक बनर्जी, बांसुरी पर निखिल शर्मा ने जुगलबंदी की प्रस्तुति दी। इस जुगलबंदी में उत्तर भारत और दक्षिण भारत का अद्भुत संगम देखने को मिला । लेखक और भाजपा के विदेश मामलों के विभाग के प्रभारी डॉ विजय चौथाईवाले ने कहा कि यह अंजना वेलफेयर सोसाइटी और माया कुलश्रेष्ठ की एक अच्छी पहल है। देखकर अच्छा लग रहा है कि भारत विकास परिषद भी इसमें उनके साथ आया। वरिष्ठ आईएएस और लेखक मनोज श्रीवास्तव ने संस्था को बारह वर्ष पूरे करने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि 12 वर्षों को हमारे यहां एक युग माना जाता है, तो इसका एक युग-चक्र पूरा हुआ। इन बारह वर्षों में आप सब लोगों ने अपने अथक परिश्रम और समर्पण के झंडे गाडे हैं। जैसे हमारी संस्कृति में बारह ज्योतिर्लिंग हैं, वैसे ही इन बारहों में से प्रत्येक वर्ष आपके लिए एक ज्योति-स्तंभ रहा है। अनाहत चक्र में कहते हैं 12 पांखुरी होती हैं और अनाहत चक्र हृदय में होता है। आपकी इस संस्था ने भी कला के माध्यम से हृदय तक पहुँचने का रास्ता चुना है। भाव, लय, सुर ताल का रास्ता।

## इसरो ने स्पेडेक्स मिशन की लॉन्चिंग का समय बदला, पीएसएलवी-सी60 की उड़ान को लेकर दिया नया अपडेट

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग पृथ्वी की कक्षा में डॉकिंग की भारत की क्षमता स्थापित करने के लिए एक अहम मिशन है, जो भविष्य में इंसानों को अंतरिक्ष में भेजने और उपग्रह सेवा मिशनों के लिए बेहद अहम तकनीक है। इसरो ने अपने महत्वकांक्षी अंतरिक्ष मिशन स्पेडेक्स की लॉन्चिंग को दो मिनट आगे बढ़ा दिया है। इसरो का यह मिशन उसके अंतरिक्ष कार्यक्रम में मील का पत्थर साबित होगा। पहले इसरो अपने स्पेस डॉकिंग मिशन स्पेडेक्स की लॉन्चिंग सोमवार रात 9.58 पर करने वाला था, लेकिन अब यह लॉन्चिंग दो मिनट की देरी से रात 10 बजे होगी। हालांकि लॉन्चिंग के समय में इस बदलाव की वजह इसरो ने नहीं बताई है। इसरो ने सोमवार को एक अपडेट में कहा, लॉन्च का दिन आ गया है। आज रात ठीक 10 बजे, स्पेडेक्स और नए पेलोड के साथ पीएसएलवी-सी60 उड़ान भरने के लिए तैयार है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग पृथ्वी की कक्षा में डॉकिंग की भारत की क्षमता स्थापित करने के लिए एक अहम मिशन है, जो भविष्य में इंसानों को अंतरिक्ष में भेजने और उपग्रह सेवा मिशनों के लिए बेहद अहम तकनीक है। इसरो के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार रात 9 बजे शुरू हुई 25 घंटे की उल्टी गिनती जारी है। भारत से पहले सिर्फ चीन, रूस और अमेरिका ही स्पेस डॉकिंग का सफल परीक्षण कर चुके हैं।

## मणिपुर में वसूली के आरोप में दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम में प्रतिबंधित संगठन पीआरईपीएके के दो उग्रवादियों को जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वहीं सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पूर्व और कांगपोकपी जिलों में बंदूकधारियों के चार बंकरों को खत्म कर दिया। जबकि तीन पर कब्जा कर लिया।

मणिपुर के इंफाल पश्चिम में प्रतिबंधित संगठन पीआरईपीएके के दो उग्रवादियों को जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उधर, सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पूर्व और कांगपोकपी जिलों में बंदूकधारियों के चार बंकरों को खत्म कर दिया। जबकि तीन पर कब्जा कर लिया।

पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम से प्रतिबंधित संगठन पीआरईपीएके के दो उग्रवादी पकड़े गए।

# केरल मिनी पाकिस्तान है वाले बयान पर फंसे नीतेश राणे

**सुरक्षा**

**राणे ने मामले में सफाई देते हुए कहा कि हमारा देश एक हिंदू राष्ट्र बने, यही हमारी इच्छा है। हिंदुओं को हर संभव तरीके से सुरक्षा मिलनी चाहिए।**



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने कहा था कि केरल मिनी पाकिस्तान है, इसलिए राहुल और उनकी बहन प्रियंका जीतकर आते हैं, सांसद बनने के लिए ऐसे ही लोग उनको वोट देते हैं। हालांकि बढ़ते विवाद को देखते हुए अब भाजपा नेता ने सफाई दी है।

महाराष्ट्र के मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। उन्होंने केरल की तुलना पाकिस्तान से की, जिससे सियासी बवाल मच गया। हालांकि, बढ़ते मामले को देखते हुए सोमवार को भाजपा नेता ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि केरल भारत का हिस्सा है। उन्होंने पाकिस्तान से केवल केरल में हो रहे घटनाक्रमों के संदर्भ में तुलना की थी। राणे ने कहा कि अगर पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ जैसा व्यवहार हो रहा है, वैसे ही घटनाएं भारत में हो रही हैं, तो इस पर कार्रवाई की जानी चाहिए। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा था कि वो मुस्लिमों की वजह से वयनाड से चुनाव जीत पाते हैं। उन्होंने कहा है कि केरल मिनी पाकिस्तान है, इसलिए राहुल और उनकी बहन प्रियंका जीतकर आते हैं, सांसद बनने के लिए ऐसे ही लोग उनको वोट देते हैं। राणे ने यह टिप्पणी पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान रविवार को की थी।

राणे ने मामले में सफाई देते हुए कहा कि हमारा देश एक हिंदू राष्ट्र बने, यही हमारी इच्छा है। हिंदुओं को हर संभव तरीके से सुरक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, केरल भारत का हिस्सा है, लेकिन वहां हिंदू आबादी का घटना एक चिंता का विषय है। हिंदुओं का इस्लाम और ईसाई धर्म में धर्मांतरण एक आम बात हो गई है। वहीं, लव जिहाद के मामले भी बढ़ रहे हैं। मैं केरल और पाकिस्तान की स्थिति की तुलना कर रहा था। अगर हमारे देश में भी पाकिस्तान जैसी स्थिति पैदा होती है, तो हमें इसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। यही मैंने अपने भाषण में कहा था।

राणे ने आगे कहा कि उन्होंने केवल तथ्यों को सामने रखा है। हमारे साथ एक शख्स भी मौजूद था, जिसने 12,000 हिंदू महिलाओं को इस्लाम और ईसाई धर्म में धर्मांतरण से रोका है। भाजपा नेता ने कहा, पूरा मामला हालातों से तुलना करने का था। मैं तथ्यों को सामने ला रहा था। मैं उनके साथ था, जिन्होंने 12,000 हिंदू महिलाओं को धर्मांतरण से बचाया। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के बारे में जो कहा, आप वायनाड क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति से पूछ सकते हैं। उनका समर्थन करने वाले लोग कौन हैं? कौन से संगठन हैं जो उनका समर्थन करते हैं? कई स्थानीय भाजपा नेताओं ने भी यही बात कही है। क्या कांग्रेस सामने आकर कह सकती है कि हम गलत हैं? क्या वे कह सकते हैं कि एक भी आतंकवादी संगठन नहीं है जिसने चुनावों में राहुल और प्रियंका गांधी का समर्थन किया हो? एक बार सामने आकर कहे वो फिर हम और सबूत देंगे। मैंने जो भी कहा वह तथ्यों पर आधारित था।

राणे के इस बयान ने राजनीतिक हलकों में तूफान मचा दिया है, और विपक्षी दलों ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस के प्रवक्ता अतुल लोंधे पाटिल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से सवाल किया कि राणे को मंत्री पद पर क्यों बनाए रखा गया है। क्या राणे का काम सिर्फ यही करना है।

# स्कॉटलैंड में लापता भारतीय छात्रा का नदी से मिला शव, 6 दिसंबर को देखी गई थी अंतिम बार




**लंदन।** भारत के केरल राज्य की संत्रा साजू एडिनबर्ग स्थित हेरियट-वाट विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रही थीं। पुलिस ने बताया कि 27 दिसंबर को न्यूब्रिज गांव के पास एक नदी से शव मिलने की सूचना मिली थी। स्कॉटलैंड में 22 वर्षीय भारतीय छात्रा संत्रा साजू का शव नदी से बरामद किया गया है। वह इस महीने के शुरुआत से लापता थीं। उसके परिवार को शव मिलने की जानकारी दे दी गई है। हालांकि, शव की औपचारिक पहचान की प्रक्रिया अभी बाकी है। भारत के केरल राज्य की संत्रा साजू एडिनबर्ग स्थित हेरियट-वाट विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रही थीं। स्कॉटलैंड पुलिस का कहना है कि इस साल 27 दिसंबर को न्यूब्रिज गांव के पास एक नदी से शव मिलने की सूचना मिली थी। फिलहाल शव की औपचारिक पहचान नहीं हुई है। मगर, संत्रा साजू के परिवार को जानकारी दे दी हई है। उन्होंने आगे बताया कि मृत्यु के पीछे कुछ संदिग्ध नहीं दिखाई दे रहा है। एक रिपोर्ट स्कॉटलैंड की अभियोजन सेवा और मृत्यु जांच निकाय प्रोक्यूरेटर फिस्कल को भेजी जाएगी। साजू को आखिरी बार छह दिसंबर की शाम को लिविंगस्टन के अल्मोंडवेल में एक एस्डा सुपरमार्केट स्टोर में सीसीटीवी में देखा गया था। पुलिस ने उनकी तलाश के लिए तुरंत एक अभियान शुरू किया और उनकी पहचान साझा की थी। अधिकारी ने बताया था कि साजू की लंबाई करीब पांच फीट छह इंच है, वह भारतीय मूल की है, दुबली-पतली और उनके छोटे काले बाल हैं। उसने फर-लाइन वाले हुड के साथ एक काली जैकेट, बेज रंग के फरी इयरमफ और एक काला फेसमास्क पहना हुआ था। पुलिस ने बताया था कि संत्रा के पास छह दिसंबर को एक काले और सफेद रंग का बैग भी था, लेकिन सुपरमार्केट में जाते समय उस बैग के बिना थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की और सार्वजनिक रूप से संत्रा की तस्वीरें जारी की थीं, ताकि कोई उन्हें पहचान सके। संत्रा के परिवार और दोस्तों ने उनके अचानक लापता होने को अजीब बताया था और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी।

## श्रीलंका मानवाधिकार संस्था ने रोहिंग्याओं से मिलने से मना करने पर जताई नाराजगी

**श्रीलंका।** श्रीलंकाई मानवाधिकार आयोग ने राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके को पत्र लिखकर शिकायत की है कि उन्हें रोहिंग्या शरणार्थियों से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। जानकारी के मुताबिक ये शरणार्थी एक सैन्य शिविर में रहे हैं। श्रीलंका के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीएसएल) ने राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने शिकायत की है कि उन्हें पिछले हफ्ते से एक सैन्य शिविर में रह रहे रोहिंग्या शरणार्थियों से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। मानवाधिकार के पत्र के अनुसार, 26 दिसंबर को मानवाधिकार आयोग के एक निदेशक समेत अधिकारियों की एक टीम ने उत्तरी प्रांत के मुल्लैतिवु में मौजूद श्रीलंका वायु सेना शिविर में इन शरणार्थियों की हिरासत की स्थिति की जांच करने की कोशिश की।

# बतौर राष्ट्रपति वाहवाही नहीं बटोर पाए जिमी, बाद में मिला नोबेल

**योगदान**

**पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने अपने कार्यकाल के बाद से वैश्विक शांति, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए।**



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर का 100 साल की उम्र में निधन हो गया। वह अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति थे। वह इस पद पर 1977 से 1981 तक रहे। हालांकि, कार्टर से जुड़ी दिलचस्प बात यह है कि जब वह राष्ट्रपति थे, तब उनके कदमों को कभी ज्यादा नहीं सराहा गया। मगर बाद में उन्हें मानवीय कार्यों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिला। इतना ही नहीं, उन्हें इस्राइल और मिस्र के बीच शांति स्थापित करने का श्रेय भी दिया गया। आइए जानते हैं सबकुछ दिसंबर 1978 में कार्टर ने इस बात पर विश्वास जाहिर किया था कि अमेरिकी रणनीतिक निर्णयों को विदेश नीति में मानवाधिकारों के पालन के आधार पर आकार देना चाहिए। उन्होंने कहा था, मानवाधिकार हमारी विदेश नीति की आत्मा है क्योंकि मानवाधिकार हमारी राष्ट्रीय पहचान की आत्मा है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के विदेशी मामलों में कुछ उल्लेखनीय योगदान रहे। सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि 1978 के कैंप डेविड समझौते के रूप में सामने आई। इस समझौते में कार्टर, इस्राइली प्रधानमंत्री मेनाकेम बेगिन और मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात ने हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत बेगिन ने 1967 के छह दिन युद्ध में इस्राइल द्वारा कब्जा किए गए सिनाई प्रायद्वीप को मिस्र को सौंपने का वादा किया था, जिसके बदले में मिस्र ने शांति और पूर्ण कूटनीतिक रिश्ते स्थापित किए। यह समझौता कार्टर के इस विश्वास को दिखाता है कि अमेरिकी कूटनीति से शांति स्थापित की जा सकती है और राष्ट्रपति को संघर्ष समाधान के लिए साहसिक कदम उठाने चाहिए। राष्ट्रपति कार्यकाल के बाद उनका विदेश नीति में योगदान और मानवाधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बढ़ी। आखिरकार 25 साल बाद उनकी मेहनत रंगव लाई। साल 2002 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जहां उनकी कोशिशों को सराहा गया। नोबेल समिति ने कहा, कार्टर को शांति वार्ताओं, मानवाधिकारों के प्रचार और सामाजिक कल्याण के लिए उनके प्रयासों के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। जनवरी 1981 में पद छोड़ने के बाद कार्टर ने पूर्व राष्ट्रपति के रूप में उन मुद्दों पर काम किया जो उनके लिए सबसे अहम थे। उन्होंने व्यक्तिगत कूटनीति के मार्ग को आगे बढ़ाने के लिए कार्टर सेंटर की स्थापना की। 1982 में शुरू हुए इस केंद्र ने 39 देशों में 110 से अधिक चुनावों की निगरानी की है। उन्होंने उत्तर कोरिया और लीबिया जैसे देशों के साथ कूटनीतिक प्रयास किए और 1994 में उत्तर कोरिया के नेता किम इल-सुंग से मुलाकात की, जिससे अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच परमाणु समझौता हुआ।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने अपने कार्यकाल के बाद से वैश्विक शांति, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए। वह द एल्डर्स नामक एक स्वतंत्र समूह के सदस्य रहे, जिसका उद्देश्य शांति प्रचार, सामाजिक न्याय, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक मानवाधिकारों को बढ़ावा देना था। इस समूह के साथ अपने सक्रिय सदस्यता के दौरान, कार्टर ने इस्राइल-फलस्तीनी संघर्ष पर विशेष ध्यान दिया और कई बार उस क्षेत्र का दौरा किया।

# हादसे से कुछ मिनट पहले ही पायलट ने दी थी मेडे की चेतावनी

**विमान**

**कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि मुआन एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने विमान से पक्षी टकराने का अलर्ट भेजा था।**



**सियोल।** दक्षिण कोरिया की जेजू एयर एयरलाइंस का बोइंग 737-800 विमान थाईलैंड से दक्षिण कोरिया आ रहा था, लेकिन मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय क्रैश हो गया। विमान रनवे पर फिसलते हुए एक दीवार से टकराया और उसमें धमाके के साथ आग लग गई।


दक्षिण कोरिया में रविवार को हुए विमान हादसे में 179 लोगों की मौत से पूरी दुनिया स्तब्ध है। फिलहाल हादसे की वजह की जांच हो रही है। अमेरिका के जांचकर्ताओं की एक टीम भी दक्षिण कोरिया पहुंच चुकी है और वे स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर हादसे की जांच कर रहे हैं। दुर्घटना के संभावित कारण में बताया जा रहा है कि विमान से पक्षी के टकराने से यह दुर्घटना हुई और कुछ ही मिनटों में पूरा विमान जलकर तबाह हो गया।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि मुआन एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने विमान से पक्षी टकराने का अलर्ट भेजा था। आशंका है कि एक पक्षी के विमान से टकराने से विमान का लैंडिंग गियर में खराबी आई और लैंडिंग के वक्त गियर नहीं खुल पाया। दुर्घटना से कुछ मिनट पहले विमान के पायलट ने मेडे का अलर्ट भी भेजा था। मेडे शब्द का इस्तेमाल पायलट या जहाज के कैप्टन आपातकालीन स्थिति में करते हैं। जब सभी यात्रियों की जान खतरे में हो और पायलट के पास बचने का कोई विकल्प न हो तो वे एयरपोर्ट्स पर मौजूद सभी सेंटर्स पर आपातकालीन कॉल करते हैं।

दक्षिण कोरिया की जेजू एयर एयरलाइंस का बोइंग 737-800 विमान थाईलैंड से दक्षिण कोरिया आ रहा था, लेकिन मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय क्रैश हो गया। विमान रनवे पर फिसलते हुए एक दीवार से टकराया और उसमें धमाके के साथ आग लग गई। विमान में क्रू समेत 181 लोग सवार थे। इनमें से सिर्फ दो ही बच सके और बाकी 179 लोगों की मौत हो गई। यह विमान हादसा दक्षिण कोरिया के सबसे बड़े विमान हादसों में से एक है।

विमान के दोनों ब्लैक बॉक्स-फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर मिल गए हैं।

## सुचिर बालाजी की मौत को मां ने बताया हत्या



**सैन फ्रांसिस्को।** 26 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी और ओपन एआई व्हिसलब्लोअर सुचिर बालाजी का शव सैन फ्रांसिस्को में उनके अपार्टमेंट में पाया गया था। सैन फ्रांसिस्को के मुख्य चिकित्सा परीक्षक कार्यालय ने उनकी मृत्यु का कारण आत्महत्या बताया था। इस पर सुचिर बालाजी की मां ने सवाल उठाए हैं।

अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय-अमेरिकी और ओपन एआई व्हिसलब्लोअर सुचिर बालाजी की मौत पर उनकी मां ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने बालाजी की मौत को हत्या करार देते हुए एफबीआई से जांच की मांग की है। इसका दिग्गज अरबपति एलन मस्क ने समर्थन किया है।

26 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी और ओपन एआई व्हिसलब्लोअर सुचिर बालाजी का शव सैन फ्रांसिस्को में उनके अपार्टमेंट में पाया गया था। सैन फ्रांसिस्को के मुख्य चिकित्सा परीक्षक कार्यालय ने उनकी मृत्यु का कारण आत्महत्या बताया था। पुलिस ने भी उनके अपार्टमेंट में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि के सबूत नहीं पाए थे। इसे लेकर सुचिर बालाजी की मां ने सवाल उठाए हैं। उनकी मां पूर्निमा राव ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि निजी शव परीक्षण और जांच के जरिये सामने आए साक्ष्य आत्महत्या के निष्कर्ष पर संदेह पैदा करते हैं।

उन्होंने लिखा कि सुचिर के अपार्टमेंट में तोड़फोड़ की गई थी। बाथरूम में संघर्ष के निशान थे और खून के धब्बों को देखकर ऐसा लग रहा था कि किसी ने उसे बाथरूम में मारा था। यह एक निर्दयी हत्या है। जिसे अधिकारियों ने आत्महत्या घोषित किया है। सैन फ्रांसिस्को शहर में पैरवी हमें न्याय पाने से नहीं रोक सकती। हम एफबीआई जांच की मांग करते हैं।

# एलन मस्क ने अमेरिका में एच-1बी वीजा कार्यक्रम पर फिर उठाए सवाल



**अमेरिका।** एच-1 बी वीजा कार्यक्रम पर अरबपति टेक दिग्गज एलन मस्क ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली अव्यवस्थित है। इसमें बड़े सुधार की जरूरत है। एलन मस्क और भारतीय मूल के राजनेता विवेक रामास्वामी लगातार एच-1बी वीजा का समर्थन कर रहे हैं। इसे लेकर दोनों नेता नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों से भी भिड़ चुके हैं। एक्स पर पोस्ट में एलन मस्क ने कहा कि एच-1 बी वीजा प्रणाली अव्यवस्थित है और इसमें बड़े सुधार की जरूरत है। एक एक्स यूजर ने लिखा था कि अमेरिका को विश्व की सर्वाधिक विशिष्ट प्रतिभाओं के लिए गंतव्य बनना चाहिए, मगर एच-1 बी वीजा कार्यक्रम इसका सही तरीका नहीं है। इसके जवाब में मस्क ने लिखा कि न्यूनतम वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि करके और वार्षिक जरूरी लागत जोड़कर एच-1 बी वीजा को ठीक किया जा सकता है। जिससे घरेलू स्तर की तुलना में विदेशों से भर्ती करना अधिक महंगा हो जाएगा। पिछले सप्ताह मस्क ने कहा था कि अमेरिका में काफी कम उच्च प्रशिक्षित कर्मचारी होते हैं और अगर अमेरिका को आगे भी तरक्की करते रहना है तो विदेशों से कुशल कर्मचारियों को लाना बेहद जरूरी है। मस्क के समर्थन में भारतीय मूल के राजनेता विवेक रामास्वामी ने कहा था कि अमेरिका की संस्कृति लंबे समय से उत्कृष्टता को छोड़कर सिर्फ औसत दर्जे को महत्व देती है। उन्होंने कहा था कि टेक कंपनियां अधिकतर विदेश में जन्मे इंजीनियरों को भर्ती करती हैं, इसलिए नहीं क्यों अमेरिका में बुद्धिमता की कोई कमी है, बल्कि ऐसी संस्कृति की वजह से जिसमें मैथ्स ओलंपियाड चैंपियन के ऊपर प्रॉम क्वीन ज्यादा सेलिब्रेट किया जाता है। उन्होंने कहा कि बिना जबरदस्त प्रतिभा को अमेरिका लाए, देश चीन से पिछड़ सकता है। एच-1 बी वीजा विवाद के केंद्र में एक डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से अपनी आने वाली सरकार के लिए की गई एक नियुक्ति है। यह नियुक्ति है भारतवंशी श्रीराम कृष्णन की, जिन्हें ट्रंप ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से जुड़े मामलों का सलाहकार बनाया है। उनकी नियुक्ति को लेकर ट्रंप के अतिवादी समर्थकों ने नाराजगी जाहिर की है। एक अतिवादी ट्रंप समर्थक लॉरा लूमर ने कृष्णन की नियुक्ति को परेशान करने वाला करार दिया।

# संघर्ष शील रहे सरदार सेना के कार्यकर्ता : बाबू सिंह कुशवाहा

मड़ियाहूं में सरदार सेना के कार्यालय का फीता काटकर किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिले के मडियाहूं में स्थित पटेल काम्पेक्स में सरदार सेना सामाजिक संगठन के कार्यालय का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि सदर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि सरदार सेना के कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों के प्रति संगठित रहें। वर्तमान परिवेश में विभिन्न पार्टियों के नेता उन्हें भ्रमित करने का प्रयास करेंगे लेकिन सरदार सेना के कार्यकर्ताओं को किसी के बहकावे में नहीं आना है। इस लिए उन्हें संगठित रहने की आवश्यकता है। सरदार सेना हमेशा गरीब, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, किसानों के लिए तथा उनके उत्थान हेतू सदा प्रत्यनशील रही है और भविष्य में भी गरीबों के उत्थान के लिए उनकी लड़ाई लड़ती रहेंगी। इस अवसर पर सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.आर.एस. पटेल ने कहा कि हमें और हमारे संगठन को बदनाम करने की विभिन्न पार्टी द्वारा नाकाम प्रयास किया जा रहा है लेकिन सरदार सेना के कार्यकर्ता उनके इस कुचक्र से विचलित नहीं हुए है। सरदार सेना के कार्यकर्ता के मनोबल को काफी साहस प्राप्त हुआ है। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के द्वारा कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों को माला पहनाकर व गुलदस्ता तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद बाबू सिंह कुशवाहा व राष्ट्रीय अध्यक्ष डां आर.एस.पटेल के द्वारा क्षेत्र के तमाम चिकित्सकों, अधिवक्ता व कार्यकर्ताओं को माल्यार्पण करते हुए अंग वस्त्रम् देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, डां अवधनाथपाल, अरविन्द, अमर बहादुर चौहान कार्यक्रम का संचालन आर.सी.पटेल व अध्यक्षता राय साहब पटेल ने किया।

## विद्यालय के डिजिटल कक्ष का ताला तोड़कर चोरों में लाखों का माल किया पार

**जौनपुर (सुरेरी)** थाना क्षेत्र के जगदीशपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के डिजिटल कक्ष का रविवार की रात ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया। यह जानकारी अध्यापकों को तब हुई जब वह सोमवार की सुबह विद्यालय पर पहुंचे। प्रधानाध्यापक राजमणि सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह जब वह विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय के डिजिटल कक्ष का ताला टूटा हुआ था, अंदर जाने पर विद्यालय में रखें लगभग एक दर्जन से ज्यादा कीमती सामान गायब था। जिसमें कंप्यूटर का यूपीएस, दो गैस सिलेंडर दो बड़ा टोपा, एमडीएम के सभी सामान सहित अन्य कीमती सामान गायब थे। जिसकी कीमत प्रधानाध्यापक द्वारा लगभग डेढ़ लाख रुपए बताई गई। वहीं सूचना पर 112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंच कर आवश्यक जांच पड़ताल कर वापस चली गई। प्रधानाध्यापक राजमणि सिंह द्वारा घटना की लिखित तहरीर थाने पर दे दी गई है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सुरेरी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल आजमगढ़ में सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों की हुई प्रशंसा

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, जाफ़रपुर में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव रविवार, सोमवार, 30 दिसम्बर 2024 का आयोजन किया गया। आज वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन सोमवार, 30 दिसम्बर 2024 का सकुशल आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि बी0 डी0 नक़्वी जी (एच0 जे0 एस0), भूतपूर्व न्यायाधीश, जिला एवं सत्र न्यायालय एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 अतुल गुप्ता जी (पी0सी0एस0), एस0डी0एम0, निजामाबाद ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में सभी अभिभावकगण एवं अतिथियों का स्वागत गीत के साथ सादर सत्कार किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के मंत्र मुग्ध करने वाले कार्यक्रम नृत्य, गीत से सभी छात्र,छात्राओं ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, दुआ से किया गया। इस अवसर पर छात्र,छात्राओं द्वारा अनेक विषयों से सम्बन्धित कार्यक्रम जैसे विविधिता में एकता, शौर्य, नारी सम्मान, सभी धर्मो का सम्मान, स्वाथ्य सम्बन्धित एवं नदियों के संरक्षण से सम्बन्धित कार्यक्रम पेश किया। इस अवसर पर नन्हें- गुन्हे छात्र,छात्राओं द्वारा नृत्य, डिस्कों डॉस, कौव्वाली, गजल एवं सामाजिक सास्कृतिक फैशन शौ का भी आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि बी0 डी0 नक्वी , ने विद्यालय द्वारा प्रस्तुत किये गये सभी सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा चुने गये विषयों की सराहना की एवं सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकगण को अपने सम्बोधन में शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला उन्होंने यह भी बताया की शिक्षा ही एक मात्र आगे बढ़ने का माध्यम है जिसको प्राप्त करने के लिए सभी को अथक परिश्रम करने की आवश्यकता है। समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ अतुल गुप्ता ने विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों एवं विद्यालय द्वारा दी गई व्यवस्था की सराहना की। अपने सम्बोधन में महोदय ने विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उचित फीस में अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करने के दायित्व की प्रसंशा की एवं सभी छात्र-छात्राओं के सम्पूर्ण विकास के लिए विद्यालय द्वारा किये गये अथक प्रयास एवं परिश्रम की सराहना की। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के संस्थापक अयाज अहमद खॉन साहब ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि एव अभिभावकगण शुभचिन्तको, पत्रकारों का अभिवादन किया एवं आये हुये सभी अतिथियों की विद्यालय द्वारा भविष्य में ऐसे ही उबित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते रहने का आश्वासन दिया।

## अधिवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता रवि किरन जैन का निधन

**प्रयागराज।** जाने माने अधिवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता रवि किरन जैन का रविवार को देर रात निधन हो गया। 78 वर्षीय जैन पिछले कुछ दिनों से वायरल बुखार और किडनी की समस्या से जूझ रहे थे। उनकी तबियत अधिक खराब होने पर परिजन उन्हें नाथरेज अस्पताल ले गए, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शाम को चार बजे शंकरघाट स्थित बिजली शवदाह गृह में किया जाएगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता जैन अपने पीछे पत्नी और दो बेटियों को छोड़ गए हैं। उनके निधन की जानकारी होने पर शुभचिंतकों, अधिवक्ताओं और शहर के प्रबुद्ध लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। जैन पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टिस (पीयूसीएल) से भी कई वर्षों से जुड़े रहे। जैन के निधन पर सुरेन्द्र राही, यश मालवीय, विश्व विजय, सीमा आजाद, केके पांडेय, आशीष मित्तल, जफर बख्त, अविनाश मिश्र, अनिल रंजन भौमिक, उत्पला शुक्ला समेत बड़ी संख्या में लोगों शोक व्यक्त किया।

## बिहारीजी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**आजमगढ़।** शहर के चौक मातबरगंज स्थित बिहारीजी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। रविवार की शाम आयोजक संत प्रसाद अग्रवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पहुंचे सेवादारों ने पाठ शुरू किया तो पूरे वातावरण में भक्ति की एक अलग धारा बहने लगी। इस आयोजन से क्षेत्र में एक अलग सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। पाठ के बाद आरती व प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजक संत प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से धार्मिक भावना को बल मिलता है बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना को मजबूती मिलती है। बजरंगबली का नाम लेने से मनुष्य के सारे कष्ट दूर होते है पाप नष्ट होता है और मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है। कहा कि मंदिर प्रबंधन समय समय पर इस तरह का आयोजन करता रहता है।

## एनसीओआरडी की जिला स्तरीय समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की जिला स्तरीय समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के संबंधित सदस्यों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देशित किया जाय कि सभी प्रकार के मनःप्रभावी दवाओं की बिक्री चिकित्सक के परामर्श पर ही ग्राहकों को बिक्री की जाय तथा उनके स्टाक का विवरण पंजिका में अद्यतन किया जाय। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक एवं दूरस्थ/सूनसान स्थानों पर जहाँ ड्रग्स की बिक्री की सम्भावना हो वहाँ पर सतर्क दृष्टि रखते हुए नियमित पेट्रोलिग की कार्यवाही की जाय। अस्पतालों, विद्यालयों एवं रेलवे/बस स्टेशनों के आस-पास पान मसाला, गुटका/दोहरा बेचने वाली दुकानों की चेकिंग/जांच किया जाय तथा पूर्ण रूप से जनपद में दोहरे की बिक्री पर रोक लगायी जाय। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी विष्णु प्रताप सिंह को निर्देशित किया कि ड्रग्स की तस्करी एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु विभिन्न राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों एवं संदिग्ध स्थानों पर संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग की जाए तथा ड्रग्स पीड़ित व्यक्तियों के उपचार एवं नशे की लत छुड़ाने के संबंध में अस्पतालों मे व्यवस्था की जाए व उनके पुनर्वास के संबंध में यथावश्यक कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने फूड इस्पेक्टर एवम ड्रग इस्पेक्टर को निर्देशित किया कि मिलावटी खाद्य पदार्थो का नमूना लेते हुए कार्यवाही करे। उन्होंने उपजिलाधिकारी सदर सुनील कुमार को निर्देश दिया कि जनपद में चल रहे मेडिकल स्टोर के लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन एवम दवाओं की बिल तथा मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट बैठ रहे की नहीं उनकी जाँच करे। बैठक में समिति के सदस्य सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में रेनू का प्रवक्ता पद पर चयन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (खुटहन)** मलुकपुर गाव निवासी रेनू भास्कर ने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में प्रवक्ता पद के लिए सफलता प्राप्त की। भास्कर ने स्नातक और परास्नातक एवं चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी से बीएड की डिग्री ससुराल में रहकर प्राप्त की है।

भास्कर ने बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में सफलता पाई है। चयन प्रवक्ता पद के लिए हुआ है। बिहार लोक सेवा आयोग ने यह परीक्षा 22 जुलाई को आयोजित की थी। उन्होंने 124 वे रैंक प्राप्त की हैं। भास्कर इलाहाबाद में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। हमेशा से ही पढ़ाई में अव्वल रही रेनू भास्कर को पांच बच्चे हैं बड़ी बेटी नित्या क्लट की तैयारी कर रही है अपनी पढ़ाई के साथ सभी बच्चों के पढ़ाई का ध्यान रखते हुए खुद प्रवक्ता के पद पर चयनित हुई। पति त्रिवेणी लाल मेहनत मजदूरी कर घर का खर्च चलाते हैं। रेनू भास्कर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने ससुर अयोध्या प्रसाद और भाई कृष्ण कुमार और जेठानी व गुरुजनों को दिया है। रेनू भास्कर के इस उपलब्धि पर परिवार में हर्ष का माहौल है। पप्पू सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत विभाग टीम का बकायादारों के खिलाफअभियान बकायादार से 4 लाख 10 हजार रुपया जमा कराया गया



**आजमगढ़।** विद्युत वितरण खंड प्रथम के उपखंड अधिकारी उपेंद्रनाथ चौरसिया के निर्देश पर भंवरनाथ सब स्टेशन के अवर अभियंता अकबर अली और अन्य कर्मियों द्वारा सराय मंदराज में विद्युत बकायादारो के विरुद्ध अभियान चलाया गया तथा 81 बकायादारों का लाइन कटा गया स इस कार्रवाई से उपभोक्ताओं में हड़कम्प था और उनसे 4,10000 रुपया जमा कराया गया स सरकार के एक मुस्त बकाया भुगतान योजना (ओटीएस) का 37 लोगो को लाभ दिलाया गया स इस अवसर पर अवर अभियंता अकबर अली ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील किया है की प्रथम चरण के ओटीएस लाभ मे अत्यधिक छूट है इसका लाभ उठाएं जो 31 दिसंबर तक है स इसके लिए लोगों को जागरुक भी किया गया स इस अभियान में क्षेत्रीय लाइनमैन अनिल दुबे, सहायक नागेंद्र चौहान अजय कुमार के अतिरिक्त मीटर रीडर अब्दुल रहमान, राम अवध राम आदि उपस्थित थे।

### अंश ने प्रयाग क्लब को जिताया



**प्रयागराज।** अंश सिंह के हरफनमौला खेल (67 नाबाद, 43 गेंद, 10 चौके, दो छक्के, एवं 2/16) के दम पर प्रयाग क्लब ने वर्मा क्लब को 9 विकेट से हराकर मनीष देव स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। डीएवी मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में वर्मा क्लब की टीम 26.5 ओवर में 111 रन (आर्यन दुबे 18, ऋषभ 17, अजीत कुमार 3/17, अंश सिंह 2/16, अनंत पाल 2/18, आदित्य मिश्रा 2/19) पर सिमटी। जवाब में प्रयाग क्लब ने 14.4 ओवर में एक विकेट पर 115 रन (अंश सिंह 60 नाबाद, सूरज चौहान 21, अमोघ पांडेय 1/34) बना लिए। मैच में मोहम्मद आरिफ व तौसीफ शेख ने अंपायरिंग एवं नेहा श्रीवास्तव ने स्कोरिंग की।

### गेंदबाजी से श्री सहायक क्लब को मिले पूर्ण अंक



**प्रयागराज।** श्री सहायक क्रिकेट क्लब ने कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित कायस्थ पाठशाला क्रिकेट प्रतियोगिता में विराट स्पोर्ट्स क्लब को पांच विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। इस जीत में वर्त्तल शुक्ला की अचूक गेंदबाजी (8-0-38-4) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। सोमवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट स्पोर्ट्स क्लब की पूरी टीम 31 ओवर में 170 रन ( विनोद पाण्डेय 46, राहुल निषाद 24, आदित्य पाल 23, हर्षित तिवारी 20, सौम्य तिवारी 15 रन, वर्त्तल शुक्ला 4/38, अनुज कुमार शर्मा 2/35, शशांक मेहरोत्रा 1/14, अश्वनी तिवारी 1/44 ) पर सिमट गई। जवाब में श्री सहायक क्रिकेट क्लब की टीम ने 31.2 ओवर में पांच विकेट पर 174 रन, ( अंशुमान शुक्ला 77, सौरभ यादव 36 नाबाद, शशांक मेहरोत्रा 21 नाबाद, ह्रदय पाण्डेय 17 रन, राम शाक्य 3/26, श्रेयश सिंह 1/22, सूर्य प्रकाश सिंह 1/42 ) पर बना लिए। मैच के बाद पूर्व खिलाड़ी अरविन्द श्रीवास्तव ने वर्त्तल शुक्ला को मैन ऑफ ड मैच का पुरुस्कार दिया।

### भानु प्रताप क्लब की जीत में शिव व प्रियांश चमके

**प्रयागराज।** भानु प्रताप क्रिकेट क्लब ने हनुमानगंज ए एस क्रिकेट क्लब को सात विकेट से हराकर मोती लाल सर्व समाज कल्याण अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। विजेता टीम के शिव गौतम (63 रन, 58 गेंद, आठ चौके एवं 6 - 0 - 20 - 4) व प्रियांश कश्यप (58 रन, 73 गेंद, पांच चौके) की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। सोमवार को भानु प्रताप मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हनुमानगंज ए एस क्रिकेट क्लब की टीम 30 ओवर में 157 रन (अर्पित राय 62, सानू यादव 25, दियांश 19 रन, शिव गौतम 4/20, अंशुमान पटेल 2/22, प्रियांश 2/36, सनातम राय 1/25) पर बनाए। जवाब में भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब की टीम 27.1 ओवर में तीन विकेट पर 158 रन (शिव गौतम 63, प्रियांश कश्यप 58, विशाल 15 अविजित रन, निर्भय 1/12, सानू यादव 1/33, अनुभव गुप्ता 1/40) पर बना लिए।

### राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रतिनिधिमंडले कैबिनेट मंत्री मिला

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश संयोजक एवं अखिल भारतीय ठठेरा कसेरा ताम्रकार महासभा व पूर्वांचल जन मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवमोहन शिल्पकार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल दारा सिंह चौहान कैबिनेट मंत्री कारागार उत्तर प्रदेश सरकार से मिलकर सामाजिक गतिविधि को बल देते हुए कहा कि हमारे ठठेरा वर्ग के साथ अति पिछड़ा वर्ग का जो हक अधिकार मिलना चाहिए था। वह अभी तक नहीं मिल पा रहा है माननीय मंत्री द्वारा यह आश्वासन दिया गया। सरकार से ठठेरा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग पर चर्चा कर हक अधिकार दिलाने का कार्य करेंगे शिल्पकार इसी कड़ी में कहा कि आगामी नए वर्ष में पूरे उत्तर प्रदेश समेत देश के सभी स्टेटों में अति पिछड़ा वर्ग महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा और यह कार्यक्रम ठठेरा वर्ग के नेतृत्व में संपन्न किया जाएगा सभी लोग एकजुट होकर अपने मत को देकर एनडीए की सरकार बनवाई है। इसी सरकार से अपने हक अधिकारों को प्राप्त किया जाएगा। मौके पर उपस्थित सर्वश्री-प्रदेश महासचिव बृजेश राव, प्रचार मंत्री गणेश ठठेरा, सिकंदर गौतम, नूर सबा , तैयब खां समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर को अपमानीत करना संघीय सोच का परिणामः जितेन्द्र हरि

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** डाक्टर बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर का अपमान संघीय सोच का परिणाम-वाम दल वामदलों के राष्ट्रीय आह्वान के तहत वामदलों ने आजमगढ़ जिला मुख्यालय पर शहीद कुंवर सिंह उद्यान से मार्च निकालकर बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के अपमान के खिलाफ वाम दलों ने प्रदर्शन किया। मार्च शहीद उद्यान से जिला मुख्यालय तक गया।

मार्च में लोग बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर का अपमान करने वाले गृहमंत्री अमित शाह स्तीफा दो। आदि नारा लगा रहे थे। मार्च कलेक्ट्रेट में पहुंच कर सभा में तबदील हो गया सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भाजपा और उनके नेता देश के लोकतंत्र, देश के संविधान और देश के संघीय ढांचे और समाजवाद का विरोध करते करते बाबा साहेब के भी अपमान पर उतर आए जिसके बदौलत नरेंद्र मोदी और अमित शाह आज सत्ता में हैं और मोदी को अमित शाह से इस देश की जनता से माफी मांगने की बात करनी चाहिए थी लेकिन मोदी अमित शाह के पक्ष में दलील देते नजर आए इससे पूरा देश आहत है इस लिए हम लोग जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर मांग करते हैं कि भाजपा उनके नेता गृहमंत्री अमित शाह देश की जनता से माफी मांगे या स्तीफा दे। जबतक यह नहीं होगा।

संघर्ष जारी रहेगा। मार्च का नेतृत्व भाकपा माले नेता कामरेड जयप्रकाश नारायण, कामरेड विनोद सिंह भाकपा नेता कामरेड जितेन्द्र हरि पाण्डेय, कामरेड इम्तियाज बेग ने किया प्रदर्शन के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतरिक्त मजिस्ट्रेट आजमगढ़ को दिया गया मार्च में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के खरपत्तू राम,दुर्बली राम , मंगलदेव यादव, भाकपा-माले के कामरेड रामकृष्ण यादव, कामरेड रामजीत प्रजापति, कामरेड हरिश्चंद्र शामिल रहे।

## रानी रेवती देवी में कंप्यूटर के आधुनिक लैब का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर प्रयागराज के मीडिया प्रभारी एवं संगीताचार्य मनोज गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में एचपी द्व3 12 जेनरेशन की अत्याधुनिक तकनीक से लैस 50 नए कंप्यूटर लैब का उद्घाटन प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं फीता काटकर एवं नारियल फोड़ करके किया गया। इस अवसर पर कंप्यूटर विषय के सभी छात्र-छात्राएं एवं आचार्य एवं आचार्या बहने उपस्थित रहीं।

विद्यालय के कंप्यूटर के शिक्षक प्रभात शर्मा एवं दीपक दयाल ने बताया कि 12वीं पीढ़ी का शक्तिशाली इंटेल कोर द्व3 प्रोसेसर निर्बाध मल्टीटास्किंग की गारंटी देता है जबकि 8जीबी रैम स्मूथ परफॉर्मेंस सुनिश्चित करता है और 512 जीबी एसएसडी के साथ आपके पास अपनी सभी फाइलों और दस्तावेजों के लिए पर्याप्त स्टोरेज स्पेस होगा। उन्होंने कहा कि इस आधुनिक लैब के होने से छात्र छात्राओं को अपने नए पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई करने में बहुत ही लाभ मिलेगा।

## फिफ्थ पिलर की जीत में कार्तिकेय, यथार्थ और प्रियांश चमके

**प्रयागराज।** फिफ्थ पिलर क्लब ने राइजिंग स्टार स्पोर्ट्स फाऊंडेशन बी को 150 रन से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में कार्तिकेय शुक्ला (67 रन, 75 गेंद, 9 चौके), यथार्थ सोमवंशी (57 रन, 67 गेंद, 8 चौके) एवं प्रियांशु गुप्ता (6.4-5-03-5) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में फिफ्थ पिलर क्लब ने 40 ओवर में 8 विकेट पर 215 रन (कार्तिकेय शुक्ला 67, यथार्थ सोमवंशी 57, मीजन रिजवी 26 नाबाद, सार्थक यादव 3/43, ध्रुव सोनकर 2/28) बनाए। जवाब में राइजिंग स्टार स्पोर्ट्स फाउंडेशन बी की टीम 21.4 ओवर में 65 रन (आदित्य राय 14, प्रियांशु गुप्ता 5/03, नीरव 2/11) पर सिमट गई। मैच में हितेश श्रीवास्तव व सुधीर सोनकर अंपायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।

## बेटी की शादी की तरह महाकुंभ में करें सहयोगः एके शर्मा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा है कि महाकुंभ के लिए प्रयागराज सज रहा है। प्रयाग में ही कई शहर बस गए हैं। हर ओर सुंदर और दिव्य संगम क्षेत्र दिख रहा है। इसके लिए सभी नगरवासियों, हमारे कर्मचारियों को साधुवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि घर की बेटी की शादी की तरह महाकुंभ में सभी सहयोग करें। इसे दिव्य और भव्य बनाने के साथ ही स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी भी हम सबकी है। नगर विकास मंत्री सोमवार को महाश्रमदान कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने खुद दारागंज में कुनकुन श्री शिवाला गली में अफसरों और सफाई मित्रों के साथ झाड़ू लगाई और सभी को स्वच्छता का संदेश दिया। प्रयागराज नगर निगम के 7 दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम के छठवें दिन दशाश्वमेघ घाट पर हुए आयोजन में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि मैं प्रयाग से 1980 से जुड़ा हुआ हूं। ग्रेजुएशन करने के लिए आया था तब से प्रयागराज को देखा। यहां कई कुंभ मेले में आया और शामिल हुआ हूं। अपने अनुभवों से कह सकता हूं कि आने वाले वर्ष में होने वाला महाकुंभ अद्वितीय, दिव्य और भव्य होने वाला है। ऐसा महाकुंभ आजतक किसी ने नहीं देखा होगा। इससे पहले नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने मंत्री एके शर्मा और मुख्य सचिव अमृत अभिजात को पौधों के गमले भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक किया गया।

## मुख्य स्नान पर्वों के दिन प्रयागराज रेलवे स्टेशनों पर अलग-अलग होंगे एंट्री और एग्जिट के रास्ते

- महाकुम्भ के दौरान ट्रेन से आने वाले यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा पर डबल इंजन सरकार का फोकस
- प्रयागराज रेल मण्डल के सभी स्टेशनों से प्रवेश और निकास के लिए जारी किया गया एंट्री और एग्जिट प्लान

अवधनामा संवाददाता

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ 2025 को लेकर प्रयागराज रेल मण्डल ने अपनी लगभग सभी तरह की प्लानिंग और तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके साथ ही मुख्य स्नान पर्वो जैसे मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, वसंत पंचमी और माघी पूर्णिमा के दिन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से प्रयागराज रेल मण्डल के सभी स्टेशनों पर एंट्री और एक्जिट के प्लान तैयार कर लिए गए हैं। स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं को किसी तरह की अफरा-तफरी और समस्याओं से बचाने के लिए एंट्री और एग्जिट के अलग-अलग रास्ते बनाए गए हैं। मालूम हो कि अनुमान के मुताबिक महाकुम्भ में आने वाले 45 करोड़ श्रद्धालुओं में से लगभग 10 करोड़ श्रद्धालु ट्रेन से प्रयागराज आएंगे। महाकुम्भ को सफल बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के क्रम में प्रयागराज रेल मण्डल अनुमान के हिसाब से महाकुम्भ के दौरान 3000 मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ लगभग 13000 ट्रेनें चलाने की योजना पर काम कर रहा है। महाकुम्भ के मुख्य स्नान पर्वो पर प्रयागराज रेल मण्डल के स्टेशनों पर एंट्री और एक्जिट प्लान के बारे में जन संपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि मुख्य स्नान पर्वो के दिन प्रयागराज जंक्शन में एंट्री या प्रवेश केवल सिटी साइड, प्लेटफोर्म नं.-1 की ओर से दिया जाएगा और एक्जिट सिविल लाइंस साइड की ओर से ही होगा। अनारक्षित यात्रियों को दिशावार, उनके गन्तव्य स्टेशन के हिसाब से यात्री आश्रय स्थलों के माध्यम से सही ट्रेन और उसके प्लेटफॉर्म की ओर ले जाया जाएगा। वहीं आरक्षित या पहले से रिजर्वेशन कराये हुए यात्रियों को प्रयाराज जंक्शन के सिटी साइड से गेट नंबर 5 से अलग से प्रवेश कराया जाएगा। इसी तरह नैनी जंक्शन पर प्रवेश केवल स्टेशन रोड से दिया जाएगा और निकास केवल मालगोदाम की ओर दूसरे प्रवेश द्वार से होगा। प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश केवल प्रयागराज-मिर्जापुर राजमार्ग को जोड़ने वाले सीओडी मार्ग से तो निकास केवल जीईसी नैनी रोड की ओर से कराया जाएगा।

### सूबेदारगंज, रामबाग और प्रयाग संगम स्टेशन का एंट्री और एक्जिट प्लान

**प्रयागराज।** सूबेदारगंज स्टेशन में स्नान पर्वों के दिन प्रवेश केवल झलवा, कौशाम्बी रोड की ओर से और एक्जिट केवल जी.टी. रोड की ओर ही होगा। प्रयाग जंक्शन में एंट्री केवल चैथम लाइन, प्लेटफोर्म नं.-1 की ओर से तो एक्जिट रामप्रिया रोड, प्लेटफॉर्म नं.- 4 की ओर से होगी। लेकिन आरक्षित या रिजर्व्ड यात्रियों को सहसों मार्ग से द्वितीय प्रवेश द्वार की ओर से ही प्रवेश दिया जायेगा। तो वहीं फाफामऊ स्टेशन में प्रवेश केवल द्वितीय प्रवेश द्वार, प्लेटफॉर्म नं.-4 की ओर और निकास केवल फाफामऊ बाजार की ओर से होगा और प्रयागराज रामबाग स्टेशन में यात्रियों को प्रवेश केवल हनुमान मन्दिर चौराहा की ओर से मुख्य प्रवेश द्वार से दिया जाएगा।

# बकाया भुगतान के लिए कप्तानगंज चीनी मिल के जमीनों की होगी नीलामी

अवधनामा ब्यूरो



कप्तानगंज चीनी मिल

- 24 जनवरी को नीलामी की तिथि की गई है मुकर्रर
- एसडीएम ने जारी की अधिसूचना

**कुशीनगर।** कप्तानगंज चीनी मिल की अचल संपत्ति 24 जनवरी को नीलाम की जायेगी। हाईकोर्ट के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने किसानो का बकाया भुगतान दिलाने के लिए कप्तानगंज चीनी मिल की बसहिया उर्फ कप्तानगंज तथा दुबौली में स्थित तीन जमीनों को नीलाम करने का निर्णय लिया है। उपजिलाधिकारी ने नीलामी की तिथि 24 जनवरी तय करते हुए अधिसूचना भी जारी कर दी है। गौरतलब है कि गन्ना मूल्य बकाए के भुगतान को लेकर कर तहसील प्रशासन ने चीनी मिल को पूर्व में सील कर कुर्की की कार्रवाई कर चुकी है। कप्तानगंज चीनी मिल पर गन्ना किसानों का करोड़ों रुपए बकाया है। गन्ना मूल्य भुगतान नहीं करने पर कप्तानगंज तहसील प्रशासन ने चीनी मिल की अचल संपत्ति का विवरण इकट्ठा करते हुए चीनी मिल के नाम से बसहिया उर्फ कप्तानगंज के खाता संख्या 02257 में कुल पांच गाटा की अचल संपत्ति का मूल्यांकन एक अरब 11 करोड़ 17 लाख 70 हजार 500 और खाता संख्या 00781 में कुल तीन गाटा की अचल संपत्ति का मूल्यांकन तीन करोड़ 93 लाख 30 हजार और मिल के नाम से ग्राम सभा दुबौली के खाता संख्या 00087 में कुल दो गाटा की अचल संपत्ति का मूल्यांकन 34 लाख आठ हजार 600 की गई है, इसकी नीलामी की प्रक्रिया शुरू करते हुए तहसील प्रशासन ने आदेश जारी किया गया है। इसके पूर्व तहसील प्रशासन ने चीनी मिल को सील करते हुए कुर्क की कार्रवाई की है।

### हाईकोर्ट के रोक के बाद भी बिक चुकी है चीनी मिल की कुछ जमीन

कहना ना होगा कि जिले के कप्तानगंज स्थित चीनी मिल (दी कनोरिया सुगर एण्ड जनरल मैनुफैक्करिंग कम्पनी लि.) के जिम्मे किसानों एवं मिल कर्मियों का मूल्य 77,12,61,000/- रूपये बकाया है। चीनी मिल की अचल सम्पत्ति की कुर्की के लिए लेखपाल मार्कण्डेय गुप्ता को अपने क्षेत्र बसहिया उर्फ कप्तानगंज अन्तर्गत आने वाले चीनी मिल की अचल संपत्तियों का ब्योरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था।

नतीजतन लेखपाल मार्कण्डेय गुप्ता द्वारा अनैतिक लाभ के उद्देश्य से ग्राम बसहिया उर्फ कप्तानगंज अन्तर्गत आने वाले चीनी मिल भूमि का गाटा संख्या-1111, 1122 व 1126 का ब्योरा छिपा लिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि गाटा संख्या-1111, 1122, 1126 की कुर्की नहीं हो सकी। बाद में लेखपाल मार्कण्डेय गुप्ता ने विक्रेता आनन्द कुमार सिंह व क्रेता श्याम कुमार केजरीवाल से कमीशन के तौर पर मोटी रकम लेकर गाटा संख्या- 1111, 1122, 1126 की भूमि का विक्रय करा दिया गया जबकि कोर्ट ने चीनी मिल की संपत्ति को मिल प्रबंधन द्वारा बेचने पर रोक लगा रखी है।

लेखपाल मार्कण्डेय गुप्ता का कुकर्म का जब मीडिया ने खुलासा किया। इसके बाद तहसील प्रशासन ने कार्रवाई के नाम पर लेखपाल मार्कण्डेय गुप्ता का हलका बदलकर मामले को हजम कर लिया। उपजिलाधिकारी कप्तानगंज योगेश्वर सिंह का कहना है कि किसानों का बकाए गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर अभी कप्तानगंज चीनी मिल की अचल संपत्ति की नीलामी करने की तिथि 24 जनवरी 2025 को निर्धारित की गई है। नीलामी में शामिल होने के लिए इच्छुक क्रेता किसी भी कार्य दिवस में एसडीएम और तहसीलदार कार्यालय से संपर्क कर जानकारी हासिल कर सकते हैं।

## निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी की यात्रा आज

**देवरिया।** संवैधानिक अधिकार रथयात्र 31 दिसंबर मंगलवार को बततीसवें (32वें) दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष-निषाद पार्टी एवं कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में जनपद कुशीनगर में यात्रा प्रवेश करेगी। यात्रा का प्रारंभ जनपद सहारनपुर के माँ शाहकुंभरी देवी शक्तिदेवी पीठ 30 नवंबर 2024 से हुआ था। उत्तर प्रदेश राज्य की 200 विधानसभा (निषाद बाहुल्य विधानसभा) होते हुए दिल्ली में समापन किया जाएगा। यात्रा देवरिया निरीक्षण भवन से बैतालपुर से सिरजम चौराहा से भगुआ से लंगड़ी चौराहा से गौरी बाज़ार चौक से इन्दुपुर चौराहा से कटाई चौराहा से अवधपुर (जनसभा) से राम लक्षण चौराहा से लक्ष्मीपुर चौराहा से पिपरा चौराहा से छपोली से रूद्रपुर से फ़तेहपुर से तिवई से सरौरा से ककरारी चौराहा से सोनुघाट से खुखूँदू चौराहा से मइल चौराहा से भागलपुरवि (जनसभा) होते हुए जनपद बलिया के लिए प्रस्थान। कैबिनेट मंत्री मत्स्य विभाग संजय निषाद एनआईसी देवरिया से दिनांक 31 दिसंबर 2024 को प्रातः 10 बजे मत्स्य विभाग की प्रादेशिक समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। बैठक में मत्स्य विभाग के प्रमुख सचिव, महानिदेशक, निदेशक एवं प्रदेश के 18 मण्डल के सभी उपनिदेशक जुड़ेंगे तत्पश्चात् यात्रा की शुरुआत करेंगे।

# सोहसा-रामनगर मार्ग होते हुए टेकुआटार तक होगा चौड़ीकरण

## सड़क की चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 26,54,96000 रुपए स्वीकृत

अवधनामा संवाददाता



विधायक पीएन पाठक

**कसया, कुशीनगर।** क्षेत्रीय विधायक पीएन पाठक ने विधानसभा क्षेत्र में जर्जर सड़क टेकुआटार सोहसाङ्करामनगर मार्ग के मरम्मत कार्य और चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए लोक निर्माण मंत्री को एक पत्र लिखकर कारवाई की मांग किया था जिसको संज्ञान में लेते हुए शासन ने सड़क निर्माण कार्य के लिए 26 करोड़ 54 लाख 96 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। जिसको लेकर क्षेत्र की जनता मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ और लोकनिर्माण मंत्री ब्रजेश सिंह और कुशीनगर विधायक पीएन पाठक को धन्यवाद दिया है।

बता दें कि कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के टेकुआटार सोहसा रामनगर मार्ग की स्थिति बहुत ही दयनीय थी। बहुत दिनों से क्षेत्रीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए मांग कर रहे थे कुछ दिन पहले ही विधायक पीएन पाठक के आवास पर पहुंचे क्षेत्रीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए एक मांग पत्र सौंपा और कारवाई की मांग को जिसको गम्भीरता से लेते हुए विधायक पीएन पाठक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग के मंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया कि क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के लोगों के लिए यह महत्वपूर्ण सड़क है जो जगह-जगह टूट कर गड्ढे में तब्दील हो गया है। इसको जनहित में देखते हुए निर्माण कार्य शुरू किया जाना जनहित में ठीक होगा जिसको संज्ञान में लेते हुए शासन ने विधायक पीएन पाठक के मांग पर 8 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 26 करोड़ 54 लाख 96 हजार रुपए की स्वीकृति दी है। इसको लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लोक निर्माण विभाग मंत्री ब्रजेश सिंह, कुशीनगर विधायक पीएन पाठक को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने बिखेरी प्रतिभा

## एसडीडी पब्लिक स्कूल में आयोजित रहा विज्ञान प्रदर्शनी

अवधनामा संवाददाता



प्रदर्शनी का अवलोकन करते विधायक विनय प्रकाश

- आज के वैज्ञानिक कल के भविष्य : विनय प्रकाश

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** नगर स्थित एस.डी.डी. पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल और प्रोजेक्ट बनाकर अतिथियों का मन मोह लिया। प्रदर्शनी का अवलोकन कर अतिथि भी बाल वैज्ञानिकों की खूब सराहनीय की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकोला विधायक विनय प्रकाश ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर छात्रों ने स्वागत गीत, संस्कृति व नाट्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस मौके पर संबोधित करते हुए विधायक श्री गौंड ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज के बाल वैज्ञानिक अपने परिश्रम एवं मेधा के बल पर कल के महान वैज्ञानिक साबित होंगे। विद्यालय के प्रबंधक कृष्णमणि उर्फ बबलू तिवारी ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि विज्ञान के ही बल से आज समाज एवं देश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है विज्ञान से ही एक सुनहरे राष्ट्र की कल्पना की जा सकती है। प्रदर्शनी ने बच्चों ने मानव कंकाल, मानव का हृदय, इसरों का चंद्रयान 3, प्राकृतिक दृश्य, पवन चक्की, पहाड़, पर्वत आदि विभिन्न प्रकार के सीनरी बनाए थे। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन धीरज राव ने किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रविकांत पांडेय, मिंटू सिंह, बृजभूषण तिवारी, शैलेश सिंह, रिशु यादव, कुलदीप यादव, सिद्धार्थ, विशाल सिंह, राधेश्याम तिवारी, दिग्विजय मिश्रा, रामधनी चौरसिया, हेमंत सिंह, रामा चौरसिया, उमेश साहनी, सुरेंद्र गौंड सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** नगर के आवास विकास कॉलोनी के पास दो दिन पहले घर मे घुसकर हुई विवाहिता की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सुलतानपुर रोड स्थित आवास विकास कालोनी रेडीमेड कपड़ो का व्यवसाय करने वाली दिव्या अग्रहरि की घर मे घुसकर शनिवार को हत्या कर दी गई थी। मृतका के पति ने रवि शुक्ला नाम के एक सिपाही पर हत्या का आरोप लगाया था। घटना के बाद पुलिस ने पति और मृतका के मोबाइल नंबर के सीडीआर के आधार पर पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी। पहले मृतका के भाई ने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुँचने पर परिजन आक्रोशित हो गए और पति को छोड़ने के साथ ही आरोपी सिपाही के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सिपाही रवि शुक्ला के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। सोमवार की सुबह पुलिस ने आरोपी सिपाही रवि शुक्ला को बाईपास से गिरफ्तार कर उसके पास से हत्या में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि 2 दिन पहले आवास विकास के पास हुई हत्या के मुख्य आरोपी रवि कुमार पुत्र छन्नालाल निवासी कनौती थाना फफूंद जनपद औरैया को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अभियुक्त रवि कुमार ने अपना जुर्म कबूल किया है। बताया है कि रवि कुमार शुक्ला सितंबर माह में 112 डायल पर तैनाती के दौरान दिव्या अग्रहरि के संपर्क में आया था।

# एक जेई के भरोसे दो ब्लॉक, नगर पंचायत व विधायक निधि का जिम्मा

अवधनामा ब्यूरो

- निर्माण स्थल पर जेई के न पहुंचने से गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

**कुशीनगर।** जिले में एक जेई के भरोसे दो ब्लॉक, एक नगर पंचायत व हाटा विधायक निधि का जिम्मा है। एक ही जेई को चार जगहों का प्रभार मिलने से क्षेत्र में खूब चर्चा हो रही है। उधर निर्माण स्थलों पर समय से जेई के न पहुंचने से ठिकेदार ऐसे तैसे कार्य करा दे रहे है, जो गुणवत्ता पर सीधे सवाल है। बताया जा रहा है कि जेई साहब पिछले दस वर्षो से इस क्षेत्र में जमे हुए है।

बता दें कि नगर पंचायत मथौली में करोड़ों रुपए से सीसी रोड व भूमिगत नाली का निर्माण कार्य इन दिनों चल रहा हैं। ऐसी चर्चा है कि निर्माण स्थल पर जेई के समय से न पहुंचने पर ठीकेदारों द्वारा मनमानी तरीके से कार्य कराया जा रहा है। इसपर नगर के जिम्मेदार भी चुप्पी साधे हुए है। सूत्र बताते है कि जब से अधिशाषी अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण किया है वे निर्माण स्थल का कभी जायजा भी नहीं लिए। निर्माण में क्या गुणवत्ता है, क्या नहीं है किसी को कुछ पता नहीं चल रहा है। कमीशनबाजी के चक्कर में घटिया निर्माण कराया जा रहा है। ठीकेदारों द्वारा चैम्बर व साइड दिवाल में सफेद बालू व दो नंबर ईट धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं जहां ढलाई का कार्य हो रहा है वहां जेई व नगर के कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति नहीं रह रहे। एस्टीमेट की बात पर चुप्पी साध ले रहे है। जिससे गुणवत्ता पर तरह तरह के सवाल उठ रहे है। इस संबंध में जेई ने बताया कि मैं साइड पर जाता हूं, हर साइड का फोटो भी रखा हूं। एक प्राइवेट वर्कर भी रखा हूं, अगर मैं नहीं जा पाता हूं तो उन्हें भेजता हूं। हाटा, मोतीचक ब्लॉक के अलावा नगर पंचायत मथौली व विधायक निधि का कार्य जेई देखते है। नगर के कई लोगों ने बताया कि दर्जनों साइड चल रहा है लेकिन जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंच रहे है। कार्य शुरू होने के बाद कभी कभार दोपहर बाद जेई साहब आ जाते है और फोटो खिंचवाने के बच चले जाते है, उसके बाद ठीकेदारों द्वारा मनमानी तरीके से कार्य शुरू करा दिया जाता है।

## मौसम के बदले मिजाज ने बढ़ाई ठंड

**अमेठी।** पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रविवार सुबह घने कोहरे के कारण सड़क दुघर्टनाओं के खतरे बढ गये है। रविवार को भी वृद्ध जन दिन भर धूप निकलने का इंतजार करते रहे। ग्रामीण अंचल में अलाव नहीं जल रहे हैं।जहां रविवार की सुबह घने कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। सड़क पर चलने वाले वाहन अपनी हेड लाइटों को जलाकर सफर तय करते देखे गए। वहीं सोमवार को भी सूरज की किरणें दिन भर धरती पर नहीं उतरी। ठंड का असर दिन भर बना रहा। लोग दिन भर गर्म कपड़ों में लिपटे रहे। प्रशासन की ओर से अभी भी सभी सार्वजनिक स्थलों पर अलाव नहीं जलवाए गए हैं। ग्रामीण अंचल की बाजारों में दुकानदार अपनी दुकान में पर कबाड़ को जलाकर ठंड भगाने का काम कर रहे हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेंटीग्रेड का रिकॉर्ड किया गया है।

## देवरिया पुलिस द्वारा चला बैंक चेकिंग अभियान

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थ की बिक्री/तस्करी करने वालों पर कार्यवाही हेतू अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह व श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दीपेन्द्रनाथ चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा टीम बनाकर बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके तहत सभी थानों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक की चेकिंग की गयी उक्त बैंक चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद में कानून/शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा बैंक की सुरक्षा करना, जनपद में किसी प्रकार की लूट/छिनैती की घटना न हो, किसी भी व्यक्ति के साथ ए.टी.एम में किसी प्रकार की धोखा धड़ी की घटना न हो, पेट्रोल पंप पर किसी प्रकार की घटना न हो, बैंक के आस पास दिख रहे संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी जिससे मोटर साइकिल/वाहन चोरी की घटनाएं न हो, आदि रहा।

# कुशीनगर में चौदह बूथ अध्यक्षों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

## निर्वाचन का किया विरोध, सक्रिय सदस्यों को नहीं मिली तरजीह

अवधनामा ब्यूरो



इस्तीफे के साथ विरोध करते बूथ अध्यक्ष

- जिलाध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को भेजा इस्तीफा पत्र

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों के निर्वाचित होने की सूची जारी होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में विरोध के स्वर उठने लगे है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि मंडल अध्यक्ष बारङ्कबार एक ही जाती विशेष के लोगों को चुना जा रहा है जो अत्यंत कष्ट की बात है। इससे आहत कुड़वा उर्फ दिलीपनगर के 14 बूथ अध्यक्षों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। कुशीनगर विधानसभा के कुड़वा उर्फ दिलीप नगर में कुल 14 बूथ अध्यक्ष है। चौदहों ने सामूहिक रूप से अपने पद से इस्तीफा देकर निर्वाचन का विरोध किया है। चौदहों बूथ अध्यक्षों और सक्रिय सदस्यों ने जिलाध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को अपने इस्तीफा का पत्र भेजकर विरोध किया है। पत्र में यह आरोप लगाया गया है कि कसया मंडल अध्यक्ष के चयन में बार-बार एक ही जाति विशेष को चुना जाना दुर्भाग्य है। कार्यकर्ताओ का आरोप है कि नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अल्प समय से पार्टी में है। यहां तक कि अभी सक्रिय सदस्य भी नही है। समाजवादी पार्टी से आयातित होने के बाद मंडल अध्यक्ष बनना हम सब कार्यकर्ताओ के आन मान और सम्मान के साथ खिलवाड़ है। इन लोगो का कहना है कि अकेले कुड़वा में एक दर्जन से भी ज्यादे सक्रिय सदस्य है। फिर भी हम सबकी उपेक्षा की गई है।

इस्तीफा देने वाले बूथ अध्यक्षों में रामनारायण, अश्वनी कुमार शर्मा, संदीप शर्मा, हर्ष गोंड़, अनुराग पाण्डेय, वीरेंद्र प्रसाद, राजन सिंह, पंकज चौरसिया, डॉ पारस कश्यप, उमेश यादव, जितेंद्र कुशवाह, हरिभुवन, केशव लाल कुशवाहा सभी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस संबंधन में मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनंद ने बताया कि भाजपा के सोशल अकाउंट या भाजपा के किसी ग्रुप में इस्तीफे की खबर नहीं आई है। अगर ऐसा हुआ है तो सभी बूथ अध्यक्षों से चर्चा कर उनकी बात सुनी जाएगी।

# भाटपार रानी से विशंभर, बनकटा से सीमा एवं पड़री से मनोज भाजपा के मंडल अध्यक्ष निर्वाचित

अवधनामा संवाददाता







**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र के चार में से तीन मंडल अध्यक्षों की घोषणा शीर्ष नेतृत्व के द्वारा सोमवार को की गई। बता दें कि मंडल अध्यक्ष के लिए 16 दिसंबर को नामांकन दाखिल हुआ था जिसमें कुल 14 लोगों ने भाटपार रानी से मंडल अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल किया था। भाटपार रानी से विशंभर पांडेय को मंडल अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

वर्तमान समय में श्री पांडेय भाटपार रानी मंडल के मंडल उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। इसके पूर्व मंडल कोषाध्यक्ष एवं युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के पद पर रह चुके हैं। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष विशंभर पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नीतियों को जन-जन तक पहुंचने का कार्य करेंगे।शीर्ष नेतृत्व के द्वारा जो जिम्मेवारी दी गई है बखूबी उसका निर्वहन कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करूंगा। बनकटा मंडल से सीमा कुशवाहा एवं पड़री मंडल से मनोज वर्मा को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इनके निर्वाचित होने पर पूर्व सांसद रवींद्र कुशवाहा, विधायक सभा कुंवर कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, क्षेत्रीय मंत्री हरिचरण कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, राजकुमार शाही, सुशील शाही,जयनाथ कुशवाहा, राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह, डॉ पवन कुमार राय, डॉ अरविंद सहाय, डॉक्टर भानु प्रताप सिंह, धनंजय सिंह बघेल, सुरेश तिवारी, जय प्रकाश तिवारी, सुरेंद्र सिंह टुनटुन, संतोष शाही, आदित्य शाही, शैलेश सिंह, संतोष पटेल,गौतम प्रसाद, चंदन गुप्ता, राजेश गुप्ता, हनुमान जायसवाल, आनंद पियूष उपाध्याय, चंदन मद्धेशिया, लाल बाबू यादव,सोनू वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, दुर्गेश्वर सोनी, धर्मेंद्र सिंह, रितेश चौहान, मोहन गोंड, अशोक तिवारी, गुड्डु सहाय, रमेश पटेल, हरेंद्र पाल, शैलेश पांडेय, विनोद कुशवाहा, संजय पटेल सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## मानवाधिकार सहायता संघ अंतरराष्ट्रीय का साप्ताहिक बैठक सलेमपुर की सिंचाई विभाग के डाक बंगला पर किया गया



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मानवाधिकार सहायता संघ अंतरराष्ट्रीय का साप्ताहिक बैठक सलेमपुर सिंचाई विभाग के डाक बंगला पर किया गया जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री व देवरिया जिला के जिला अध्यक्ष कर्मवीर योद्धा अखिलेश कुमार योगी ने किया और संचालन जिले के जिला प्रभारी मोहन यादव ने किया उक्त अवसर पर दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ पुरुषोत्तम शर्मा दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजू चौहान दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी रामाशंकर यादव महिला प्रकोष्ठ के जिले के महामंत्री आरती सिंह महिला प्रकोष्ठ के जिले के मंत्री सोनी देवी महिला प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनीता देवी मंत्री संध्या देवी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## टीबी अभियान को लेकर डीएम ने की बैठक

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत शासन द्वारा 07 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चलाए गए 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को जनपद में सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में टीबी मरीजों को खोजने उनके समुचित इलाज तथा जन जागरूकता को लेकर विस्तृत चर्चा किया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद अमेठी में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत 80000 से अधिक संवेदनशील व्यक्तियों की जांच की गई 1000 संदिग्ध व्यक्तियों के एक्सरे किए गए।

# भाजपा सलेमपुर के मण्डल अध्यक्ष बने पुनीत यादव



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** युवा नेता पुनीत यादव को भाजपा सलेमपुर मण्डल का मण्डल अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उनके अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने आतिशबाजी कर उनका अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओ ने हनुमान मंदिर पर पुनीत यादव को माला पहनाकर बधाई दी। नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्ष पुनीत यादव ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी के लिए विगत कई वर्षों से समर्पित कार्यकर्ता रहा हुँ। पार्टी ने जो भरोसा जताते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है उस पर चलने का कार्य करूंगा। साथ ही सबका साथ सबका विकास स्लोगन से प्रेरणा लेकर पार्टी हित में काम करुंगा। सलेमपुर से जिला प्रतिनिधि पूर्व मण्डल अध्यक्ष कन्हैया जायसवाल को बनाया गया है। उनको भी भाजपा कार्यकर्ताओ ने माला पहनाकर बधाई दिया। बधाई देने वालो मे जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल,ब्लॉक प्रमुख अमरेश सिंह बबलू,अजय दूबे वत्स, अनूप उपाध्याय, विनय पाण्डेय, अनिल ठाकुर, अशोक तिवारी, अवधेश मद्देशिया, सन्नी चौरसिया, अमित उपाध्याय, दीपक श्रीवास्तव, कमलेश यादव आदि ने भी बधाई दिया। पुनीत यादव को मण्डल अध्यक्ष बनने पर राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीशचंद्र तिवारी,पूर्व सांसद रविन्दर कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सहित रविन्दर श्रीवास्तव,अशोक पाण्डेय,भोला बाबा, शिवाकांत तिवारी, अभय तिवारी, बचनदेव गोंड आदि बधाई देने वालो मे शामिल रहे।

इंतजार खत्म, नये साल पर गरीबों को सरकार का उपहार

# एक जनवरी को शुरू होगा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नये साल में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों के लिए अच्छी खबर है। एक जनवरी से आवास प्लस-2024 एप पर सर्वेक्षण शुरू होगा। आवास के लिए लाभार्थियों को ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी के आगे पीछे चक्कर लगाने की कोई जरूरत नहीं है। लाभार्थी प्ले स्टोर से आवास प्लस एप डाउनलोड कर स्वयं अपना सर्वेक्षण कर सकते हैं। पात्रता की जांच के बाद पात्र पाए जाने पर उन्हें प्रधानमंत्री आवास मिल जाएगा। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की वेबसाइट लम्बे समय से बंद होने के कारण आवास योजना के लाभ से वंचित लोग पिछले एक साल से परेशान हैं। बहुप्रतीक्षित सर्वेक्षण शुरू करने के लिए सेक्रेटरी भी शासन का निर्देश आने का इंतजार कर रहे थे। गुजरते साल में भारत सरकार ने गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का उपचार दिया है। एक जनवरी से आवास प्लस एप पर सर्वेक्षण के लिए शासन की ओर से निर्देश जारी हो चुका है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले एक साल के भीतर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के मामले में जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को सरकार ने गंभीरता से लिया है।इस बार आवास प्लस एप पर लाभार्थियों को स्वयं अपना सर्वेक्षण करने की स्वतंत्रता दी गई है। लाभार्थियों खुद अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। पात्रता की जांच के बाद पात्रता की स्थिति में उन्हें आवास मिल जाएगा।

### लम्बित पड़े हुए हैं हजारों आवेदन

**अमेठी।** जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की मांग से सम्बंधित हजारों आवेदन पंचायत सचिवों के पास और ब्लाक कार्यालयों में लम्बित पड़े हुए हैं। लोकसभा चुनाव के पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लोगों की ओर से प्रधानमंत्री आवास के जो प्रार्थना पत्र दिए गए थे, उन सबकी जांच पूरी कराकर आवेदन प्रतीक्षारत रखें गए हैं।सीडीओ ने पंचायत वार रजिस्टर तैयार कराए थे। ग्राम चौपालों में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को भी रजिस्ट्रांकित किया गया है। सरकार की ओर से एक जनवरी 2025 से लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन करने के आदेश जारी किए जा चुके हैं। अभी तक सरकार की ओर से कोई लक्ष्य नहीं जारी किया गया है।

> प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों का सर्वेक्षण और रजिस्ट्रेशन एक जनवरी से शुरू होगा। इस बार लाभार्थी आवास प्लस एप डाउनलोड करके स्वयं भी अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। एक मोबाइल पर एक ही परिवार का रजिस्ट्रेशन हो सकता है। रजिस्ट्रेशन के बाद आवेदन सत्यापन के लिए सम्बंधित ग्राम पंचायत विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी को भेज दिए जायेंगे। पात्र लोगों को ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन और सर्वेक्षण पूरा होने के बाद सरकार की ओर से टार्गेट निर्धारित किए जायेंगे।
>
> **ऐश्वर्य यादव**
> **परियोजना निदेशक, अमेठी**

## सर्द रात में भ्रमण पर निकली डीएम

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने रविवार की देर शाम शीत लहर एवं कड़ाके की ठंड के दृष्टिगत जनपद भ्रमण के दौरान रेलवे स्टेशन गौरीगंज व अमेठी बस स्टेशन अमेठी जिला अस्पताल रैन बसेरा वृद्धाश्रम कान्हा गौशाला अमेठी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा रेलवे स्टेशन बस स्टेशन जिला अस्पताल व रैन बसेरा में अलाव का निरीक्षण किया गया। वहां पर उपस्थित जरूरतमंद व असहाय वर्ग के लोगों को कंबल वितरित किया गया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम गौरीगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में पहुंचकर भर्ती मरीजों से उनका हाल-चाल जाना एवं अस्पताल की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं खान-पान स्वास्थ्य सुविधाएं चिकित्सकों द्वारा भ्रमण का समय जाना तथा भर्ती मरीजों के परिजनों से भी वार्ता कर उनका हाल-चाल लिया तथा उन्हें कंबल वितरित किया।

# करौंदीकला के खण्ड शिक्षा अधिकारी हुए सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**करौंदी कला सुल्तानपुर।** बेसिक शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के प्रति सदैव सजग प्रहरी के रुप में उत्कृष्ठ कार्य के प्रति तत्पर करौंदी कला के खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार मिश्र को लखनऊ में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह की उपस्थित में सम्मानित किया गया।गत वर्ष जनपद मथुरा में खण्ड शिक्षा अधिकारी के रुप में विद्यालय को निपुण बनाने मे महत्त्वपूर्ण योगदान दिए थे।

खण्ड शिक्षा अधिकारी को सम्मानित किए जाने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्र मंत्री देवेश राणा प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राम शब्द पाठक मंत्री मिथिलेश यादव मीडिया प्रभारी के सी मिश्र अध्यक्ष अखिलेश सिंह मंत्री संजय यादव उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय सिंह मंत्री संदीप कुमार सिंह वरिष्ठ एआरपी विनय कुमार सिंह प्रधानाध्यापक आशुतोष उपाध्याय आशा वर्मा दयाशंकर सरोज संजय मिश्र श्यामप्रकाश मिश्र इन्द्र मणि मिश्र अनिल कुमार सिंह मनोज यादव राजेन्द्र चौधरी सहित संगठन के पदाधिकारियों ने बीआरसी करौंदीकला में माल्यार्पण अंग वस्त्र एवं प्रभु श्री राम की प्रतिमा भेंट में कर गर्मजोशी से स्वागत किया।खण्ड के समस्त शिक्षकों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को बधाई दी एवं इसी प्रकार से विकास खण्ड के विद्यालय को निपुण तथा उत्कृष्ट बनाने में मार्गदर्शन एवं सहयोग की अपेक्षा की।खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार मिश्र ने सभी संगठन प्रतिनिधियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सब के सहयोग से ब्लॉक करौंदी कला को भी जल्द ही निपुण ब्लॉक बना लिया जाएगा प्रथम चरण निपुण आकलन में ब्लॉक करौंदीकला ने अच्छा प्रदर्शन किया है शासन की मंशा अनुरूप सारी योजनाओं को सुचारू रूप से लागू कराया जा रहा है।

## धनगर महासभा ने किया गांव-गांव जाकर जनसम्पर्क

**टूंडला।** धनगर महासभा के पदाधिकारियों ने किया गांव-गांव जाकर जनसम्पर्क लोगों से 30 दिसम्बर को दबरई पर पहुंचने की अपील की। धनगर महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा 30 दिसम्बर सोमवार दोपहर 11 बजे तहसील जसराना जिला फिरोजाबाद में धनगर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सिंह धनगर एडवोकेट के नेतृत्व में धनगर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी कराए जाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासनादेश के बावजूद भी तहसीलों में प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहे हैं। इस लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए गजट के अनुसार तहसीलों में प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। इस दौरान ज्ञापन देने के लिए समाज के लोगों से पहुंचने के लिए जनसंपर्क किया गया।जनसंपर्क टूंडला, एका, जसराना, जोनामई, पाडम, मुस्तफाबाद, नगला रामापलिया, नगला पदम, मुहम्मदपुर, घाघऊ, नगला साधी, खंदारी, पचवा आदि गांव में और शहरों में जनसंपर्क किया गया। इस मौके पर महेंद्र प्रताप सिंह धनगर, विक्रम सिंह धनगर, प्रधान पुनीत धनगर, हरी बाबू धनगर, प्रदीप धनगर, नवल किशोर धनगर, रविंद्र सिंह एडवोकेट, दिनेश सिंह एडवोकेट, रवि बाबू धनगर, दिनेश धनगर, सुंदर पाल सिंह, प्रधान यशपाल सिंह, कोमल सिंह धनगर, दीवरीलाल धनगर, नवीन धनगर, नितिन धनगर, संदीप धनगर, ओमेंद्र धनगर आदि मौजूद रहे।

# आर्यिका 105 विशुद्धमती माताजी का भव्य मंगल प्रवेश



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** पट्ट गणिनी 105 विज्ञमती माताजी का जैन समाज के सैकड़ो लोगों के साथ मंगल प्रवेश किया गया। एटा चौराहा पर जैन समाज के लोग एकत्रित हुए और माताजी का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद माताजी को जैन समाज के महिला-पुरुष और युवक-युवतियां जुलूस के रूप में लेकर बड़ा बाजार मंदिर पहुंचे। जहां उनकी पूजा अर्चना की गई। जैन समाज के लोगों ने बताया कि 22 वर्ष बाद माताजी का नगर में प्रवेश हुआ है। सर्वप्रथम एटा चौराहे पर श्री महावीर जी बीज एजेंसी पर जोरदार स्वागत किया गया। यहां से माताजी को बैंड बाजे, आकाशवाणी पुष्प वर्षा, गुब्बारे के साथ बहुत ही उत्साह और लगन के साथ माताजी का नगर में प्रवेश कराया। माताजी ने सभी को अपना आशीर्वाद दिया। जगह जगह माताजी की भक्तों ने आरती की उसके बाद नगर में एटा चौराहा से एटा रोड, कटरा बाजार, पक्का तालाब, तहसील, होते हुए नारायण तिराया, स्टेट बैंक बड़ा बाजार, जैन स्ट्रीट में दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में प्रवेश किया। इस दौरान महावीर स्वामी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। इस मौके पर राकेश जैन, प्रिन्स जैन, पंकज जैन, कैलाश जैन, सुनील जैन, अनिल जैन, संभव जैन, शिखर जैन, नवीन जैन, अरुण जैन, रजनीकांत जैन, पवन जैन, गौरव जैन, नरेंद्र जैन, राहुल जैन, सौरभ जैन, दीपक जैन, आलोक जैन के अलावा विमल जागृति मंच के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## कृषक इंटर कॉलेज में हुआ मिशन शक्ति कार्यक्रम



**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने छात्राओं को जागरूक किया कार्यक्रम का शुभारंभएसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने किया इस मौके पर उन्होंने बताया कि बालिकाओं को नारी सुरक्षा बाल विवाह और पास्को एक्ट के प्रति जागरूक होना चाहिए तथा भय मुक्त वातावरण के निर्माण में शिक्षा कायोगदान देना चाहिए सभी बालिकाओं को पढ़ने पर विशेष ध्यान देना चाहिए यदि उनके साथ कहीं भी कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसको छुपाए नहीं तुरंत पुलिस को या अपने पारिवारिक जनों को अवश्य बताएं थाना अध्यक्ष पारुल मिश्रा ने बताया कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह सेप्रतिबद्ध है इस मौके पर सुनील जैन अमित उपाध्याय गोकुल गौतम हेमलता धर्मेंद्र सिंह संदीप कुमार कृष्ण आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## संपूर्ण सुरक्षा को लेकर आयोजित की गई कार्यशाला




**सुल्तानपुर।** एचआईवी/एड्स को लेकर संपूर्ण सुरक्षा केंद्र स्वशासी राज्यकीय चिकित्सालय एवं महाविद्यालय के द्वारा एडवोकेसी बैठक (कार्यशाला) का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सलिल श्रीवास्तव ने फीता काट कर एडवोकेसी बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एसके गोयल, ब्लड़बैंक प्रभारी डॉ.आरके मिश्रा, डीटीओ डॉ.आरके कन्नौजिया, प्रोबेशन अधिकारी, सूचना अधिकारी, पंचायत राज अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, विधिक प्राधिकरण अधिकारी, मुख्य शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ़ बड़ोदा, एआरटी स्टॉफ, एसटीआइ, काउंसलर, पीपीटीसी काउंसलर, टीम दिशा, अहाना, विहान, आईटी परियोजना, प्रताप सेवा समिति के समस्त स्टाफ और समस्त चिकित्सा स्टॉफ ने प्रतिभाग किया। मीटिंग में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित संपूर्ण सुरक्षा केंद्र में सुरक्षा एचआईवी नेगेटिव एट रिस्क क्लाइंट को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की जागरूकता हेतु सुरक्षा से संपूर्ण सुरक्षा के विषय पर पदाधिकारी गण ने अपनी बात रखी।

## उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन की मासिक बैठक आयोजित



**सुल्तानपुर।** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन शाखा सुलतानपुर की मासिक बैठक यूनियन कार्यालय सुलतानपुर में आयोजित की गई। जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया। बीते दिसंबर में रेलवे यूनियन की मान्यता का चुनाव जितने के बाद ये पहली मासीक बैठक आयोजित हुई जिसमें चुनाव के दौरान यूनियन के लिए प्रचार प्रसार करने वाले कार्यकर्ताओं को मोमेंटो एवं पुष्टाहार से सम्मानित किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि लखनऊ मंडल के अध्यक्ष श्री आर पी राव जी एवं शाखा संरक्षक मुन्ना तिवारी जी थे बैठक का संचालन शाखा के शाखामंत्री पंकज दुबे ने किया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष श्री बृजेश यादव, मिथिलेश पाण्डेय, रईश अहमद, सुभाष चन्द्र मौर्य, एस पी यादव, कमलेश सिंह, राजेन्द्र यादव, कुलदीप छोंकर, इंद्रजीत कुमार, मुकेश कुमार, अवनीश कुमार, विनोद वर्मा, मुराद अहमद, लव शर्मा, अजय विश्वकर्मा, महादेव, सियाराम, अशोक आर्यन, सुरज, धीरज, संतराम, रामबिलास, प्रवीन दूबे, मनीष सहीत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## युवा कल्याण विभाग जनपद सुल्तानपुर द्वारा जनपद स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताएं 2 जनवरी से

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत जनपद स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताएं 2 एवं 3 जनवरी को आयोजित की जाएंगी।इसमें एथलेटिक्स , कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो, फुटबॉल, एवं बैटमिंटन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। यह प्रतियोगियों पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में सुबह 9 बजे से शुरू होगी।जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विकास खंड स्तर के प्रथम आए खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें उनको अपने साथ आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

## प्रथम पारी में बबुरी, द्वितीय पाली में रामगंज की टीम विजयी



**अलीगंज, सुलतानपुर।** सुल्तानपुर जिले के अलीगंज बाजार के निकट ऊंच गांव में मंडल स्तरीय खेलो इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुई।जिस के अंतर्गत पांचवें दिन रविवार को प्रथम पारी में बबुरी और रसूलाबाद का मैच हुआ द्वितीय पारी में रामगंज और हरिहरपुर का मैच हुआ। रसूलाबाद क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट गवाकर 107 रन का लक्ष्य दिया, वहीं पर बबुरी क्रिकेट टीम आठ ही ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य को प्राप्त करते हुए विजयी हुई। दूसरी पारी में रामगंज टीम ने टॉस जीत कर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया, हरिहरपुर टीम 10 ओवर में 71 रन पर सिमट गई। वही रामगंज की टीम ने पांच ही ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर टीम को विजय दिलाई।मैन ऑफ द मैच मुन्ना सिंह 42 रन बनाकर नवाद रहे। इस अवसर पर वर्तमान युवा मोर्चा अध्यक्ष दुर्गेश तिवारी, बहुजन विधानसभा प्रत्याशी रागिनी तिवारी, राजन सिंह बंदेल, प्रशांत सिंह मनीष सिंह कट्टा, सौरभ पांडे अतुल सिंह चंदन नारायण सिंह आदि सैकड़ो क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

## मुकदमाती माल कराया गया नष्ट



**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस के द्वारा थाना शिकोहाबाद पर आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित माल मुकदमाती का नियमानुसार विनष्टीकरण किया गया। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये गये अभियान के क्रम मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन मे व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व मे थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत विभिन्न अभियोगों से सम्बन्धित आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित कुल 74 अभियोगों से सम्बन्धित 05 पिस्टल, 30 तमंचे, चाकू/छुरा -39, कीमत लगभग 3 लाख 50 हजार माल विनिष्किरण की वीडियोग्राफी कर गैस कटर से कटवाकर समस्त माल को नष्ट कराया गया। माल को नष्ट कराने वाली टीम में अंकित कुमार वर्मा उपजिलाधिकारी, प्रवीन तिवारी क्षेत्राधिकारी, कीर्ति चौधरी तहसीलदार, प्रदीप कुमार प्र0नि0, एचएम मालखाना है0का0 संजीव कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## एक वांछित पुलिस गिरफ्त में



**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 471/2024 धारा 65(1) बीएनएस व 3/4(2) पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त धीरज कुमार को नलकूप वाली गली आशफाबाद थाना रसूलपुर से गिफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी का आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सम्मिलित रहे अनुज कुमार प्रभारी निरीक्षक, है0का0 712 शैलेन्द्र कुमार, है0का0 427 प्रणवीर सिंह, का0 1398 मोरध्वज सिंह थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

## जन चौपाल लगा कर पीडीऐ की जानकारी दी



**शिकोहाबाद।** ग्राम लतीफपुर एवं बीकमपुर में संबिधान बचाने और बाबा साहब डॉक्टर बी आर अम्बेडकर साहब के विचारों को जन जन तक पहुंचाने,पी डी ए समाज को जागरूक करने एवं उनके समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव जी के निर्देश पर पी डी ए की जन चौपाल लगा कर समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष डॉ मुजाहिद खान ने लोगों को अधिकारों के प्रति जानकारी दी इस मौके पर चौपाल में जिला उपाध्यक्ष के वीं यादव संदीप कुमार एडवोकेट प्रदीप जिला सचिव पप्पू अब्बासी टूंडला विधानसभा अध्यक्ष नवरंग सिंह यादव शिकोहाबाद विधानसभा अध्यक्ष सोनवीर सिंह यादव, अशोक यादव शम्मी अब्बासी चरण सिंह यादव शेखू खान आदि मौजूद थे।

# संयुक्त सेवा समिति आंदोलन के लिए मजबूर, ज्ञापन यात्रा निकाल सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** संयुक्त सेवा समिति के तत्वाधान व गोमती मित्र मंडल समिति के नेतृत्व में जनपद की तमाम सामाजिक संगठनों ने गोमती की दुर्दशा से व्यथित होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जनपद के जिलाधिकारी को सौंपा। सीता कुंड धाम से निकली ज्ञापन यात्रा गोमती स्वच्छता के नारों के जय घोष के साथ मुख्य मार्गो से होती हुई जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। जहां जिलाधिकारी महोदय के प्रतिनिधि के रूप में उप जिलाधिकारी सदर को ज्ञापन सौंपते हुए पांच पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। संयुक्त सेवा समिति के संयोजक डा.सुधाकर सिंह ने कहा कि अब सब्र का बांध फूट रहा है,कागजों के अलावा धरातल पर कुछ भी नहीं हो रहा है। गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि 15 दिनों में शासन या प्रशासन की ओर से कुछ ठोस कार्य नहीं दिखता तो धरना, प्रदर्शन, अनशन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। सामाजिक संगठनों में मुख्य रूप से अखिल विश्व गायत्री परिवार, अंकुरण फाउंडेशन, रोटरी क्लब, आजाद सेवा समिति, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ, घर सुल्तानपुर फाउंडेशन, एम.आर. एसोसिएशन, आई.एम.ए, अपराध निरोधक समिति काउंसिल आफ उद्योग व्यापार मंच, यूनिक फाउंडेशन, कुशभवनपुर उत्थान समिति, विश्व हिंदू महासंघ, किराना व्यापार मंडल, स्पेशल युवा एंटी करप्शन समिति आदि की उपस्थिति रही। डा.सुधाकर सिंह, रुद्र प्रताप सिंह मदन, अशोक सिंह, राकेश सिंह, शिवाकांत पांडे, डा.अंकुर सेठ,अमर बहादुर सिंह, नीरव पांडे,राजेश महेश्वरी आदि ने ज्ञापन यात्रा का नेतृत्व किया।

## सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर'' अभियान में प्रदेश में अव्वल रहा जनपद

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म दिवस के अवसर पर 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2024 तक जनपद में जनपद में मनाये गये ''सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर'' अभियान में जिलाधिकारी मोनिका रानी के नेतृत्व में लोक शिकायतों के निराकरण हेतु तहसील मुख्यालय/विकास खण्ड स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन कर भारत सरकार की केन्द्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) एवं स्टेट पोर्टल (आईजीआरएस) अन्तर्गत 66283 शिकायतों का निस्तारण कर ग्रिवेन्स कटेगरी तथा ''ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी'' अन्तर्गत 305499 आवेदन का निस्तारण कर दोनों कैटेगरी में जनपद ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए डीएम ने मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की है।

उल्लेखनीय है कि यदि कैटेगरीवार प्रथम 05 जनपदों की बात की जाय तो ग्रिवेन्स कटेगरी में मेरठ, सिद्धार्थनगर, इटावा व फतेहपुर ने क्रमशः द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी कैटेगरी में सिद्धार्थनगर, बरेली, मेरठ व सीतापुर ने क्रमशः द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया है।

# 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मुलन कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य मंत्री द्वारा ली गयी बैठक 27 दिसम्बर में दिये के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 दिवसीय सघन टी0बी0 अभियान का आयोजन किया जा रहा है इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के समस्त सी0एच0ओ0 का 30.12.2024 को प्रातः 11:00 बजे से विकास भवन में बैठक का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी सभागार सिविल लाइन दबरई पर किया गया।

उक्त बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सी0एच0ओ0 के कार्य की समीक्षा की गयी तथा जिलाधिकारी द्वारा समस्त सी0एच0ओ0 को 100 दिवसीय सघन टी0बी0 अभियान के बोर में बताया गया जैसे उच्च जोखिम वाले समूह जैसे एचआईवी से पीडित लोग, मधुमेह से पीडित व्यक्ति, 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग, कुपोषित व्यक्ति, पूर्व समय में टी0बी0 से ग्रसित लोग, धूमपान/शराब पीने वाले व्यक्तिय, कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों की स्क्रीनिंग आशा के माध्यम लाइन लिस्ट बनाकर टी0बी0 रोग के 10 लक्षणों ( 1. खांसी =2 सप्ताह 2. बुखार 3. रात में पसीना आना 4. मुह से खून आना 5. सीने में दर्द 6. सांस लेने में तकलीफ 7. वजन कम होना 8. भूख न लगना 9. थकान 10. गर्दन में गिल्टी/गांठ, बांझपन) आदि के आधार पर सम्भावित टी0बी0 रोगियों को खोजा जाना है जिस हेतु जनपद में प्रत्येक आशा को 100 दिवसीय सघन टी0बी0 अभियान 300 सम्भावित क्षय रोगियों की जाँच करानी है तथा प्रत्येक सी0एच0ओ0 (सामुदाय स्वास्थ्य अधिकारी) द्वारा 100 दिवसीय सघन टी0बी0 अभियान 3000 सम्भावित क्षय रोगियों की जाँच करानी है साथ ही प्रत्येक सी0एच0ओ0 द्वारा इस अभियान में 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का गोल्डन कार्ड बनाया जाना अनिवार्य है। उक्त बैठक जिसमें रमेश रंजन (जिलाधिकारी) शत्रोहन वैश्य (मुख्य विकास अधिकारी) डा0 रामबदन राम (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), एवं डा0 बृज मोहन (जिला क्षय रोग अधिकारी), बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जनपद के समस्त सी0एच0ओ0 एवं एन0टी0ई0पी0 कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री कार्य संतोषजनक न होने पर डीएम ने सीएससी संचालकों को लगायी फटकार




**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत पीएम-किसान के लाभार्थियों सहित जनपद के समस्त भूमिधर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने सम्बंधी कार्यो की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने संतोष जनक प्रगति न पाये जाने पर सीएससी के जिला प्रबन्धक तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिले के समस्त नायब तहसीलदार, राजस्व लेखपाल तथा राजस्व निरीक्षकों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने में रूचि न लेने के कारण अत्यन्त कम प्रगति पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही ने जिलाधिकारी को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री एप में कतिपय तकनीकी कमियों के कारण कुछ किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। डीएम ने निर्देश दिया कि देसरे लेखपालों की अपेक्षा में कम फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने वाले लेखपालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाय। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि 500 से 600 फार्मर रजिस्ट्री तैयार कर रहे राजस्व लेखपाल दूसरे लेखपालों को भी प्रेरित करें। तहसीलवार समीक्षा के दौरान तहसील पयागपुर की प्रगति सबसे कम पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए एसडीएम पयागपुर को निर्देश दिया कि शीघ्र से शीघ्र प्रगति में सुधार लायें अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिले में अवस्थित जनसेवा केन्द्रों की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सीएससी प्रतिदिन कम से कम 10 फार्मर रजिस्ट्री तैयार करें।

# डेढ़ करोड़ से अधिक कीमत की चरस के साथ नेपाली गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद पुलिस लाईन सभागार में एक बड़ी बरामदगी का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के द्वारा आगामी कुंभ मेले को लेकर बॉर्डर एरिया सहित पूरे जिले में सघन्य अभियान चलाकर अपराध तथा अपराधियों पर कड़ी निगाह रखने की बात कही गई थी जिसके तहत एसपी के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने व भारत नेपाल सीमा पर सतर्कता से गश्त व चेकिंग हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में

**थाना रूपईडीहा पुलिस और एसएसबी द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही**

क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह व प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा दद्दन सिंह के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी से दिलीप कुमार के नेतृत्व में एस0एस0बी0 टीम के साथ मिलकर संयुक्त रुप से सीमा सुरक्षा के दृष्टिगत भारत-नेपाल सीमा पर सदिंग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन की सघन चेकिंग की जा रही थी कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नेपाल की तरफ से पल्सर मोटरसाइकिल द्वारा काला से नशीला पदार्थ लेकर कस्बा रूपईडीहा की तरफ आने वाला है जिस पर क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह द्वारा



प्राप्त सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुये मय हमराह प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा दद्दन सिंह व उपनिरीक्षक विजय कुमार व हेड कान्सटेबल अभिषेकधर द्विवेदी थाना रूपईडीहा व एसएसबी टीम व मुखबिर के साथ सीमान्त इण्टर कॉलेज जमुनहा के करीब पहुंचे, मुखबिर खास ने इशारा कर सम्भावित व्यक्ति की पहचान करायी चिन्हित व्यक्ति को घेरकर पकड़ लिया गया जिसने अपना नाम ज्ञान मान हरिजन पुत्र राम बहोरी हरिजन निवासी जानकी ग्राम पालिका वार्ड नं0 05, बेलभार जिला बांके राष्ट्र नेपाल बताया क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह व उच्चाधिकारी एसएसबी के मौखिक आदेश पर नियमानुसार व्यक्ति व बोरी की तलाशी हे0का0 अभिषेकधर द्विवेदी द्वारा ली गयी तो जामा तलाशी से एक मोबाइल फोन व बोरी में 12 पैकेट मिले जो प्लास्टिक की पन्नी से लिपटे हुये काले रंग का पदार्थ निकले जिसे मौके पर डॉग हैण्डलर से डॉग द्वारा चेक कराया गया तो डॉग हैण्डलर द्वारा बताया गया कि यह पदार्थ चरस है । जिसे बाजार से इलेक्ट्रनिक बाट मंगा कर वजन किया गया तो पन्नी के साथ कुल वजन पांच किलो से अधिक चरस नशीला पदार्थ होना पाया गया पकड़ी गयी चरस व मोटरसाइकिल के कागजात यह नहीं दिखा सका नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुये पकड़े गये व्यक्ति ज्ञान मान हरिजन उपरोक्त को अन्तर्गत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का दण्डनीय अपराध होने का बोध कराते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी टीम में क्षेत्राधिकारी नानापारा प्रद्युम्न सिंह प्र0नि0 ददन सिंह उ0नि0 विजय कुमार हे0का0 अभिषेकधर द्विवेदी थाना रूपईडीहा और एसएसबी से डिप्टी कमान्डेंट दिलीप कुमार असिस्टेन्ट कमान्डेंट सुनील कुमार शान्त विप्लव कुमार घोष मोहित कुमार आर.वाला राजू विश्वजीत कुमार दीपा कलिता सविता गोर कल्पना वेन डाग हैण्डलर व डाग मारिया की सराहनीय भूमिका रही।

# असद खान गोलू बनें तीसरी बार क्लब के अध्यक्ष

**हमीरपुर जिला प्रेस क्लब का चुनाव संपन्न**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मत से तीसरी बार भारत समाचार के असद खान गोलू को अध्यक्ष चुना गया। शिवकुमार सोनी व नीरज शर्मा को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। जबकि मुनीर खान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सैय्यद उस्मान को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि वह पत्रकारों के न्याय के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। सोमवार को हमीरपुर जिला प्रेस क्लब कार्यालय में संगठन का वार्षिक चुनाव चुनाव अधिकारी श्रीप्रकाश शुक्ला व कौशल किशोर गुप्ता की मौजूदगी में संपन्न हुआ। जिसमें सभी सदस्यों ने सर्वसम्मत से संगठन का चुनाव किया। शिवांक श्रीवास्तव राठ,अमित मिश्रा, ललित शर्मा, पवन तिवारी को मंत्री पद पर मनोनीत किया गया। अमित यादव, अंकित पांडेय, शिवम शिवहरे, हर्षित गुप्ता व नागेंद्र जोशी को संगठन मंत्री बनाया गया।इसी तरह कैलाशचंद्र सोनी,राहुल निगम, रविंद्र कुमार, अमित कुमार यादव को प्रचार मंत्री बनाया गया। विधि विशेषज्ञ हिफजुर्रहमान व मुकेश निषाद को विधिक सलाहकार मनोनीत किया गया। सिद्धार्थ द्विवेदी व इरशाद खान को ऑडिटर तथा पवन सिंह परिहार व किशन कुमार को कार्यालय मंत्री बनाया गया। अनुशासन समिति में विनोद शुक्ला को अध्यक्ष, इंतजार हुसैन को सह अध्यक्ष व राफिस सिद्दीकी,अब्दुल सिद्दीकी व शीलू निषाद को सदस्य बनाया गया। संरक्षक मंडल में श्रीप्रकाश शुक्ला, कौशल किशोर गुप्ता, अरुण श्रीवास्तव, शिवकुमार शेट्टी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह जितेंद्र पंडित को हमीरपुर तहसील,वसीम बेग को राठ राकेश निगम को मौदहा व अमित शुक्ला को सरीला तहसील का प्रभारी बनाया गया। संगठन में महिला मीडिया कर्मियों को मजबूती देने के लिए रिंकू वर्मा राठ को महिला प्रभारी के रूप में मनोनीत किया गया। इस मौके पर संगठन के सभी सदस्यगण मौजूद रहे। हैट्रिक लगाने वाले अध्यक्ष असद खान गोलू ने कहा कि वह पत्रकारों की समस्या को हमेशा मजबूती के साथ उठाते रहेंगे और उनको न्याय दिलाने के लिए हमेशा संघर्ष करेंगे।

# ड्रग स्टोर की दुकानों में जितने भी कैमरा लगाए गए हैं उनकी लिस्ट उपलब्ध करा दें: डीएम

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिला स्टीयरिंग कमेटी की बैठक जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूति की गई। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा ड्रग इंस्पेक्टर एवं समस्त संयुक्त अधिकारियों द्वारा टीम बनाकर जांच की जाए। उन्होंने कहा कि कोटेदारों के रजिस्ट्रेशन आदि करना सुनिश्चित करें साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया की सैंपलों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि होटल, ढाबे, विद्यालय , मेडिकल एवं नवोदय विद्यालय आदि में मैस में जाकर खाने आदि की जांच अवश्य की जाए। उन्होंने कहा कि ड्रग स्टोर की दुकानों में जितने भी कैमरा लगाए गए हैं उनकी लिस्ट उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि जनपद की प्रत्येक सीएससी पर कैंटीन की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खाद एवं औषधि की खरीदारी को लेकर पक्का बिल होना चाहिए जिससे किसी भी चीज में कोई समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि किसी खाद्य पदार्थ में पेस्टीसाइड या केमिकल नहीं आने चाहिए इससे हमारे हेल्थ पर गलत प्रभाव पड़ता है।

बैठक के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, खाद एवं रसद अधिकारी सहित समस्त संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# युवा कार्यकर्ता विनय श्रीवास्तव बने भाजपा के नये मंडल (शहर) अध्यक्ष

**सोनभद्र।** भारतीय जनता युवा मोर्चा सोनभद्र के जिला महामंत्री विनय श्रीवास्तव को भारतीय जनता पार्टी मेन विंग के लिए सोनभद्र शहर का मण्डल अध्यक्ष घोषित किया गया है।

जनपद सोनभद्र के नामचीन समाजसेवी एवं युवा भाजपा नेता विनय श्रीवास्तव अल्पायु से ही जनहित के मुद्दे पर संघर्ष करते रहे हैं। यहां आपको बताते चलें कि बसपा एवं सपा सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ विनय श्रीवास्तव समय समय पर धरना प्रदर्शन कर जनजागरूकता को धार देते रहे हैं। प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडे की संस्तुति उपरांत इस जुझारू एवं कर्मठ भाजपा कार्यकर्ता विनय श्रीवास्तव को जिला सोनभद्र के राबर्ट्सगंज का मण्डल अध्यक्ष नामित किया गया।

# बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का अटल आवासीय विद्यालय में भ्रमण

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश के शासन के निर्देश पर चित्रकूट धाम मंडल के जनपद बांदा, महोबा, हमीरपुर और चित्रकूट जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों का अटल आवासीय विद्यालय अछरौड, बांदा मे शासकीय भ्रमण हुआ। इन अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश था कि वे अटल आवासीय विद्यालय बांदा का भ्रमण करें और जो भी अच्छाइयां देखें और उनसे अपने-अपने स्कूलों में अवश्य लागू करें। इस अवसर पर एडिशनल डायेरेक्टर बेसिक शिक्षा चित्रकूट धाम मण्डल-बांदा समय के पूर्व अटल आवासीय विद्यालय बांदा में उपस्थित रहे। एडी बेसिक के साथ बेसिक शिक्षा अधिकारी बांदा एवं महोबा भी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त चारों जिलों के एसआरजी अटल आवासीय विद्यालय बांदा में मौजूद रहे। उनके साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक रिसोर्स प्रर्सन्स (विषय विशेषज्ञ) एवं जिला एवं खंड समन्वय संयोजक मौजूद रहे। सर्वप्रथम एडी बेसिक चित्रकूट धाम एवं अटल आवासीय विद्यालय, बांदा के प्राचार्य जनार्दन उपाध्याय की अध्यक्षता में एक बैठक बहुद्देशीय कक्ष में समपन्न हुई। जिसमें एडी बेसिक ने यहां एकत्र होने के उद्देश्य को बताया और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिया कि इस विद्यालय की अच्छाइयों को अपने स्कूलों में अवश्य लागू करें और नये पंजीकरण में सहयोग प्रदान करें। अटल आवासीय विद्यालय बांदा के प्राचार्य श्री जनार्दन उपाध्याय ने बताया की अटल आवासीय विद्यालय मुख्यमंत्री की ड्रीम परियोजना है। हम सभी कर्मचारी गण उसे पूरा करने के लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं। हमारा प्रयास सकारात्मक होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में एडी बेसिक एवं प्राचार्य के नेतृत्व में चित्रकूट धाम के बेसिक शिक्षा के सभी अधिकारियों ने सभी शैक्षिक कक्षाओं का अवलोकन किया और शिक्षण कार्य को देखा। इसके बाद आर्ट गैलरी का भ्रमण किया और बहुद्देशीय कक्ष में छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए सृजनात्मक कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इसके पश्चात् पूरी टीम ने कंप्यूटर लैब एवं विज्ञान प्रयोगशाला का भ्रमण किया। अंत में सभी अधिकारियों ने बालक एवं बालिका छात्रावासों का भ्रमण किया। सभी अधिकारियों व एडी बेसिक ने विद्यालय की खूब प्रशंसा की। सभी अधिकारी विद्यालय की साफ सफाई एवं रखरखाव पर खुश थे। सभी अधिकारियों ने अध्यापकों द्वारा दिए गए शिक्षण कार्य एवं उपलब्धियों की जमकर तारीफ की। संपूर्ण कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अनिल कुमार ए.बी. प्रशासनिक अधिकारी ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग एवं सकारात्मक भाव से संपन्न हुआ।

# ग्राम कृपालपुर में ज़रूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** स्वदेश कल्चरल फाउंडेशन ने बसरेहर क्षेत्र के ग्राम कृपालपुर में सोमवार को जरूरतमंद गरीबों को कंबल वितरित किए। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सर्वेश चौहान, संस्था के अध्यक्ष राम जनम सिंह और सदस्य सुनील चतुर्वेदी ने भाग लिया। सर्वेश चौहान ने कहा कि लोगों को जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। राम जनम सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम संस्था प्रत्येक वर्ष आयोजित करती है। संस्था की सदस्य तथा कार्यक्रम की संयोजक अर्चना चौधरी ने कहा कि ग्राम से जरूरतमंद व्यक्तियों का चिन्हांकन पहले ही कर लिया गया था और उन्हें कंबल वितरित किए गए। इस पहल की सराहना करते हुए, लोगों ने कहा कि यह एक बहुत ही अच्छा कदम है और इससे गरीबों को बहुत मदद मिलेगी। कार्यक्रम संयोजिका ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्री बालाजी धर्मार्थ आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क 23 मोतिया बिंद ऑपरेशन किए गए

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** अपना दल (एस), इन्डियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं विश्व हिन्दू परिषद के सयुक्त तत्वाधान में आईओएल फेको विधि (बिना टांका, चीरा) से नि:शुल्क नेत्र मोतियाँ बिंद के ऑपरेशन शिविर का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर जिला अन्धता निवारण समिति के सहयोग से श्री बाला जी धर्मार्थ आई अस्पताल , कुंज बिहार कॉलोनी, सुन्दरपुर रोड में दिल्ली के वरिष्ट आई सर्जन, डॉ विवेक शर्मा, डॉ. योगेश शर्मा, डॉ. तपस्या एवं डॉ के के सक्सेना, डॉ.एस के दुबे प्रबन्ध निदेशक श्री बाला जी(धर्मार्थ)आई हॉस्पिटल ने मोतियां बिंद के सफल ऑपरेशन किये गये। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित समाज सेवी रामशरन गुप्ता एवं सनद पटेल अग्नि शमन अधिकारी, अतिविशिष्ट अतिथि - चन्द्र प्रकाश नवानी स्टोर ऑफीसर रिम्स , देवराज वर्मा जू.स्टोर ऑफीसर रिम्स एवं श्री रमेश चन्द्र समाजिक कार्यकर्ता एवं डॉ.एस.के. दुबे व डॉ.के के सक्सेना ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ.के के सक्सेना जिला उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री बाला जी धर्मार्थ आई हॉस्पीटल में 23 सफलता पूर्वक मोतिया बिंद के रोगियों के ऑपरेशन किये। सचिव डॉ. हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ने बताया समस्त अतिथियों ने श्री बाला जी (धर्मार्थ) आई हॉस्पिटल के डॉक्टर, स्टाफ तथा हॉस्पिटल की भूरि भूरि प्रशंसा की। नेत्र शिविर को सफल बनाने में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी नूतन मिश्रा सुनील चौहान, अपना दल (एस) के जिला उपाध्यक्ष हरिओम चौहान जिला सचिव अरूण कुमार दुबे जिलाध्यक्ष एससीएसटी मंच रविन्द्र कुमार जाटव विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री भानू प्रताप सिंह, श्रद्धा पटेल प्रधानाध्यक रमेश चन्द्र प्रधानाध्यापक अशोक राजपूत इन्जी. राजेश कुमार वर्मा, प्रधानाध्यापक कुलदीप सक्सेना प्रधानाध्यापक अशोक यादव, सहायक अध्यपक संजीव राजपूत के साथ ही श्री बालजी धर्मार्थ आई अस्पताल सुन्दरपुर रोड इटावा के स्टाफ डॉ. रंजना, डॉ. विनिता, अनिमेष दुबे, मोनू दीक्षित, मोनज प्रताप सिंह, श्रष्टि राजपूत आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# डीएम नें जनसुनवाई के दौरान बांटें कम्बल



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में आए हुए फरियादियों को जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव के दृष्टिगत कंबल वितरित किए। जनसुनवाई में लगभग 101 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# यह अब्र हमेशा बरसा है यह अब्र हमेशा बरसेगा

**मौदहा में जोश-व-खरोश के साथ मनाया गया सर सय्यद डे।**

**मेटा शिक्षा के क्षेत्र में कर रहा है अतुलनीय काम**

अवधनामा संवाददाता




**मौदहा हमीरपुर।** प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैय्यद अहमद खान की याद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बे के मकतब रहमानिया में मौदहा एजुकेशनल ट्रस्ट बाई अलीग (मेटा) के बैनर तले सर सैय्यद डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दस वर्षीय जुहैब उल्ला ने तिलावत-ए-कुरआन के साथ किया। मेटा सर सय्यद अमद खान व मौलाना सलीम जाफरी के तालीमी मिशन को एक आन्दोलन के रूप में आगे बढ़ानें का काम कर रहा है। प्रोग्राम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य रहमानिया इंटर कालेज याकूब अहमद, एवं विशिष्ट अतिथि प्रबंधक रहमानिया इंटर कालेज अशरफ क़माल, मजहर नियाज़, डॉ रजिया सुल्ताना व नौशाद संजरी को मेटा की जानिब से स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके उपरांत मेटा संस्था द्वारा बीते दिनों आयोजित कराई गई प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए दर्जनों छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद अतिथियों एवं अलीगढ़ के छात्रों ने सर सैयद अहमद खान एवं मौलाना सैय्यद सलीम जाफरी साहब को याद करते हुए उनके द्वारा समाज के प्रति दिए गए योगदानों का स्मरण करते हुए खिराजे अकीदत पेश की और सभी मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिसके बाद छात्र छात्राओं द्वारा अलीगढ़ तराना व राष्ट्रगान पढ़कर कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर शहर के तमाम सम्मानित लोगो के साथ मेटा के साथी मौजूद रहे। मौदहा का नाम रौशन करनें वाली तनजीन जिस नें हाल ही में जूडीशयरी की परीक्षा पास कर जज बनी उन को मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया।मेटा द्वार उन लोगों को भी सम्मानित किया जो सदैव मेटा का सहयोग करते रहते हैं। इस मौके पर अलीग साथीयों के अलावा हाफिज अकमल सगीर, असलम चौधरी, सुरैय्या रानी कदीर, सनाउल्लाह, निज़ामुद्दीन पावर, डा0 शिबली, हिफजुर्रहमान सहित दर्जनों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब को अपमानित करने वाला युवक गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को सोशल मीडिया में अपशब्दों को प्रयोग करने पर बसपा नेता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हो गया।पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम पंचायत बांकी के मजरा धरमपुर निवासी बबलू गुप्ता ने सोशल मीडिया पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को अपशब्द लिखे और वीडियो में भी बोले।

इसके वायरल होते ही दलित संगठनों में आक्रोश पनप गया। बसपा जिलाध्यक्ष राघवेंद्र अहिरवार ने युवक के खिलाफ थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। साथ ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर आपसी सौहार्द खराब करने वाले व बाबा साहेब के खिलाफ अपशब्द करने पर मुकदमा दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि कस्बे के दूध डेयरी रोड निवासी सुमित सम्राट की तहरीर पर आरोपी बबलू गुप्ता के खिलाफ दलित उत्पीड़न,आईटी एक्ट एवं गाली गलौज की धाराओं में मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

# 25 सदस्य युवा टीम का गठन



अवधनामा ब्यूरो

**उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा नगर इकाई का हुआ गठन**

**इटावा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शहर इकाई की आवश्यक बैठक नुमाइश चौराहा स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई जिसमें युवा शहर इकाई का चुनाव किया गया। युवा शहर इकाई की संघ समिति से घोषणा शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान की संस्कृति पर की जिसमें मुकेश दुबे को अध्यक्ष अनिल यादव को महामंत्री गोविंद कृष्ण भदोरिया को कोषाध्यक्ष सभासद पंकज पचौरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए। साथ ही आठ उपाध्यक्ष आशीष तिवारी पुनीत चौहान आरिफ खान अमित दुबे भोले संतोष कुमार पायल गुप्ता अतुल यादव मंत्री सादिक खान ऋषि बाबू को पांच संगठन मंत्री चुने गए जिसमें रामकुमार वर्मा सौरभ शर्मा कपिल कुमार पाठक रोहित दुबे नीरज कुमार गुप्ता अनिल जैन सदस्य सोहेल खान इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला महामंत्री रमेश यादव जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोरखनाथ वर्मा धर्मेंद्र भदोरिया जिला उपाध्यक्ष राजीव पाल अनवार हुसैन प्रदीप कनौजिया सैया श्रीमती बीना चौहान जिला संगठन मंत्री रमेश जैन नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजावत सरला जाटव पूजा तिवारी अंजू वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने भोपाल विज्ञान मेला 2024 में मचाया धमाल

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने प्रतिष्ठित भोपाल विज्ञान मेला 2024 में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। यह मेला 27 से 30 दिसंबर तक भोपाल के जंबोरी मैदान में आयोजित किया गया था, जिसे विज्ञान भारती और मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम वैज्ञानिक प्रयासों और नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रमुख मंच बना। एनटीपीसी विंध्याचल ने विज्ञान प्रदर्शनी की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी मेगा पवेलियन श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जो तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार में इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पुरस्कार एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से श्री माहताब आलम, सीनियर मैनेजर (मानव संसाधन), श्रीमती किरण दीवाकर, सीनियर मैनेजर (ग्रीन कैमिकल्स); संकर्षण सुब्रमणियम वी, डिप्टी मैनेजर (मानव संसाधन) और दिनेश कुमार मीना, जूनियर इंजीनियर (ईएमजी) की एक सम्मानित टीम ने प्राप्त किया।

# जेम की बालिकाओं के लिए शीतकालीन सत्र 2024 का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 की बालिकाओं के लिए शीतकालीन सत्र कार्यशाला का शुभारंभ दिनांक 30.12.2024 को क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान के सभागार में किया गया । यह 7 दिवसीय कार्यशाला दिनांक 30.12.2024 से 04.01.2025 तक मई-जून-2024 में जेम कार्यक्रम के तहत एक महीने की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में भाग लेने वाली बालिकाओं के लिए आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में आस-पास के 22 गाँवों के 13 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की 110 बालिकाएँ भाग ले रही है। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर एनटीपीसी गीत के माध्यम से किया गया। इस कार्यशाला मे ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में जेम की बच्चियों द्वारा सीखे गए विषयों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही सभी प्रतिभागियों को अंग्रेजी, कंप्यूटर, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण, योग, मार्शल आर्ट, नृत्य और शारीरिक स्वच्छता आदि विषयों की जानकारी सप्ताह भर चलने वाले कार्यशाला के दौरान दिया जाएगा। कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को इस कार्यशाला मे भाग लेने हेतु बधाई दी गई एवं सप्ताह भर चलने वाले कार्यशाला मे सिखाये जा रहे बातों को अपने जीवन मे अपनाने हेतु प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बीसी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (आर एल आई) त्रिलोक सिंह, साथ-साथ एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ जेम के शीतकालीन सत्र की कमेटी के सदस्यगण उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए लगाये गये कैम्प का किया निरीक्षण

**सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए जनपद के विभिन्न स्थानों पर लगाये गये कैम्प के स्थिति का जायजा लिये, इस दौरान जिलाधिकारी ने भ्रमणशील रहकर फार्मर रजिस्ट्री कैम्प हिन्दुआरी का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों व कार्मिकों से वार्ता कर फार्मर रजिस्ट्री बनाने के कार्य के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किये, तो कार्मिकों द्वारा बताया गया कि किसानों का डाटा पोर्टल पर फीड करने के दौरान सर्वर की समस्या आ रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धितों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी किसान कैम्प पर प्रपत्र लेकर आ रहे हैं, उन्हें लौटाया न जाये। किसान के फेस का फोटो व फार्मर रजिस्ट्री बनाने के प्रपत्र को इकठ्ठा कर लिया जाये, पोर्टल सर्वर ठीक होते ही फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाये, कैम्प में आने वाले किसानों को यह भी सूचित किया जाये कि आपका फार्म भरा जायेगा, ओ0टी0पी0 के लिए फोन को पास रखें, सम्बन्धित कार्मिकों द्वारा ओ0टी0पी0 मांगने पर उपलब्ध कराया जाये, जिससे फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य सफलता पूर्वक किया जा सके। कैम्प में आने वाले किसानों को इस बात की जानकारी दी जाये कि फार्मर रजिस्ट्री बनाने में लगने वाले प्रपत्र जैसे आधार, खतौनी लाना अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को फार्मर रजिस्ट्री बनाने से होने वाले लाभ जैसे-किसान सम्मान निधि, कई स्थानों की जमीनों का डाटा इकठ्ठा होना, एग्री स्टेट के अन्तर्गत के0सी0सी0 लोन लेने में सुविधा होना, फसली ऋण का लाभ, फसली बीमा क्षतिपूर्ति व आपदा राहत में सुगमता आदि की भी जानकारी दी जाये। जिलाधिकारी ने कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों का फार्मर रजिस्ट्री बनाने हेतु प्रपत्रों को एकत्रित कर लिया जाये। जैसे ही सर्वर ठीक हो जाये, प्राथमिकता के आधार पर कार्य को करने का प्रयास किया जाये, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसानों का फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य किया जा सकें। इस मौके पर को-आपरेटीव श्री देवेन्द्र कुमार सिंह, लेखपाल उमाशंकर, टी0ए0सी0 विकास प्रताप सिंह, पंचायत सहायक पूनम सहित अन्य किसानगण उपस्थित रहें।

# रेणुसागर की क्यू सी टीमों ने नेशनल कन्वेंशन में हासिल की बड़ी उपलब्धियां



**रेनुसागर सोनभद्र।** हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह के दिशा निर्देशन में रेणुसागर पावर डिवीजन रेनुसागर की। क्यूसी टीमों ने नेशनल कन्वेंशन में हासिल की बड़ी उपलब्धियां, जीते पार एक्सीलेंस और बेस्ट मॉडल अवार्ड÷बताते चले कि तीन गुणवत्ता चक्र क्यू सी टीमें प्रगति, नवोदय और चिंतन ने नेशनल कन्वेंशन ऑफ क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स में भाग लिया और अपनी असाधारण प्रतिभा से हमारे संगठन का गौरव बढ़ाया।इन तीनों टीमों ने अपने केस प्रेजेंटेशन मे टी टी एम डी सी के सहयोग से अदभूत प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित पार एक्सीलेंस अवार्ड जीता। इसके साथ ही, मॉडल प्रेजेंटेशन में अपनी रचनात्मकता और कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ मॉडल अवार्ड भी अपने नाम किया। इन उपलब्धियों के पीछे सभी टीम सदस्यों का अथक परिश्रम, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन है। आप सभी ने यह सिद्ध कर दिया है कि कड़ी मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। यह उपलब्धि पूरे संगठन के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## लाइट व सफाई पर विशेष दिए जाएं जोर

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद अध्य नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 5, नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 2, नगर पंचायत रेनुकूट में 0, नगर पंचायत पिपरी में 3, नगर पंचायत दुद्धी में 4, नगर पंचायत डाला बाजार में 1. नगर पंचायत अनपरा में 3, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

**मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश की तीनों टेक्निकल यूनिवर्सिटी को इनोवेशन से जोड़ने के निर्देश दिए**

# ग्लोबल और लोकल मार्केट की मैपिंग की जाए: योगी

अवधनामा ब्यूरो



- आवश्यकता के अनुसार छात्र इनोवेशन को विकसित कर सकें : मुख्यमंत्री
- नये इनोवेशन के लिए सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाए
- ग्लोबल मैपिंग के बाद उसकी आवश्यकता के अनुसार ट्रेड तैयार करने तथा वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुसार पुराने ट्रेडों के आधुनिकीकरण के निर्देश
- टेक्निकल यूनिवर्सिटी में मॉडर्न टेक्नोलॉजी के साथ ओडीओपी के लिए भी स्पेस दिया जाए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां अपने सरकारी आवास पर यू.पी. इनोवेशन फण्ड (यू.पी.आई.एफ.) के सम्बन्ध में बैठक की। उन्होंने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश की तीनों टेक्निकल यूनिवर्सिटी को इनोवेशन से जोड़ने के निर्देश देते हुए कहा कि तीनों टेक्निकल यूनिवर्सिटी में इनोवेशन सेंटर बनाए जाएं, जहां पर विद्यार्थियों को स्टार्टअप से सम्बन्धित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने ग्लोबल और लोकल मार्केट की मैपिंग कराने के निर्देश दिये, ताकि वर्तमान की आवश्यकता के अनुसार छात्र इनोवेशन को विकसित कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में तेजी के साथ टेक्नोलॉजी बदल रही है। ऐसे में बदलती हुई टेक्नोलॉजी और ग्लोबल मार्केट की डिमाण्ड के अनुसार इनोवेशन को विकसित किया जाए। इसके लिए जरुरी है कि नये इनोवेशन के लिए सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाए। साथ ही, सभी तीनों टेक्निकल यूनिवर्सिटी में भी इनोवेशन की आवश्यकता के अनुसार सेण्टर की स्थापना की जाए। इसके लिए सरकार द्वारा उन्हें फण्ड उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के पास फण्ड की कमी नहीं है, जबकि युवाओं के पास इनोवेशन तो है, लेकिन उनके पास फण्ड की कमी है। ऐसे में यूनिवर्सिटी के माध्यम से छात्रों को फण्ड उपलब्ध कराया जाए। इससे आने वाले समय में नये-नये इनोवेशन सामने आएंगे। इससे जहां प्रदेश का युवा ग्रोथ करेगा, वहीं प्रदेश का भी नाम रोशन होगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को एक प्रारुप तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्लोबल मैपिंग के बाद उसकी आवश्यकता के अनुसार ट्रेड तैयार करने तथा वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुसार पुराने ट्रेडों के आधुनिकीकरण के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप को ईकोसिस्टम से जोड़ना होगा। इसके लिए टेक्निकल यूनिवर्सिटी में मॉडर्न टेक्नोलॉजी के साथ ओ.डी.ओ.पी. के लिए भी स्पेस दिया जाए। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार ट्रेड सेलेक्ट करके छात्रों को इनोवेशन के लिए प्रेरित करने तथा इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए यूनिवर्सिटी को भी प्रेरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसके लिए यूनिवर्सिटी को पूरी तरह से फ्रीडम दिए जाने पर नये इनोवेशन सामने आएंगे। उन्होंने इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए यूनिवर्सिटी को आई.आई.टी. से जोड़ने के निर्देश दिये।

ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए 02 वर्ष पहले 400 करोड़ रुपये के अंशदान को स्वीकृति दी गयी थी। वहीं इन्वेस्टमेंट मैनेजर को 1200 से 3600 करोड़ रुपये का अंशदान करना था। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार और इन्वेस्टमेंट मैनेजर के अंशदान को बराबर करने पर विचार किए जाने की बात कही।

**सी.एम.एस. राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस द्वारा 'वार्षिक समारोह' का आयोजन**

# बच्चों की प्रतिभा देख मंत्रमुग्ध हुए अभिभावक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस द्वारा सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित विद्यालय के 'वार्षिक समारोह' में अपने नाचते-गाते बच्चों की बहुमुखी एवं बाल सुलभ प्रतिभा को देख अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गये। कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने अपने नन्हें-मुन्हों की खूब हौसलाअफजाई की और बच्चों ने भी बड़े उत्साह से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इससे पहले, मुख्य अतिथि डा. अखिलेश कुमार निगम, आई.पी.एस., डी.आई.जी., सीबीसीआईडी, लखनऊ ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. निगम ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक समारोह बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु बेहद महत्वपूर्ण हैं। यह समारोह सिर्फ बच्चों के लिए ही नहीं अपितु बड़ों के लिए भी प्रेरणादायी है, जिससे हम सभी एक स्वस्थ, समृद्ध व खुशहाल समाज के नव-निर्माण में योगदान दे सकें। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों का आह्वान किया कि स्कूल, माता-पिता व अभिभावक शुरू से ही बच्चों को अच्छे संस्कार व विचार दें।

समारोह का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना की शानदार प्रस्तुति से हुआ, जिसने सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने समूह गान, डान्स-ड्रामा, नृत्य नाटिका, आर्केस्ट्रा, लोक नृत्य एवं क्रिसमस उत्सव आदि विभिन्न प्रस्तुतियों द्वारा अनेकता में एकता का अभूतपूर्व संदेश दिया। इसके अलावा, छात्रों द्वारा विश्व संसद की प्रभावशाली प्रस्तुति एवं छात्रों की माताओं द्वारा प्रस्तुत समूह गान को भी सभी ने खूब सराहा।

## स्कॉलर्स होम स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद आयोजित

**लखनऊ।** विहंगम बादलों से ढके सुहाने मौसम में गोमतीनगर स्थित स्कॉलर्स होम स्कूल का दो दिवसीय खेलकूद समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। पहले दिन प्लेग्रुप से लेकर कक्षा चार तक के छात्रों ने जहां जेस्टी जूम, शेकी शफल, ब्रेनि ब्लिट्ज जैसी रोमांचक दौड़ों का प्रदर्शन किया, वहीं दूसरे दिन कक्षा पांच से 12 तक के बच्चों ने ध्वजों और गतिशील ड्रिल्स का उपयोग करते हुए अपनी निपुणता और सामूहिक सहयोग का बखूबी परिचय दिया। छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी खेलकूद की कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बच्चों के साथ अपने भावनात्मक लगाव का शानदार प्रदर्शन किया। अत्यंत खुशनुमा माहौल में हुई प्रतिस्पर्धा में छात्र-छात्राओं में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, बेहतरीन अनुशासन एवं कुशल प्रबंधन का शानदार परिचय दिया।

# ओबीसी एसोसिएशन की अनौपचारिक वार्ता तंत्र का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडलीय कार्यालय में स्थित सभागार में ओबीसी एसोसिएशन की अनौपचारिक वार्ता तंत्र का आयोजन किया गया। इस वार्ता तंत्र में प्रशासन सम्बन्धी अनेक महत्वपूर्ण विषयों के साथ-साथ रेल कर्मियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों के मध्य विस्तार से चर्चा हुई। एसोसिएशन ने अपनी अनेक मांगों से प्रशासन को अवगत कराया एवं प्रशासन द्वारा इन मांगों को नियमानुसार पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। इस वार्ता तंत्र में रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली से आए एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (एमपीपी), शत्रुघन बेहरा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, एसएम शर्मा ने बताया कि यह वार्ता अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी समय में इस प्रकार के वार्ता तंत्र के माध्यम से प्रशासन एवं एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास के द्वारा मंडल को अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त होंगी तथा मंडल सफलताओं के नए आयामों को स्पर्श करेगा। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, नीलिमा सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं ओबीसी एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष, राम विलास शर्मा एवं मण्डल मंत्री, अभिषेक कुमार यादव सहित एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान आन्दोलन : बेगमपुरा समेत दस ट्रेनें प्रभावित

**लखनऊ।** पंजाब राज्य में किसान आन्दोलन के कारण उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल से होकर गुजरने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस, लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस समेत दस ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कुलदीप तिवारी ने बताया कि किसान आंदोलन के चलते जो ट्रेनें प्रभावित रही उनमें जम्मूतवी से वाराणसी जाने वाली ट्रेन नम्बर-12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस 30 दिसम्बर को शार्ट ओरिजनेट तथा वापसी में वाराणसी से जम्मूतवी की ओर जाने वाली 12237 बेगमपुरा एक्सप्रेस लुधियाना में शार्ट टर्मिनेट की गयी। इसी प्रकार जयनगर से



अमृतसर की ओर जाने वाली 14649 सरयु-यमुना एक्सप्रेस मुरादाबाद में नियंत्रित की गयी। वापसी में अमृतसर से जयनगर जाने वाली 14650 सरयु-यमुना एक्सप्रेस अमृतसर में पुनर्निर्धारित की गयी। लखनऊ से चंडीगढ़ जाने वाली 12231 लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस अंबाला कैंट में शार्ट टर्मिनेट की गयी। कोलकता से अमृतसर जाने वाली 12317 अकाल तख्त एक्सप्रेस अंबाला कैंट में, हावड़ा से जम्मूतवी जाने वाली 12331 हिमगिरी एक्सप्रेस अंबाला कैंट और मुरादाबाद में नियंत्रित की गयी। फिरोजपुर से धनबाद जाने वाली 13308 किसान एक्सप्रेस लुधियाना तक हावड़ा से अमृतसर जाने वाली 13005 पंजाब मेल फगवाड़ा तक तथा धनबाद से फिरोजपुर जाने वाली 13307 किसान एक्सप्रेस लुधियाना में शार्ट टर्मिनेट की गयी। यात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेल गाड़ियों के रूट के अन्य ठहरावों और समय-सारणी की जानकारी के लिए कृपया रेल मदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट पर देखे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रो. आगा परवेज मसीह और सैय्यद अली मीसम नकवी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल बीएसए से मिला



**लखनऊ।** हमारी अफ्हाम-ए-ज़मा सोसाइटी का एक प्रतिनिधिमंडल राम प्रवेश, बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखनऊ से मिला। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य कोरोना महामारी के बाद शिक्षा से वंचित रह गए बच्चों की समस्याओं पर चर्चा करना था। प्रतिनिधिमंडल ने राम प्रवेश को बताया कि महामारी के कारण बहुत सारे बच्चे शिक्षा से वंचित रह गए हैं। ऐसे बच्चों को विशेष तौर पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**प्रतिनिधिमंडल ने निम्नलिखित मांगें रखीं:-**

1. पुराने लखनऊ में कक्षा 10 तक विद्यालयों की संख्या बढ़ाई जाए।
2. कम्प्यूटर शिक्षा के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा भी दी जाए।

प्रतिनिधिमंडल में प्रोफेसर आगा परवेज़ मसीह, सैय्यद अली मीसम नकवी, अध्यक्ष, मिथलेश सिंह, प्रोफेसर ध्रुव त्रिपाठी,मोहम्मद नासिर, यूशा आबिद, एडवोकेट और समर मेहदी (अम्बर फाउंडेशन) शामिल थे। हमें उम्मीद है कि राम प्रवेश हमारी मांगों पर विचार करेंगे और शिक्षा से वंचित बच्चों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

### पीयूसीएल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि किरण जैन के निधन पर भाकपा माले ने शोक प्रकट किया

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने सुप्रसिद्ध मानवाधिकार कार्यकर्ता, पीयूसीएल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रवि किरण जैन (78) के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उनका निधन बीती देर रात प्रयागराज के नाजरेथ अस्पताल में हुआ। उनकी अंत्येष्टि सोमवार को शाम में तेलियरगंज विद्युत शवदाह गृह में हुई। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने श्री जैन के परिजनों के प्रति शोक संवेदना में कहा कि वे गरीबों के उत्पीड़न और उनके नेताओं पर फर्जी मुकदमों के खिलाफ अदालत में एक निडर आवाज थे। आपातकाल के दौर में पीयूसीएल से जुड़े और उसके अध्यक्ष भी बने। संविधान के खास जानकर थे। भाजपा के इस शासन के दौर को वह आपातकाल से कई गुना खतरनाक मानते थे। वह आजीवन सेक्युलर, मानवाधिकारों व संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ और इसके खिलाफ उठने वाले किसी भी विचार के खिलाफ संघर्ष करते हुए जिए।

### स्नान पर्वों की प्रासंगिकता पर चौपाल चर्चा

**लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा सोमवार को महाकुम्भ और लोक जीवन में स्नान पर्वों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित लोक चौपाल में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। राजकीय शोक के चलते आनलाइन हुई चौपाल में निर्गुण गाये गये। साथ ही महाकुम्भ के महात्म्य पर चर्चा और गंगा गीतों की प्रस्तुतियां भी हुई।

लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि लोक जीवन में कार्तिक पूर्णिमा, माघी पूर्णिमा, मौनी अमावस्या आदि पर्वों का लोक जीवन में व्यापक महत्व रहा है। कुम्भ के स्नान पर्व पर जुटने वाली अपार भीड़ सनातनी परम्परा का जीवंत प्रमाण है। नवयुग महिला महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की डा. अपूर्वा अवस्थी ने स्नान दान का महत्व, शरद ऋतु में खान पान के व्यंजन आदि की चर्चा करते हुए कहा कि लोक मान्यता है कि महाकुम्भ में स्नान से जीवन के सभी पापों से छुटकारा मिलता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# नगर विकास मंत्री ने झाड़ू लगाकर किया श्रमदान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा सोमवार को महाकुंभ तीर्थ क्षेत्र तथा प्रयागराज शहर के सभी 100 वार्डों में उत्कृष्ट स्तर की साफ सफाई, स्वच्छता व व्यवस्थापन के लिए चलाए जा रहे महासफाई अभियान को और गति देने तथा कुंभ तीर्थ क्षेत्र को अलौकिक व अमृतमय बनाने के लिए नागवासुकी मंदिर के कुनकुन श्रीवाला गली से दशाश्वमेघ घाट तक एवं अशोक नगर स्थित दुर्गा पूजा पार्क तक चलाए गए सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर तथा स्वयं अपने हाथों से झाड़ू लगाकर और कूड़ा उठाकर सफाई में श्रमदान किया। उन्होंने नगर के सम्मानित नागरिकों के घर-घर जाकर स्वच्छता का संदेश दिया, जिससे कि कुंभ तीर्थ के दौरान पूरी दुनिया के सामने तीर्थराज प्रयाग को एक आदर्श नगर के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कुंभ तीर्थ मेला क्षेत्र में आने वाले सभी श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और पवित्र माहौल देने के लिए संकल्पित है। नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा ने मां गंगा किनारे दशाश्वमेघ घाट में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ 2025 हमारी सांस्कृतिक विरासत, अध्यात्मिकता व परंपरा के साथ आधुनिक एवं विकसित भारत का प्रतीक बनेगा। कुम्भतीर्थ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। यह आयोजन अद्वितीय एवं दिव्य होगा।

## 01 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का होगा आयोजन

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा उ0प्र0 में 01 जनवरी, 2025 से 31 जनवरी, 2025 तक एक माह का राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जायेगा। इस दौरान प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। इस संबंध में शासन द्वारा सभी जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, परिवहन विभाग आदि को निर्देश दिये गये हैं कि राज्य के सभी जिलों में जिलाधिकारी/पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए जिलावार लक्ष्य निर्धारित करते हुए सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने हेतु समेकित प्रयास किए जाए। सड़क दुर्घटनाओं में योगदान देने वाले सड़क इंजीनियरिंग कारकों जैसे कि अवैध मीडियन गैप, एक्सपोज्ड ऑबजेक्ट, जंक्शन पर ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स की स्थापना न होना, समुचित प्रकाश व्यवस्था न होना तथा स्कूल जोन चिन्हित कर आवश्यक सड़क सुरक्षा प्राविधान न होना आदि पर आवश्यक कार्यवाही किया जाना।

# शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में डा. खुलबे ने बनाया नया मुकाम

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कालेज के सुनहरे इतिहास में एक नया पन्ना उस समय झुड गया जब यहाँ के छात्र रहे डा.संजीव खुलबे ने हृदय की सर्जरी के क्षेत्र में एक नया मुकाम बना दिया. हैदराबाद के अपोलो अस्पताल में हुयी एक सर्जरी में डा. संजीव खुलबे ने भारत में पहली बार इस पद्धति से शल्य चिकित्सा की है। हैदराबाद में एक 40 वर्षीय मरीज तीव्र माइट्रल रिगर्जिटेशन से पीड़ित था उसकी जटिल माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। भारत में इस तरह का पहला जटिल ऑपरेशन अपोलो अस्पताल, जुबली हिल्स, हैदराबाद के सीटीवीएस सर्जन डॉ.संजीव खुल्बे की मेडिकल टीम ने किया। मरीज को माइट्रल रिगर्जिटेशन के कारण गंभीर सांस लेने में तकलीफ के कारण रेफर किया गया था। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान ही मरीज को दो बार हृदयाघात हुआ ,लेकिन सफलतापूर्वक कार्डियोवर्ट करके उसे पुनर्जीवित किया गया। बाद में मरीज को बहुत उच्च आयनोट्रोपिक सपोर्ट पर रखा गया। चूंकि रोगी को हेमोडायनामिक सहायता की आवश्यकता होती है, इसलिए उसके कार्डियो श्वसन कार्य को सपोर्ट देने के लिए तुरंत वीए (वेनो आर्टेरियल) ईसीएमओ लगाया गया। 48 घंटे में स्थिति सामान्य होने के बाद, मेडिकल टीम ने एमवी रिप्लेसमेंट सर्जरी करने का फैसला किया, जबकि मरीज अभी भी ईसीएमओ पर था। चार घंटे लंबी जटिल सर्जरी की गई जिसमें ईसीएमओ को हटाने के साथ वाल्व को आर्टिफिशियल वाल्व से बदलना शामिल था। अस्पताल में एक सप्ताह ऑब्जर्वेशन में रखने के बाद मरीज को छुट्टी दे दी गई है।लास्ट स्टेज के कार्डियो श्वसन रोगों के उपचार में ईसीएमओ का उपयोग बहुत ही कारगर है, हालांकि वाल्वुलर समस्या के कारण हार्ट फेल्योर में ईसीएमओ की भूमिका अच्छी तरह से समझ में नहीं आती है। इस मामले में ऐसे रोगी को स्थिर रखने के लिए जटिल माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद वीए ईसीएमओ का उपयोग हृदय उपचार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। क्योंकि दुनिया भर में इस प्रक्रिया को अपनाए जाने के बहुत कम ही मामलों की रिपोर्टिंग उपलब्ध हैं।

# पूरे देश में एक लाख नेताजी सुभाष न्यायरक्षक तैयार करेगा नेताजी सुभाष संगठन: अमित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी के यूपी प्रेस क्लब में नेताजी सुभाष संगठन द्वारा आयोजित नेताजी सुभाष न्यायरक्षक सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा की नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के न्यायपूर्ण भारत निर्माण के लिए संगठन देश भर में अगले तीन वर्षों में एक लाख नेताजी सुभाष न्यायरक्षक जोड़ेगा। कार्यक्रम में ऑनलाइन सदस्यता लेने के लिए संगठन की एक वेवसाईट का विमोचन भी किया गया। उन्होंने कहा कि पहले वर्ष देश भर के सभी जिला मुख्यालयों पर दूसरे वर्ष सभी तहसील मुख्यालय पर और तीसरे चरण में देश भर के प्रत्येक थानाक्षेत्र से लोगों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि नेता, मंत्री, सांसद या मुख्यमंत्री के दरबार सहित सभी विभागों, थानों और न्यायालयों में आम आदमी की लम्बी कतारें इंसाफ पाने के लिए लगी दिखाई देती है लेकिन आमजन न्याय की आस में भटकता रहता है। इन्हीं सब बातों को ध्यान रखते हुए एक लाख न्यायरक्षक जोड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष संगठन पिछले 25 वर्षों से नेता जी सुभाष चन्द्र बोस को आज़ादी आंदोलन में उनके निर्णायक योगदान के अनुरूप न्यायोचित सम्मान दिलाने के लिए संघर्षरत रहा। इसी कड़ी में कर्तव्य पथ पर नेताजी की भव्य प्रतिमा स्थापना के साथ संगठन के कार्यों का एक चरण पूरा हुआ अब दूसरे चरण में हम अपने एक लाख न्यायरक्षकों की मदद से नेताजी के न्याय, समानता, स्वतंत्रता, अनुशासन व प्रेम पर आधारित भारत निर्माण के सपनों को पूरा करने काम करेंगे। अमित पाण्डेय ने कहा कि आज के दिन ही 30 दिसम्बर, 1943 को नेताजी सुभाष जी ने पोर्ट ब्लेयर में भारत की आजादी का झंडा फहराया था इसलिए आज के दिन उनके सपनों को साकार करने की शुरुआत की जा रही है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आई ए. एस. हीरा लाल,भारत दीक्षित मुख्यालय प्रभारी भाजपा लखनऊ, संतोष पाण्डेय पूर्व सपा विधायक लम्भुवा, रोहित पाण्डेय पूर्व सचिव सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन, डॉ ओम प्रकाश अध्यक्ष आज़ाद हिन्द सेनानी न्यास, डॉ राजीव श्रीवास्तव अध्यक्ष विशाल भारत संस्थान, शिव पाण्डेय कोषाध्यक्ष उप्र कांग्रेस कमेटी, अनूप मिश्रा आई एन ए परिवार सहित सैंकड़ों महत्वपूर्ण लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन शरला शर्मा ने किया।

# भागवत कथा के बाद पूर्णाहुत और भंडारे का हुआ आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** श्री शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से सदर मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा की सोमवार को नैमिषारण्य के आचार्य सुधीर कृष्ण शास्त्री द्वारा समापन हुआ। उसके बाद समस्त देवी देवताओं के पूजन उपरान्त हवन यज्ञ सम्पन्न हुआ। कथा व्यास ने कहा ऐसे दिव्य यज्ञ की कृपा गुरु कृपा के बिना संभव नहीं है। अतः सभी जनमानस पर कृपा बनी रहे और इस प्रकार के यज्ञ निरंतर चलते रहें जिससे सनातन संस्कृति का संरक्षण हो और सनातन धर्म का प्रचार हो।

इस अवसर पर संयोजक राजेन्द्र कुमार पाण्डेय गुरु जी, मुकेश, संत कुमार दुबे, सुनैना दुबे, रीना देवी, सुनील, सीमा, मदन मिश्रा, राजू, विवेक पाठक, मुकेश कुमार, पवन कुमार, संदीप अग्रवाल मौजूद रहे।

# ASUSE सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा ASUSE सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर (Regional Training Camp) का आयोजन होटल विजय पैराडाइस, विकास नगर, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डा0सुचिता गुप्ता, उप महानिदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ, की अध्यक्षता में संपन्न किया जा रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में, छोटे पैमाने के विनिर्माण और सेवा प्रदाताओं से लेकर व्यापार प्रतिष्ठानों तक, अनिगमित गैर-कृषि उद्यम अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये उद्यम रोजगार सृजन, उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अनिगमित क्षेत्र के उद्यमों (ASUSE) का वार्षिक सर्वेक्षण इन इकाइयों की परिचालन, वित्तीय और संरचनात्मक विशेषताओं पर व्यवस्थित रूप से जानकारी एकत्र करने के प्राथमिक उद्देश्य से किया जाता है। सर्वेक्षण के परिणाम सरकार और निजी क्षेत्र दोनों में नीति निर्माताओं के लिए आवश्यक इनपुट के रूप में काम करते हैं, जो निर्णय लेने और रणनीतिक योजना बनाने में मार्गदर्शन करते हैं।ASUSE 2023-24 सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार 7.34 करोड़ establishments ASUSE 2023-24 के सर्वेक्षण में अनुमान की गई है, जिसमे 12.84 प्रतिशत की वृद्धि दर ASUSE 2022-23 सर्वेक्षण की तुलना में पायी गयी। ASUSE 2023-24 के सर्वेक्षण के आधार पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 2.02 करोड़, ट्रेड सेक्टर में 2.28 करोड़ एवं अन्य सर्विसेज में 3.04 करोड़ establishments अनुमान की गई है। इस एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर में मोहित शर्मा, व. सां. अधिकारी एवं कुलदीप यादव, व. सां. अधिकारी द्वारा ASUSE सर्वेक्षण-2025 का परिचय एवं विभिन्न अवधारणाओं के बारे में बताया गया।